Springboard ACADEMY

# समसामयिकी

विषय–वस्तु शोध, अनुसंधान एवं संपादकीय कार्य
स्प्रिंगबोर्ड एकेडमी करेंट अफेयर्स टीम

## अगस्त: 2026


**CURRENT AFFAIRS (August-2026)**

**PUBLISHER**

**MAHECHA PUBLICATION**

**PLOT NO. 58, WEST WAY HEIGHTS, BHANKROTA, JAIPUR (RAJASTHAN), 302026**

**E-mail:** thenoteshub@gmail.com , **Website:** www.thenoteshub.com

***The Notes Hub***

**+91 7300134518, +91 7610010054**

MAHECHA PUBLICATION

# विषय-सूची



| विषय-वस्तु | | पृष्ठ-संख्या |
|---|---|---|
| 1. राजस्थान-समसामयिकी | → | 1-31 |
| 2. राष्ट्रीय-समसामयिकी | → | 32-45 |
| 3. अंतरराष्ट्रीय-समसामयिकी | → | 46-51 |
| 4. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी | → | 52-58 |
| 5. खेल-समसामयिकी | → | 59-71 |




Springboard ACADEMY

मूल्य : 30/- रुपये



***नोटः***-*इस पुस्तक के किसी भी अंश का पुनरुत्पादन या किसी प्रणाली के सहारे पुनःप्राप्ति का प्रयास अथवा किसी भी तकनीकी तरीके-इलेक्ट्रॉनिक, मैकेनिकल, फोटोकॉपी, रिकॉर्डिंग या वेब माध्यम-से प्रकाशक की अनुमति के बिना वितरित नहीं किया जा सकता है। प्रकाशक ने अपने प्रयास से इस पुस्तक के तथ्यों तथा विवरणों को उचित स्त्रोतों से प्राप्त किया है। पुस्तक में प्रकाशित किसी भी सूचना की सत्यता के प्रति तथा इससे होने वाली किसी भी क्षति के लिए प्रकाशक, सम्पादक, लेखक अथवा मुद्रक जिम्मेदार नहीं है।*

# 01 राजस्थान–समसामयिकी

## चर्चित–व्यक्तित्व

**मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास (राजस्थान सरकार)**

- **सम्मेलन: 51वाँ यूरोपियन ग्रुप फॉर पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन (EGPA) वार्षिक सम्मेलन**
  - **आयोजन:** सैपिएन्जा यूनिवर्सिटी ऑफ रोम, इटली
  - **अवधि:** 24-27 अगस्त 2026
  - **अध्यक्षता:** वी. श्रीनिवास ने की जो इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडमिनिस्ट्रेटिव साइंसेज (IIAS) के अध्यक्ष है।
  - **थीम:** "Public Governance for the Common Good: Human Intelligence Serving the Global Community"
    **[पब्लिक गवर्नेंस फॉर द कॉमन गुड: ह्यूमन इंटेलिजेंस सर्विंग द ग्लोबल कम्युनिटी]**
  - **वेटिकन सिटी की यात्रा**–वेटिकन सिटी में **पोप लियो XIV** से मुलाकात एवं मानवता की सेवा के वैश्विक प्रयास **'मैग्निफिका ह्यूमैनिटास'** (शानदार मानवता) में IIAS की सहभागिता दिखाई।
  - **रोम में IFAD के अध्यक्ष डॉ. अल्वारो लारियो** के साथ द्विपक्षीय बैठक (29 अगस्त) वी. श्रीनिवास ने इंटरनेशनल फंड फॉर एग्रीकल्चरल डेवलपमेंट (IFAD) मुख्यालय, रोम में की। जिसमें चर्चा के प्रमुख विषय: सूखा प्रबंधन, फसल पद्धति, डेयरी विकास, कमांड एरिया विकास तथा जलागम विकास।
- **Note:-** राजस्थान के 46वें मुख्य सचिव वी.श्रीनिवास का कार्यकाल 31 अगस्त 2026 को समाप्त हो रहा था, लेकिन केन्द्र सरकार द्वारा 6 माह का सेवा विस्तार किया गया।

- **भारत का प्रतिनिधित्व: वी. श्रीनिवास**–
  - लगातार दूसरी बार (वर्ष 2025-26) प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय EGPA सम्मेलन में अध्यक्षीय संबोधन दिया।
  - वर्ष 2025 में यूनिवर्सिटी ऑफ ग्लासगो, स्कॉटलैंड में आयोजित EGPA के 50वें सम्मेलन में "**EGPA@50 Role of EGPA in a Global Context**" विषय पर अध्यक्षीय संबोधन दिया था।
  - जून 2025 में वी. श्रीनिवास IIAS के अध्यक्ष निर्वाचित होने वाले प्रथम भारतीय बने थे।

**डॉ. रवि बापना अमेरिकी यूनिवर्सिटी के 'डीन' नियुक्त**

- **डीन नियुक्त:** जयपुर निवासी एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा एनालिटिक्स व डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के वैश्विक विशेषज्ञ **डॉ. रवि बापना** को अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित **सान्टा क्लारा यूनिवर्सिटी** में **1 सितंबर 2026** से।
- **भूमिका: लीने स्कूल** का अकादमिक संचालन।

**मुंडावर के पूर्व विधायक महेंद्र शास्त्री का निधन**

- **राजनीतिक पृष्ठभूमि:** महेंद्र शास्त्री **वर्ष 1985 में राष्ट्रीय लोकदल (RLD)** के टिकट पर मुंडावर (अलवर) से विधायक चुने गए थे।
- **संसदीय पहचान:** राजस्थान विधानसभा में अपने प्रखर भाषणों के कारण **'सर्वश्रेष्ठ वक्ता'** घोषित हुए थे।

## चर्चित–स्थल

**रामसर (अजमेर): भारत की सबसे बड़ी बकरी सीमन लैब स्थापित**– राष्ट्रीय पशुधन (NLM) के तहत्

- **स्थापना: रामसर स्थित राजकीय पशु प्रजनन फार्म** में।
- **क्षमता:** सालाना **2 लाख सीमन खुराक** तैयार।
- **लक्ष्य: दिसंबर 2026** तक पूर्णत: क्रियाशील करना।
- **वित्तीय प्रावधान: रु. 8.75 करोड़** व्यय किए जाएँगे, जिसमें वित्तीय भागीदारी–
  - **60% केंद्रांश (भारत सरकार)**
  - **40% राज्यांश (राजस्थान सरकार)**
- **MoU: निम्न दो संस्थाओं के मध्य**–
  1) पशुपालन विभाग, राजस्थान सरकार
  2) उ. प्र.पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान, मथुरा- उत्तर प्रदेश

- **Note:** राजस्थान में लगभग **2 करोड़ बकरियाँ** जो देश की कुल बकरी आबादी का **16%** है। बकरियों की संख्या के मामले में राजस्थान देश का **दूसरा सबसे बड़ा राज्य।**

### सांडेराव (पाली): भारत का प्रथम 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस Indigenous Breeds (स्वदेशी नस्ले)' स्थापित–

- **स्थान: सांडेराव गाँव,** सुमेरपुर क्षेत्र, पाली
- **शुभारंभ:** कैबिनेट मंत्री (पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग) जोराराम कुमावत द्वारा 9 अगस्त को।
- **उपलब्धि:** यह **भारत का प्रथम एवं एकमात्र ऐसा 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इंडिजिनस फार्म'** है, जहाँ एक साथ गाय, भैंस, बकरी, भेड़, ऊँट एवं घोड़े की कुल **30 प्रजातियों का सैक्स सोर्टेड सीमन एवं कृत्रिम गर्भाधान से नस्ल सुधार एवं संवर्धन किया जाएगा।**
- **राजस्थान की प्रमुख पशु नस्लें एवं उनका संवर्धन–**

| क्र.सं. | पशु | प्रमुख नस्लें/प्रजातियाँ (कुल 30) |
|---|---|---|
| 1. | गाय | गिर, कॉकरेंच, राठी, थारपारकर, साहिवाल, नागौरी, मालवी, हरियाणा, पुंगनूर (आंध्र प्रदेश की विश्व प्रसिद्ध छोटी नस्ल) |
| 2. | भैंस | मुर्रा, सूरती, जाफराबादी, मेहसाना। |
| 3. | भेड़ | मगरा, मारवाड़ी, नाली, चोकला, पूगल, जैसलमेरी, मालपुरा, सोनाड़ी। |
| 4. | बकरी | बारबरी, सिरोही, जमनापारी, जखराना, सोजत, मारवाड़ी। |
| 5. | ऊंट | जैसलमेरी, बीकानेरी। |
| 6. | घोड़ा | मारवाड़ी। (राजस्थान की एकमात्र घोड़ों की प्रजाति) |

# चर्चित योजनाएँ/अभियान

### राजस्थान में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) का सफल क्रियान्वयन– 05 अगस्त, जयपुर

- **देश में सर्वाधिक नामांकन:** राजस्थान में सबसे अधिक **62 लाख 58 हजार किसान नामांकित।**
- **बीमित क्षेत्र एवं राष्ट्रीय तुलना–**
  - वर्ष 2025-26 में कुल 2.82 लाख हेक्टेयर सकल फसली क्षेत्र में से **1 करोड़ हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र बीमित** किया गया, जो **देश में सर्वाधिक** है।
  - राज्य का **बीमित क्षेत्र 36%** है, जो राष्ट्रीय औसत **(32%)** से अधिक है। यह प्रतिशत देश में झारखंड एवं छत्तीसगढ़ के बाद तीसरा सर्वाधिक है।

### 'पंच गौरव कार्यक्रम' एवं ODOP नीति-2024

- **संशोधन दिनांक:** 10 अगस्त 2026
- **निर्णय:** राज्य सरकार ने 'पंच गौरव' कार्यक्रम को मजबूत करने के लिए 'राजस्थान एक जिला एक उत्पाद (ODOP) नीति-2024' के दायरे का विस्तार किया।
- **नया प्रावधान:** अब ODOP नीति के तहत मिलने वाले लाभ एवं प्रोत्साहन केवल पारंपरिक उत्पादों तक सीमित न रहकर, 'एक जिला एक उपज' एवं **'एक जिला एक वनस्पति'** की प्रसंस्करण इकाइयों को प्रदान किए जाएंगे।
- **संशोधन व अनुदान–**
  - उद्यम विस्तार के लिए **20 लाख रुपये** तक का मार्जिन मनी अनुदान।
  - निजी संस्थानों के माध्यम से तकनीकी उन्नयन के लिए **5 लाख रुपये तक** का अनुदान।
  - आवेदन एवं स्वीकृति प्रक्रिया को पूर्णत: ऑनलाइन।
  - **उदाहरण: जयपुर**
    - ✓ **पारंपरिक:** रत्नाभूषण (जेम्स एंड ज्वैलरी)
    - ✓ **नया:** उपज-आंवला, प्रजाति-**लिसोड़ा**

### राजस्थान पुलिस अवैतनिक प्रशिक्षुता (इंटर्नशिप) योजना

- **दिनांक:** 12 अगस्त 2026
- **उद्देश्य:** देश-विदेश के विश्वविद्यालयों में विधि स्नातक (LLB), स्नातकोत्तर (LLM) एवं पीएचडी स्तर के विद्यार्थियों को राजस्थान पुलिस में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना एवं पुलिस कार्यों में उनका सहयोग लेना।

- **प्रमुख प्रशिक्षण शाखाएँ :** SOG, SCRB, अपराध शाखा, यातायात, साइबर अपराध, विधि शाखा।
- **पात्रता मानदंड**–
  - 12वीं कक्षा में कम से कम **60% अंक** अनिवार्य।
  - 3-वर्षीय LLB या 5-वर्षीय एकीकृत कानून के विद्यार्थियों के पिछले सभी सेमेस्टरों में कुल मिलाकर न्यूनतम **60% अंक।**
  - LLM (प्रथम वर्ष के द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा दे चुके) एवं कानून में पीएचडी कर रहे शोधार्थी।
- **इंटर्नशिप अवधि एवं शर्तें**–
  - न्यूनतम अवधि: **45 दिन**
  - अधिकतम अवधि: **03 महीने**
  - कार्य अनुभव प्रमाण पत्र के लिए पूरी अवधि में न्यूनतम **75% उपस्थिति** अनिवार्य।

### 'पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना'

| मापदंड/विवरण | मुख्य बिंदु एवं प्रावधान– तिथिः 21 अगस्त 2026 |
|---|---|
| योजना का नाम | पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना **(RWBCIS)** |
| लागू अवधि | खरीफ 2026 से रबी 2026–27 (दो फसल मौसमों के लिए) |
| उद्देश्य | प्रतिकूल मौसम एवं अवांछित मौसमी घटनाओं से फसल को होने वाले नुकसान के विरुद्ध किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना। |
| कार्यक्षेत्र | प्रदेश के **सभी 41 जिलों में वाणिज्यिक एवं बागवानी फसलों के लिए** अधिसूचित। |
| क्रियान्वयन एजेंसी | एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड **(AIC)** |
| पात्रता एवं शर्तें | • ऋणी, गैर–ऋणी एवं पात्र बंटाईदार किसान स्वेच्छा से लाभ ले सकते हैं<br>• बीमा करवाने हेतु **एग्रीस्टैक आईडी अनिवार्य** है। |
| किसान प्रीमियम | बीमित राशि का **अधिकतम 5 प्रतिशत,** शेष प्रीमियम का वहन केंद्र व राज्य सरकार द्वारा। |
| अधिसूचित फसलें (खरीफ 2026) | हरी मिर्च, भिंडी, प्याज, टमाटर, अरंडी, अनार, टिंडा, मेहंदी, संतरा एवं किन्नू |
| अधिसूचित फसलें (रबी 2026–27) | आंवला, बैंगन, सौंफ, फूलगोभी, लहसुन, प्याज, मटर, टमाटर, आलू, अमरूद, नींबू, आम, खरबूजा, तरबूज, बेर, पत्तागोभी, मौसंबी एवं पपीता। |

### राजस्थान सिलिकोसिस नीति–2019 एवं राज्य स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक–30 जुलाई

- **बैठक:** शासन सचिवालय–जयपुर
- **अध्यक्षता:** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास द्वारा।
- **नोडल:** निदेशालय विशेष योग्यजन विभाग।
- **नीति–2019 के प्रमुख वित्तीय प्रावधान**–
  - प्रमाणित मरीज को एकमुश्त पुनर्वास: **रु. 3 लाख**
  - मृत्यु होने पर नामित व्यक्ति/आश्रित: **रु. 2 लाख**
  - अंत्येष्टि सहायता: **रु. 10,000**
- **प्रमुख प्रशासनिक निर्णय/निर्देश**–
  - प्रदेश के **25 चिकित्सालयों में** विशेष **'सिलिकोसिस कॉर्नर'** स्थापित।
  - प्रभावितों के कल्याण हेतु **प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग यूनिट** (PMU) की स्थापना।
  - अत्यधिक प्रभावित जिलों के CHCs पर **एक्स–रे स्क्रीनिंग व रोगियों की मैपिंग।**
  - खान एवं श्रम विभाग द्वारा **लंबित क्लेम राशि 1 सप्ताह के भीतर नोडल विभाग** को हस्तांतरित।

### राजस्थान जनजातीय अंचल: सिकल सेल एनीमिया नियंत्रण अभियान

- **दिनांक:** 05 अगस्त 2026
- **राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन–2047:** राज्य सरकार द्वारा 'स्वस्थ जनजातीय समाज–स्वस्थ राजस्थान' के संकल्प के साथ जनजातीय क्षेत्रों में अभियान का संचालन।
- **स्क्रीनिंग लक्ष्य एवं उपलब्धि**–
  - 37.50 लाख के निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले **37.02 लाख लोगों (98.72%)** की स्क्रीनिंग पूर्ण।
  - **शीर्ष जिले (स्क्रीनिंग संख्या)**–
    - उदयपुर (11.12 लाख+)
    - बांसवाड़ा (10.39 लाख+)
    - डूंगरपुर (8.02 लाख+)

- **उदयपुर: '<u>सेंटर ऑफ कॉम्पिटेंस/उत्कृष्टता</u>'**–
    - जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा उदयपुर को **'<u>सेंटर ऑफ कॉम्पिटेंस फॉर सिकल सेल</u>'** का दर्जा।
    - **<u>भारत का प्रथम सिकल सेल वेलनैस हब:</u>** उदयपुर
    - भारत सरकार के ICMR के तहत् प्रथम पूर्णत: समर्पित सिकल सेल मेडिकल CoE: चन्द्रपुर, महाराष्ट्र

# समारोह/कार्यक्रम

## जल संचयन-संकल्प कार्यक्रम–

- **आयोजन:** 09 अगस्त 2026
- **अवसर:** विश्व आदिवासी दिवस (ग्रामीण विकास एवं शोध परिषद्) एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री, राजस्थान विश्वविद्यालय के <u>स्व. प्रोफेसर सांवरलाल जाट</u> की नवम् पुण्य स्मृति के अवसर पर।
- **मुख्य वक्ता:** राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े
- **मुख्य बिंदु**–
    - धरती आबा: बिरसा मुंडा का स्मरण।
    - चौथी शताब्दी की पुस्तक **कृषि पाराशर** एवं महाराणा प्रताप के दरबारी लेखक पंडित चक्रधर मिश्र की **<u>विश्वल्लभ</u> (उद्यान विज्ञान)** का उल्लेख।

## अनुसूचित जाति वर्ग के कलाकारों के लिए नि:शुल्क लेदर गुड्स प्रशिक्षण कार्यक्रम– 13 अगस्त 2026

- **आयोजन:** <u>ग्राम चार्वंडिया, तहसील बस्सी</u> (जयपुर)
- **संचालक:** जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र, जयपुर (ग्रामीण)
- **उद्देश्य:** चर्म उद्योग को बढ़ावा देना, दस्तकारों के उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार करना।
- **प्रशिक्षण एवं वित्तीय सहायता**–
    - **2 माह** का नि:शुल्क लेदर गुड्स प्रशिक्षण कार्यक्रम।
    - स्वरोजगार हेतु **1,000 रुपये की टूलकिट।**
    - **500 रुपये प्रतिमाह स्टाइपेंड (छात्रवृत्ति)** का प्रावधान।

## 12वाँ राष्ट्रीय हथकरघा दिवस– राज्य स्तरीय समारोह: 2026

- **दिनांक:** 07 अगस्त । जवाहर कला केंद्र-जयपुर
- **शुभारंभ: कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़**, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री-राजस्थान सरकार
- **सहभागी संस्थाएँ**–
    - उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, बुनकर सेवा केंद्र
    - RUDA, राजस्थान खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्राफ्ट एंड डिजाइन।
    - राजस्थान बुनकर संघ, राजस्थान राज्य हथकरघा विकास निगम, RAJSICO, NIFT/NIHT-जोधपुर
- **राज्य स्तरीय बुनकर पुरस्कार 2026**

| श्रेणी | विजेता बुनकर | निवास | उत्कृष्ट उत्पाद/शिल्प |
|---|---|---|---|
| प्रथम | कानाराम | डूंगांव (जालोर) | कॉटन एवं सिल्क साड़ी |
| द्वितीय | सोहनराम | टांकला (नागौर) | कलात्मक दरी |
| तृतीय | धापूबाई | असनावर (झालावाड़) | तोता गागरौनी डबल बेडशीट |
| सांत्वना | दिनेश भोयरिया | सालावास (जोधपुर) | पंजा दरी |
| सांत्वना | ककू | इण्डारा (बाड़मेर) | टेबल कवर |

- **राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार:** 2025 - वस्त्र मंत्रालय, GoI द्वारा जारी राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कारों की सभी 22 विजेताओं (3 संत कबीर एवं 19 राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार) जिन्हें माननीया राष्ट्रपति द्वारा **<u>7 अगस्त</u>** को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र (RBCC) में आयोजित एक भव्य समारोह में सम्मानित किया।
- **बाड़मेर के युवा बुनकर बरीगा राम– राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार: 2025**



    - **श्रेणी:** बुनाई (Weaving)
    - **उप-श्रेणी:** युवा बुनकर
    - **पता:** आलिसर बस्ती, सेड़वा
    - **शिल्प/उत्पाद:** पट्टू साड़ी
- **ऐतिहासिक संदर्भ**–
    - **<u>07 अगस्त, 1905 को कलकत्ता</u>** के टाउन हॉल में शुरू हुए **स्वदेशी आंदोलन** की स्मृति में भारत सरकार द्वारा **वर्ष 2015 से प्रतिवर्ष 7 अगस्त** को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाया जा रहा है।

## बीकानेर: राज्य स्तरीय 80वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह

- **आयोजन:** मुख्य समारोह डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में।
- **सम्मानित कार्मिक:** कर्तव्यनिष्ठा एवं उत्कृष्ट सेवाओं के लिए राजस्थान पुलिस एवं कारागार विभाग के कुल **22**
- **पदकों का वर्गीकरण– (कुल : 22)**
    - **पुलिस पदक: 16**

- ♦ **राष्ट्रपति पुलिस पदक: 02**
  - ● **भंवर सिंह** (सेवानिवृत्त RAC, बीकानेर)
  - ● **नरेंद्र सिंह** (सब-इंस्पेक्टर, CID, जयपुर)
- ♦ **राष्ट्रपति सुधारात्मक सेवा पदक (कारागार) : 04**
  - ● **विशिष्ट :** उपाधीक्षक रमाकान्त शर्मा
  - ● **सराहनीय:** उपाधीक्षक योगेश तेजी, कारापाल लोकोज्जवल सिंह, सुगर सिंह गुर्जर

❐ **राजस्थान पुलिस के 16 अधिकारियों व कर्मियों को पुलिस पदक**

- ♦ **घोषणा:** केंद्रीय गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा।
- ♦ **राष्ट्रपति पुलिस पदक (विशिष्ट): कुल= 02**
  - ● **सुरेंद्र सिंह राणावत**
  - ● **महेंद्र कुमार भगत**
  - ● **पुलिस पदक (सराहनीय): कुल=14**

**विमुक्त, घुमन्तू एवं अर्द्धघुमन्तू परिवारों को आवास-फ्लैट्स आवंटन समारोह**- 13 अगस्त 2026

❐ **आयोजन:** संविधान क्लब, जयपुर

❐ **मुख्य अतिथि:** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

❐ **विशेष बिन्दु (प्रमुख आंकड़े)**-

- ♦ जयपुर: जयसिंहपुरा खोर आवासीय योजना के तहत **473 परिवारों को 1 BHK** (बेडरूम-हॉल-किचन)
- ♦ **कोटा में 50 फ्लैट** एवं **जोधपुर में 80 भूखंड** आवंटन के लिए तैयार हैं।
- ♦ शहरी क्षेत्र में अब तक घुमन्तू, अर्द्धघुमन्तू, गाड़िया लुहार एवं कालबेलिया समुदाय के परिवारों को कुल **838 भूखंड एवं 106** फ्लैट आवंटित किए जा चुके है।
- ♦ राजस्थान में विमुक्त, घुमन्तू एवं अर्द्धघुमन्तू समुदायों की कुल **32 जातियाँ अधिसूचित** हैं।
- ♦ **'दादूदयाल घुमन्तू सशक्तीकरण योजना'** संचालित की गई।
- ♦ विशेष शिविरों के माध्यम से अब तक **71 हजार से अधिक घुमन्तू पहचान प्रमाण-पत्र** जारी किए जा चुके है।

**PM SHRI (School for Rising India) विद्यालयों के संस्था प्रधानों का राज्य स्तरीय वेबिनार-II**

| मापदंड | मुख्य बिंदु एवं प्रावधान |
|---|---|
| आयोजन स्थल | राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर (21 अगस्त 2026) |
| अध्यक्षता | श्री वी. श्रीनिवास (मुख्य सचिव, राजस्थान) |
| मुख्य विषय | 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 का प्रतिमानःपीएम श्री विद्यालय' |
| प्रमुख निर्देश एवं फोकस | • विद्यार्थियों के नामांकन में वृद्धि, परीक्षा परिणामों में गुणात्मक सुधार और डिजिटल डैशबोर्ड व स्मार्ट कक्षाओं के माध्यम से तकनीक का प्रभावी समावेश।<br>• प्रत्येक माह 10 संस्था प्रधानों के साथ नियमित संवाद और जिला शिक्षा अधिकारियों द्वारा नियमित फील्ड विजिट।<br>• विद्यालयों को अपने क्षेत्र में 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के रूप में विकसित करना। |
| राष्ट्रीय स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग (राजस्थान की उपलब्धि) | केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की इस रेटिंग में प्रदेश के 11 विद्यालयों ने स्थान प्राप्त किया–(जिसमें 03 पीएम श्री विद्यालय शामिल)–<br>1. PM श्री दरबार रा.उ.मा.वि., सांभर लेक (जयपुर)<br>• 93.70 अंकों के साथ राष्ट्रीय स्तर पर 14वां स्थान।<br>• 122 वर्ष पुराना, भामाशाह सहयोग से विकास।<br>2. PM श्री रा.उ.मा.वि., बाबरा (ब्यावर)<br>• 93.50 अंकों के साथ 23वां स्थान।<br>• ईट–राइट स्कूल व सौर ऊर्जा युक्त हरित परिसर।<br>3. PM श्री रा.प्रा.वि., परलिया की ढाणी (कोटा)<br>• कालबेलिया व घुमंतू समुदाय बाहुल्य क्षेत्र में बच्चों के शत–प्रतिशत ठहराव, बालवाटिका में शत–प्रतिशत नामांकन तथा ई–कॉटेंट आधारित नवाचारों के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर 51वां स्थान अर्जित। |
| प्रमुख नवाचार | पिको सैटेलाइट एवं स्पेस टेक्नोलॉजी वर्कशॉप में राष्ट्रीय सहभागिता।<br>पीएम श्री महात्मा गांधी विद्यालय, टाउन (डूंगरपुर) |

### बीकानेर हाउस: नई दिल्ली में 'तीज उत्सव-2026'

- **अवधि:** 15-24 अगस्त, 2026
- **आकर्षण:** राजीविका-रूडा क्राफ्ट फेयर एवं फूड फेस्टिवल
- **उद्देश्य:** राजस्थान की समृद्ध लोक संस्कृति, परंपराओं, हस्तशिल्प एवं खान-पान को जीवंत रूप देना।
- **उपलब्धि:** **1 करोड़ 30 लाख रुपये से अधिक की रिकॉर्ड बिक्री** दर्ज की गई।
- **राजस्थानी चित्रकला का प्रदर्शन-**
  - **बनी-ठनी** एवं **पिछवाई शैली** की पारंपरिक चित्रकलाओं का प्रदर्शन।
  - 23 अगस्त को प्रसिद्ध लोक कलाकार **कुटले खान** की विशेष संगीत प्रस्तुति।
  - किशनगढ़ के चित्रकार **पुष्पेंद्र साहू** (दूसरी पीढ़ी) और उदयपुर के **ओंकार लाल मेघवाल** ('मां चामुंडा सेल्फ हेल्प ग्रुप' से जुड़े, तीसरी पीढ़ी) पारंपरिक चित्रकला एवं पिछवाई कला का संरक्षण।
  - लाख की चूड़ियाँ शिल्पकार **इफ्तेखार अहमद** पिछले पाँच पीढ़ियों से इस पुश्तैनी कला से जुड़े हुए।

### 'राजीविका राखी मेला-2026'

- **आयोजन:** शासन सचिवालय परिसर, जयपुर
- **आयोजक:** राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद्
- **अवधि:** 18-21 अगस्त 2026
- **उपस्थिति:** राजीविका ब्रांड एम्बेसडर रूमा देवी (बाड़मेर)
- **भागीदारी:** राज्य के 12 जिलों (अजमेर, बाड़मेर, बूँदी, चूरू, जयपुर, झुंझुनूं, जोधपुर, झालावाड़, करौली, पाली, भीलवाड़ा एवं राजसमंद) की SHGs महिलाओं ने भाग लिया है।

## प्रमुख पुरस्कार-प्रकाशन एवं प्रतिष्ठित लेखक

### बालेन्दु शर्मा दाधीच :'राजभाषा गौरव सम्मान'

- मूलत राजस्थान से संबंधित प्रसिद्ध IT विशेषज्ञ।
- **पुरस्कार:** केंद्रीय गृह मंत्रालय का '**राजभाषा गौरव सम्मान**' **(प्रथम पुरस्कार)**
- **प्रदान:** गृह मंत्री अमित शाह (मुंबई में **14 सितंबर को राष्ट्रीय राजभाषा सम्मेलन** के दौरान प्रदान किया जाएगा।)
- **आधार:** बहुचर्चित पुस्तक '**यंत्रबुद्धि : आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस**' के लिए दिया जा रहा है।

### योगाचार्य ढाकाराम: 'योगश्री अवॉर्ड'

- भारत की योग परंपरा के प्रतिष्ठित शिक्षक जिनका मुख्य कार्यक्षेत्र जयपुर है, एवं उन्होने वर्ष 1998 में योगपीस संस्थान की स्थापना की।
- **'योगश्री अवॉर्ड'**
  - **प्रदान:** नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ हॉलिस्टिक हेल्थ एवं SkM योगा एंड योगा सॉन्ग खोए, हनोई।
- **'हो ची मिन्ह पुरस्कार'**
  - वियतनाम **योगा फेडरेशन के अध्यक्ष वू चोंग लोई (Vu Trong Loi)** की पुस्तक के अनावरण समारोह में प्रदान किया गया।
  - चार विशिष्ट व्यक्तियों को यह पुरस्कार दिया गया, जिनमें **योगाचार्य ढाकाराम भी शामिल** थे।

### गजानंद मिश्र: जयपुर

- **उपाधि:** सिनेमा डायरेक्टर्स कला वर्ग के अंतर्गत **दर्शनशास्त्र में मानद डॉक्टरेट उपाधि एवं स्वर्ण पदक।**
- **प्रदानकर्त्ता:** सीडरब्रुक यूनिवर्सिटी, USA
- **अवसर:** नई दिल्ली का **कॉन्स्टिट्यूशन क्लब,** जहाँ दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया था।

### इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज: दित्या जैन

- **निवासी:** जय जवान कॉलोनी, **जयपुर**
- **उपलब्धि:** दित्या ने आंखों पर पट्टी बाँधकर मात्र **2 मिनट 14 सेकंड में 24 जैन तीर्थंकरों के फ्लैश कार्ड्स** को केवल स्पर्श करके पहचाना। उन्होंने सभी तीर्थंकरों के नाम एवं उनके प्रतीकात्मक चिह्नों का सटीक एवं त्रुटिरहित स्मरण प्रस्तुत किया।

### एस.के. बैरवा: 'राजीव गाँधी गौरव अवॉर्ड'

- जयपुर के सामाजिक कार्यकर्ता एवं बैरवा शिक्षा प्रचार एवं सहायतार्थ समिति के अध्यक्ष **एस.के. बैरवा** को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया।
- **प्रदानकर्त्ता संस्था:** अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच।
- **अवसर:** नई दिल्ली के **इंडियन सोसायटी ऑफ इंटरनेशनल लॉ** में आयोजित सद्भावना दिवस महोत्सव।

Springboard ACADEMY

- **विशेष चयन:** देशभर से चयनित 85 विशिष्ट हस्तियों में उनका चयन किया गया।

### आयुष्मा दीक्षित: 'पद्म श्री गौरव सम्मान–2026'

- जयपुर की मशहूर टैरो रीडर एवं ग्लोबल आध्यात्मिक गुरु **आयुष्मा दीक्षित** को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित।
- **प्रदानकर्त्ता संस्था:** 'द जेनिथ इंटरनेशनल इम्पैक्ट अवॉर्ड काउंसिल'।

### रावत पब्लिक स्कूल–जयपुर: 'रिड्स अवॉर्ड–2026'

- **संस्थान:** रावत पब्लिक स्कूल, प्रताप नगर (जयपुर)
- **पुरस्कार: 'रिकॉग्निशन फॉर इंटरनेशनल डायमेंशन इन स्कूल्स'** (RIDS - रिड्स)
- **अवधि:** वर्ष 2026–29 (तीन वर्षों) के लिए।
- **प्रदानकर्त्ता संस्था:** ब्रिटिश काउंसिल।
- **आधार:** वैश्विक दृष्टिकोण, अंतरराष्ट्रीय सहयोग।
- **ग्रहणकर्त्ता:** रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक **नरेंद्र सिंह रावत** एवं **डॉ. अक्षिता रावत** ने यह सम्मान प्राप्त किया।

### 'विकसित राजस्थान@2047' पुस्तक

- **दिनांक:** 05 अगस्त 2026
- **स्थान:** लोकभवन, जयपुर
- **पुस्तक भेंट:** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग (DIPR) के अतिरिक्त निदेशक एवं **लेखक डॉ. गोरधन लाल शर्मा** ने राज्यपाल को **पुस्तक की प्रथम प्रति**।

### रामनिवास मेहता: 'डर, साहस और भी बहुत कुछ'

- **लेखक: रामनिवास मेहता** (RPSC के पूर्व सचिव एवं सेवानिवृत्त IAS अधिकारी)
- **विषय:** प्रशासनिक तंत्र, राजनीति एवं न्याय व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर आधारित अनुभव।

### राष्ट्रीय साहित्यिक संगोष्ठी 'सबद साधना'

- **अवधि:** 8–9 अगस्त 2026
- **आयोजन:** प्रौढ़ शिक्षण संस्थान, झालाना (जयपुर)
- **विषय सत्र:** प्रथम दिन **'पत्रकारिता और साहित्य में अंतर्संबंध'** विषय पर के. श्रीनिवास राव, यशवंत व्यास, अमर नाथ 'अमर' ने अपने विचार रखे।
- **पुस्तकों का विमोचन–**
  1. **'द रेजिस्टेंस'** का हिंदी अनुवाद: **'प्रतिरोध–राजपूत, मराठा और सिखों का संघर्ष'**
  2. **उषा राजश्री राठौड़** का कविता संग्रह: **'सोनचिड़ी'**

### चर्चित पुस्तक: 'द करियर इनसाइक्लोपीडिया– वॉल्यूम–I'

- **लेखक:** डॉ. सन्नी कपूर
- **विमोचन:** डॉ. के.एल. जैन (अध्यक्ष, **राजस्थान चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज**)
- **विषयवस्तु:** कॉमर्स, मैनेजमेंट, विज्ञान, कानून, डिजाइन, कृषि, एविएशन, स्पेस, मीडिया, खेल, संगीत और परफॉर्मिंग आर्ट्स सहित आधुनिक दौर के विभिन्न करियर विकल्पों की विस्तृत जानकारी संकलित।

### कहानी संग्रह: 'मिट्टी की कीमत'

- **लेखक:** डॉ. लीलाधर दोचानियां (पूर्व उप निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, राजस्थान)।
- **विमोचन:** डॉ. गोविंद पारीक (CM के विशेषाधिकारी)
- डॉ. लीलाधर दोचानिया (सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के पूर्व उप–निदेशक) **ने नेता प्रतिपक्ष व मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पुस्तकें भेंट कीं–**
  1. काव्य कृति: **"जिंदगी मुस्कुराती रहे"**
  2. कहानी संग्रह: **"मिट्टी की कीमत"**

### प्रो. विनोद बिहारी शर्मा: 'भट्ट मथुरानाथ शास्त्री साहित्य पीठ' पर मनोनीत

- **मनोनीत:** वरिष्ठ संस्कृत विद्वान प्रो. विनोद बिहारी शर्मा।
- **नियुक्ति कर्ता संस्थान:** जगतगुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय (जयपुर)
- **पीठ का उद्देश्य:** संस्कृत साहित्य के अध्ययन–अध्यापन, शोध, प्रचार–प्रसार, नवीन योजनाओं के क्रियान्वयन और नवाचारों को बढ़ावा दिया जाता है।

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

### भारत के प्रथम REE एक्सप्लोरेशन लाइसेंस का निष्पादन

- **उपलब्धि:** राजस्थान देश का प्रथम राज्य बन गया है जिसने **दुर्लभ खनिज तत्व (REE)** एवं **एसोसिएटेड खनिज के**

Springboard Academy

**भारत के प्रथम एक्सप्लोरेशन लाइसेंस (EL)** संविदा का निष्पादन किया।

- **निष्पादन तिथि: 29 जुलाई 2026** को खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा।
- **भौगोलिक क्षेत्र:** 207.63 वर्ग किलोमीटर
  - नवातला-देवीगढ़ (बालोतरा)
  - शेरगढ़ (जोधपुर)
- **सफल बोलीदाता कंपनी:** मैसर्स सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इंस्टीट्यूट लिमिटेड।
- **REE:** लैंथेनम, सीरियम, प्रजोडायमियम तथा नियोडिमियम।

### RUHS में 'अंगदान जागरूकता' कार्यक्रम-

- **दिनांक:** 3 अगस्त 2026
- **स्थान:** राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, जयपुर
- **मुख्य अतिथि:** राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े
- **आयोजक/पदाधिकारी-**
  - प्रो. प्रमोद येवले (कुलगुरु, RUHS)
  - डॉ. मोहनीश ग्रोवर (प्राचार्य, RUHS)

- भारत में प्रथम सफल <u>**किडनी प्रत्यारोपण**</u> **1 दिसंबर 1971 को तमिलनाडु** में हुआ था।
- **<u>अंगदान जागरूकता</u>: राजस्थान 'राष्ट्रीय उत्कृष्टता' पुरस्कार**
  - **पुरस्कार: 'स्टेट अवॉर्ड फॉर एक्सीलेंस इन ऑर्गन डोनेशन अवेयरनेस'**
  - **<u>उपलब्धि</u>:** अंगदान संकल्प अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए <u>राजस्थान देश में **प्रथम स्थान** पर रहा।</u>
  - **अवसर:** <u>3 अगस्त 2026</u> को नई दिल्ली स्थित डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में **16वें इंडियन ऑर्गन डोनेशन डे** समारोह के दौरान प्रदान किया गया।
  - **आयोजक:** भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के **<u>NOTTO</u> (नेशनल ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन)** द्वारा।
  - **प्रदाता:** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल।
  - **प्राप्तकर्त्ता:** चिकित्सा शिक्षा विभाग की निदेशक डॉ. रश्मि गुप्ता, सोटो (SOTO) राजस्थान की संयुक्त निदेशक डॉ. चित्रा सिंह, IEC कंसल्टेंट डॉ. धर्मेश एवं अतिरिक्त निदेशक डॉ. ममता।

- **SOTO: <u>State Organ and Tissue Transplant Organization</u>** (राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन) यह राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित NOTTO (<u>National Organ and Tissue Transplant Organization</u>) के तहत राज्य स्तर पर अंगदान एवं प्रत्यारोपण गतिविधियों के समन्वय, नियमन और जन-जागरूकता के लिए नोडल संस्था के रूप में कार्य करता है।

### विश्व स्तनपान सप्ताह (1-7 अगस्त) 2026: राज्य स्तरीय समीक्षा एवं संकल्प- 7 अगस्त 2026

- **आयोजन:** शासन सचिवालय, जयपुर
- **आयोजन:** चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग (राजस्थान सरकार) द्वारा UNICEF तथा प्रदेश की प्रमुख चिकित्सा संस्थाओं के साथ मिलकर।
- **वर्ष 2026 थीम:** जीवन की सशक्त और स्वस्थ शुरुआत के लिए स्तनपान: कारगर उपायों को सुदृढ़ बनाना (<u>Breastfeeding for a Strong and Healthy Start to Life: Strengthening Effective Measures</u>)
- **सफल स्तनपान के 3 प्रमुख सूत्र-**
  1. जन्म के प्रथम 1 घंटे के भीतर स्तनपान प्रारंभ करना।
  2. प्रथम 6 माह तक केवल माँ का दूध।
  3. 6 माह पश्चात उपयुक्त पूरक आहार के साथ 2 वर्ष या उससे अधिक समय तक स्तनपान जारी रखना।

### अलवर: 'विक्रम साराभाई स्पेस प्रदर्शनी'

- **अवधि:** 10-12 अगस्त 2026
- **आयोजन:** MITRC कॉलेज, अलवर
- **शुभारंभ:** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा
- **प्रदर्शनी:** ISRO की उपलब्धियों, वर्तमान अभियानों और भविष्य की योजनाओं पर आधारित विभिन्न मॉडलों व पैनलों का प्रदर्शन किया गया।(चंद्रयान-3,मंगलयान,रिमोट सेंसिंग सैटेलाइट,आदित्य एल-1, लूपेक्स नीसार,गगनयान)
- **उपस्थित:** इसरो के सेवानिवृत्त वैज्ञानिक सावन एन लखिआ।

### मिशन मधुहारी: टाइप-1 डायबिटीज प्रबंधन हेतु राजस्थान का नवाचार-

- **दीर्घकालिक लक्ष्य: <u>वर्ष 2030 तक</u>** टाइप-1 डायबिटीज के कारण किसी भी बच्चे की मृत्यु न होने देना।

❑ **पायलट प्रोजेक्ट:** जून 2024 में **'विलियम जे. क्लिंटन फाउंडेशन'** के सहयोग से जयपुर, जोधपुर, उदयपुर एवं नागौर में शुभारंभ।

❑ **प्रशासनिक एवं भौतिक विस्तार–**

- 41 जिलों में 120 विशेष टाइप-1 डायबिटीज क्लीनिक संचालित (80 अतिरिक्त प्रस्तावित)
- नि:शुल्क सामग्री: इंसुलिन, ग्लूकोमीटर, टेस्ट स्ट्रिप्स, लैंसेट, लॉगबुक तथा लगभग 4,000 मरीजों हेतु Continuous Glucose Monitoring (CGM) प्रणाली।

❑ **एआई (AI) आधारित नवाचार (देश में प्रथम)–**

- **MadhuRoop AI Digital Twin:** मरीज के स्वास्थ्य आँकड़ों से हाइपो/हाइपर ग्लाइसीमिया का पूर्वानुमान लगाने वाली एआई प्रणाली।
- **मधु नेत्र AI:** डायबिटिक रेटिनोपैथी (आँखों की समस्या) की 90%+ सटीकता से प्रारंभिक पहचान करने वाली एआई तकनीक (7 जिलों में लागू; मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार 2026 से सम्मानित)।

❑ **जीवन प्रबंधन एवं सहायक घटक–**

- **मधुहारी बैंक:** इंसुलिन की निरंतर आपूर्ति।
- **मधुहारी कैंपस:** 205 सरकारी स्कूलों व 41 कॉलेजों को डायबिटीज-अनुकूल बनाना।
- **मधुवाणी:** 104 हेल्पलाइन पर **24×7** परामर्श।
- **मधुस्माइल वेलबीइंग इंडेक्स:** मरीजों के भावनात्मक, सामाजिक व शैक्षणिक पहलुओं के वैज्ञानिक मूल्यांकन हेतु **देश का प्रथम इंडेक्स (औसत स्कोर: 78.9%)** जबकि अधिकांश प्रतिभागियों ने **'गुड'** अथवा **'हाई'** श्रेणी में स्थान प्राप्त किया।
- **क्लीनिकों का त्रि-स्तरीय वर्गीकरण:** प्लैटिनम, गोल्ड एवं सिल्वर श्रेणी।

## 16वाँ राष्ट्रीय अंगदान दिवस एवं राजस्थान

❑ **दिनांक:** 03 अगस्त 2026

❑ **उपलक्ष्य:** अंगदान जागरूकता अभियान।

❑ **आयोजन:** SMS मेडिकल कॉलेज सभागार, जयपुर

❑ **राष्ट्रीय डिजिटल अंगदान संकल्प प्रतिज्ञा–**

- देशभर में कुल 5 लाख से अधिक आधार-सत्यापित अंगदान संकल्पों में से **1.41 लाख से अधिक संकल्प केवल राजस्थान से** है।
- 3 अगस्त 2026 को नई दिल्ली में राष्ट्रीय डिजिटल अंगदान संकल्प अभियानों में सर्वाधिक योगदान हेतु **राजस्थान को प्रथम स्थान पर सम्मानित** किया गया।
- **जुग-जुग जियो अभियान:** 16वें भारतीय अंगदान दिवस (3 अगस्त 2026) के अवसर पर केंद्र सरकार द्वारा वर्षभर चलने वाले अभियान का शुभारंभ।
- **राज्य स्तरीय अंगदान दिवस 2026: पुरस्कार**

| श्रेणी/पुरस्कार नाम | सम्मानित संस्था या व्यक्ति |
|---|---|
| अंगदान संकल्प – **प्रथम** | जसमीत सिंह (कलेक्टर, भीलवाड़ा) |
| अंगदान संकल्प – **द्वितीय** | अरुण गर्ग (कलेक्टर, झुंझुनूं) |
| अंगदान संकल्प – **तृतीय** | जयपुर |
| सर्वश्रेष्ठ बीएसडी कमेटी | SMS हॉस्पिटल, जयपुर |
| सर्वश्रेष्ठ कैडेवरी ट्रांसप्लांट | AIIMS, जोधपुर |
| सर्वश्रेष्ठ NTORC | JLN मेडिकल कॉलेज, अजमेर |
| प्रशंसा पत्र | डॉ. मनीषा मलिक |
| सर्वश्रेष्ठ ट्रांसप्लांट कॉर्डिनेटर | रामरतन खंगवाल |
| सर्वश्रेष्ठ NGO | **MFJCF:** मोहन फाउंडेशन जयपुर सिटिजन फोरम |
| सर्वश्रेष्ठ उभरता NGO | द अर्थ (जिम मंतजी) |
| पोस्टर प्रतियोगिता (प्रथम) | काजल शर्मा |
| स्लोगन प्रतियोगिता (प्रथम) | तन्मय |

❑ **अंगदान के आँकड़े एवं ढाँचागत व्यवस्था (राजस्थान)**

- वर्तमान में राज्य में **17 अंग प्रत्यारोपण केंद्र तथा 4 नॉन-ट्रांसप्लांट ऑर्गन रिट्रीवल सेंटर्स (NTORC)** संचालित है।
- प्रत्येक मेडिकल कॉलेज में पृथक अंगदान यूनिट गठित की गई है तथा 181 हेल्पलाइन, NOTTO व विभागीय पोर्टल से ऑनलाइन शपथ की व्यवस्था उपलब्ध।
- कुल अंग प्रत्यारोपणों की संख्या के मामले में भारत, अमेरिका और चीन के बाद **विश्व में तीसरे स्थान** पर है।

## राजस्थान स्टेट इनोवेशन हब की स्थापना

- **स्थापना:** प्रताप नगर स्थित **कोचिंग हब इंस्टीट्यूशनल कॉम्प्लेक्स में 'राजस्थान स्टेट इनोवेशन हब'** स्थापित किए जाने का प्रस्ताव (मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा 11 मई 2026 को घोषणा)।
- **प्रमुख क्षेत्र**- कृषि अभियांत्रिकी, टेक्सटाइल, हैंड प्रिंटिंग, एवं मेम्ब्रेन टेक्नोलॉजी।
- **अध्ययन:** IIT,मद्रास रिसर्च पार्क का अध्ययन।
- **परामर्श:** बिट्स पिलानी, MNIT एवं भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc) संस्थानों के विशेषज्ञ।

## टीबी मुक्त राजस्थान: स्क्रीनिंग, जांच एवं उपचार

- **तिथि:** 20 अगस्त 2026
- **बैठक:** शासन सचिवालय, जयपुर
- **अध्यक्षता:** मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास
- **टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों में वृद्धि:** प्रमुख शासन सचिव (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) श्रीमती गायत्री राठौड़ ने बताया कि प्रदेश में टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों की संख्या लगातार बढ़ रही है।
  - वर्ष 2022: 29 ग्राम पंचायतें
  - वर्ष 2023: 586 ग्राम पंचायतें
  - वर्ष 2024: 3,350 ग्राम पंचायतें
  - **वर्ष 2025: 6,547 ग्राम पंचायतें**
  - अभियान के तहत अब तक प्रदेश में 2.38 लाख + लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है।
  - टीबी रोगियों को 2.4 हजार + पोषण किट वितरित की गई है।
  - वर्ष 2026 में एक्स-रे उपयोग का लक्ष्य 83% तक पहुंच गया है. प्रदेश में टीबी जांच के लिए 643 NAAT लैब, 132 हैंड-हेल्ड एक्स-रे यूनिट और 652 फिक्स्ड एक्स-रे मशीनें उपलब्ध है।

## अलवर एवं भरतपुर में पायलट आधार पर 'समग्र शिशु बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम'-30 अगस्त 2026

- **अधिकारी:** श्रीमती गायत्री राठौड़ (प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग)
- **उद्देश्य:** जन्म से तीन साल तक के बच्चों की सेहत, पोषण एवं विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।
- **लक्ष्य:** पाँच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर को कम करने में मदद करना है।
- **'शैशव ऐप':** बच्चों की जांच एवं स्थिति की निगरानी के लिए आशा कार्यकर्ताओं को सुविधा दी जाएगी।
- **राष्ट्रीय कार्यशाला:** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा महाराष्ट्र में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में राजस्थान की ओर से बाल स्वास्थ्य के परियोजना निदेशक डॉ. प्रदीप चौधरी ने पायलट इम्प्लीमेंटेशन प्लान का प्रस्तुतीकरण दिया।

## IIT जोधपुर एवं झारखंड मिलकर तलाशेंगे सेमीकंडक्टर क्षेत्र में नई प्रतिभाएं: 'TWISH-Jharkhand' कार्यक्रम-

- **मुख्य उद्देश्य:** 'Silicon Minds Framework' के अंतर्गत प्रस्तावित **TWISH-Jharkhand (Tribal Women in Semiconductor and Hardware)** कार्यक्रम के माध्यम से आदिवासी एवं ग्रामीण युवाओं एवं STEM क्षेत्र की महिलाओं को सेमीकंडक्टर शिक्षा और रोजगार से जोड़ना।
- **संबंधित संस्थान**-
  1. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) जोधपुर
  2. ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल सेल्फ गवर्नमेंट
  3. झारखंड सरकार
- **प्रशिक्षण क्षेत्र:** VLSI Design and Simulation, Embedded Systems, PCB एवं IoT, Semiconductor Fundamentals, Cleanroom Exposure एवं Fabrication।
- **अत्याधुनिक प्रयोगशालाएँ:** झारखंड के प्रतिनिधिमंडल को IIT जोधपुर की **AIoT Fab Lab** एवं **Central Research Facility (CRF)** का प्रदर्शन कराया गया।

## RGHS में अत्याधुनिक 'CAR-टी सेल थेरेपी' को मिली मंजूरी-20 अगस्त 2026

- **घोषणा:** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा
- **पात्रता:** सरकारी कार्मिक, उनके आश्रित परिवारजन, पेंशनर्स (राजस्थान राज्य पेंशनर्स मेडिकल कन्सेशन स्कीम, 2021 के तहत) तथा RCL (MA) नियम, 2013 के लाभार्थी।

**1) अत्याधुनिक कैंसर उपचार पैकेज**-

- राज्य सरकार ने गंभीर रक्त कैंसर (जैसे-ल्यूकेमिया,

लिम्फोमा और मल्टीपल मायलोमा) से जूझ रहे रोगियों के लिए CAR-T Cell Therapy को RGHS के अनुमत पैकेज में शामिल किया है।

- यह एक अत्याधुनिक इम्यूनोथेरेपी है, जिसमें मरीज के शरीर से टी-लिम्फोसाइट्स निकालकर प्रयोगशाला में संशोधित किए जाते हैं, ताकि वे कैंसर कोशिकाओं पर प्रभावी आक्रमण कर सकें।

**2) वित्तीय पैकेज एवं सीमा–**

- इस थेरेपी के लिए अधिकतम 30 लाख रुपये तक का पैकेज स्वीकृत किया गया है।
- इसमें सेल निर्माण की लागत के लिए 26 लाख रुपये तथा सपोर्टिव केयर एवं संभावित जटिलताओं के प्रबंधन (जैसे-टोसिलीजुमेब, IVIG और 30 दिन की दवाइयां) के लिए 4 लाख रुपये तक की सीमा तय की गई है।
- अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्य नाइस (NICE), यूके के मानकों को प्राथमिकता दी जाएगी।

## जयपुर- 'ग्लोबल टेक डायलॉग 2026'

- **आयोजक:** मॉडर्न डिजिटल इनोवेशन फाउंडेशन (MDIF)
- **अध्यक्षता:** MDIF संस्थापक **डॉ. नवीन कुमार शर्मा**
- चर्चा का मुख्य केंद्र एआई तकनीक को नैतिक बनाना, वंचित वर्गों को इससे जोड़ना और साइबर धोखाधड़ी से सुरक्षा सुनिश्चित करना रहा।
- **शामिल हुए वैश्विक राजनयिक:**
  1. **मरात मेलिक्यान** (काउंसलर, **आर्मेनिया**)
  2. **अब्दिरसाक सैद नूर** (वाणिज्य अताशे, **सोमालिया**)
  3. **नेबिहा** (राजनयिक, **इथियोपिया**)

## जयपुर के युवाओं का सुरक्षा स्टार्टअप: 'रक्षाप्लस'

- जयपुर के दो टेक उद्यमियों ने संकट या आपातकाल के समय तुरंत मदद पहुंचाने के उद्देश्य से **'रक्षाप्लस'** नामक (AI) सिस्टम तैयार किया है।
- **विकास: डॉ. संजय खंडेलवाल, दुष्यंत यादव** (जयपुर)
- **स्टार्टअप कंपनी:** 'जुर्काल सॉल्यूशंस' नामक स्टार्टअप के तहत विकसित किया।
- **कार्यप्रणाली:** इस सिस्टम में दिए गए **एक बटन को दबाते ही** घटनास्थल की सटीक **GPS लोकेशन, फोटो, वीडियो एवं आवाज** सीधे पुलिस, फायर ब्रिगेड या अधिकृत कंट्रोल रूम तक पहुंच जाती है।
- **उपयोगिता:** आग, सड़क हादसे, भूकंप या मेडिकल इमरजेंसी के समय सूचना भेजने और मदद मिलने के बीच लगने वाले समय (**Response Time**) को कम करना है।

## हिंगोनिया गौशाला: नेत्र चिकित्सा स्पेशियलिटी सेंटर

| नवाचार | विवरण |
|---|---|
| नेत्र चिकित्सा स्पेशियलिटी सेंटर हिंगोनिया, जयपुर | • यह प्रदेश का दूसरा केंद्र: हिंगोनिया गौशाला पुनर्वास केंद्र, जयपुर<br>• राज्य का प्रथम नेत्र चिकित्सा स्पेशियलिटी सेंटर **RAJUVAS** (राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान महाविद्यालय) बीकानेर में बनाया जा रहा है। |
| मोबाइल पशु रोग निदान प्रयोगशाला वाहन | • लोकार्पण: दूरदराज के पशुओं के त्वरित उपचार हेतु मोबाइल पशु रोग निदान प्रयोगशाला वाहन। CSR के तहत भारतीय स्टेट बैंक **(SBI)** द्वारा यह वाहन उपलब्ध कराया गया है। |

## IIT जोधपुर ने मनाया 19वाँ स्थापना दिवस

- **तिथि:** 2 अगस्त 2026
- **मुख्य अतिथि:** जनरल एन.एस. राजा सुब्रमणि (CDS)
- **अध्यक्षता:** ए.एस. किरण कुमार (अध्यक्ष, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स, IIT जोधपुर)
- **मेजबानी:** प्रो. अविनाश कुमार (निदेशक, IIT जोधपुर)
- **लोकार्पण:** **"IITJ at a Glance"** तथा **"TechScape"**

1. **'NIT आइलैंड' की स्थापना:** 19 राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (NITs) के प्रतिनिधियों ने परिसर में पौधारोपण कर 'NITs आइलैंड' की स्थापना की, जो पर्यावरण संरक्षण और शैक्षणिक सहयोग का प्रतीक है।
2. **इंजीनियरिंग वूवन टेक्नोलॉजी एक्सीलेंस कॉरिडोर (NEWTEC) पहल:** 16 राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (NITs) ने 25 एम.टेक. कार्यक्रमों में शैक्षणिक सहयोग हेतु आईआईटी जोधपुर के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए।

**3. जोधपुर हाइड्रोजन वैली इनोवेशन फाउंडेशन (JHVIF):** <u>राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन</u> के तहत स्थापित इस धारा-8 कंपनी की आधिकारिक पहचान का अनावरण किया गया, जो जोधपुर की सौर ऊर्जा क्षमता का उपयोग कर स्वच्छ हाइड्रोजन तकनीकों को बढ़ावा देगी।

**4. प्रमुख पुरस्कार एवं सम्मान–**

| पुरस्कार नाम | सम्मानित व्यक्ति |
|---|---|
| **IIT जोधपुर (IANB)** | 1.प्रो. रजत मूना (डिजिटल सुशासन) |
| **IIT जोधपुर (IANB)** | 2.विकास कुमार, IPS (उत्कृष्ट पुलिसिंग–मादक पदार्थ विरोधी अभियान) |
| रिकग्निशन ऑफ एक्सीलेंस इन यंग एलुमनाई & (REYA) 2026 (युवा पूर्व छात्र) | 1. डॉ. अरुण कुमार उपाध्याय (अल्जाइमर रोग एवं न्यूरोडीजेनेरेशन)<br>2. डॉ. आकांक्षा सारण (कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं मशीन लर्निंग)<br>3. डॉ. उत्कर्ष त्रिवेदी (AI–आधारित वाणिज्यिक समाधान)<br>4. श्री रजत (लोक प्रशासन एवं सुशासन)<br>5. डॉ. कनिका सिंगरोहा (AI–समर्थित बायोप्रिंटिंग समाधान) |
| डॉ. वंदना शर्मा स्मृति शिक्षण नवाचार पुरस्कार–2026 | स्कूल ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड डेटा साइंस के **डॉ. विग्नेश मुरलीधरन** को अनुभवात्मक एवं परियोजना–आधारित शिक्षण। |

## IIT जोधपुर की सॉफ्टवेयर नवाचार लैब: स्वास्थ्य, शिक्षा एवं बुनियादी ढाँचे के लिए स्मार्ट तकनीक–

- **नेतृत्व: डॉ. सुमित कालरा**
- **उद्देश्य:** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सॉफ्टवेयर आर्किटेक्चर, एज कंप्यूटिंग एवं इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT) को जोड़कर व्यावहारिक एवं सुलभ तकनीकी समाधान विकसित करना।
- **तीन प्रमुख शोध क्षेत्र–**

  **1) स्मार्ट हेल्थकेयर:** ग्रामीण एवं दूरदराज के क्षेत्रों के लिए पोर्टेबल डायग्नोस्टिक प्लेटफॉर्म विकसित करना।

  **2) सॉफ्टवेयर आर्किटेक्चर एवं इंटेलिजेंट सिस्टम:** कम इंटरनेट कनेक्टिविटी वाले क्षेत्रों एवं सीमित कंप्यूटिंग क्षमता वाले उपकरणों के लिए भरोसेमंद AI सिस्टम। इसके तहत विकसित **"<u>Teacher-in-the-Loop AI</u>" प्रणाली को भारत, घाना, जिम्बाब्वे, केन्या और नाइजीरिया सहित पाँच राष्ट्रमंडल देशों में लागू किया जा चुका है।**

  **3) <u>आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ऑफ थिंग्स (AIoT)</u>:** आवाज के आधार पर प्रकृति की पहचान, पहनने योग्य सेंसर से चलने के तरीके का विश्लेषण, तथा **स्ट्रक्चरल हेल्थ मॉनिटरिंग (SHM)** के तहत पुलों एवं महत्त्वपूर्ण संरचनाओं की सुरक्षा पर नजर रखना।

## IIT जोधपुर: वेल्डिंग विज्ञान तकनीक–

- **शोध नेतृत्त्व: प्रोफेसर राहुल छिब्बर**
- **उद्देश्य:** परमाणु रिएक्टरों, ताप विद्युत संयंत्रों, ऊर्जा पाइपलाइनों एवं पुलों जैसी महत्त्वपूर्ण औद्योगिक संरचनाओं को अधिक सुरक्षित, मजबूत एवं टिकाऊ बनाना।
- **राष्ट्र की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने वाला विज्ञान–** उन्नत सामग्री विज्ञान, कम्प्यूटेशनल मॉडलिंग, सतत विनिर्माण तथा प्रयोगात्मक धातुकर्म के समन्वय के माध्यम से IIT, **जोधपुर का वेल्डिंग एंड जॉइनिंग रिसर्च ग्रुप** न केवल मूलभूत वैज्ञानिक प्रश्नों का समाधान कर रहा है, बल्कि भारत की आर्थिक प्रगति एवं तकनीकी आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक व्यावहारिक इंजीनियरिंग समाधान भी विकसित कर रहा है।

**1. अगली पीढ़ी की वेल्डिंग सामग्रियों का विकास–**

- शोध समूह द्वारा शील्डेड मेटल आर्क वेल्डिंग (SMAW) और सबमर्ज्ड आर्क वेल्डिंग (SAW) प्रक्रियाओं के लिए उन्नत वेल्डिंग फ्लक्स तथा इलेक्ट्रोड कोटिंग्स विकसित की जा रही हैं।
- पर्यावरण-अनुकूल प्राकृतिक खनिजों जैसे- **रेड ओखर** का उपयोग कर टिकाऊ वेल्डिंग इलेक्ट्रोड तैयार किए जा रहे हैं।

**2. असमान धातुओं की वेल्डिंग–**

- डुप्लेक्स स्टेनलेस स्टील, इनकोनेल (Inconel) जैसे निकेल-आधारित सुपरएलॉय, तथा उच्च-प्रदर्शन पाइपलाइन स्टील की वेल्डिंग से जुड़ी जटिल चुनौतियों का समाधान किया जा रहा है।

**3. उच्च प्रदर्शन वाले समग्र पदार्थ–**

- समुद्री एवं अपतटीय वातावरण के लिए **फाइबर–प्रबलित पॉलिमर नैनो–कॉम्पोजिट्स** पर शोध किया जा रहा है ताकि नमी और तापमान के प्रभाव से निपटने वाले हल्के और मजबूत पदार्थ विकसित हो सकें।

## राजस्थान के संदर्भ में महत्त्वपूर्ण (MoUs)

**FRT सेवा प्रदाता कंपनी तथा भारतीय स्टेट बैंक (SBI) के मध्य**– 13 अगस्त 2026

- **उपस्थिति:** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, ऊर्जा सचिव आरती डोगरा (ऊर्जा सचिव-राजस्थान सरकार)
- **संबंधित विभाग:** ऊर्जा विभाग, राजस्थान सरकार

| बिंदु | विवरण |
|---|---|
| लक्ष्य | विद्युत वितरण निगमों को सेवाएं दे रहे **5 हजार FRT (फॉल्ट रिपेयर टीम) कार्मिकों** को विद्युत दुर्घटना की स्थिति में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना। |
| बीमा कवर राशि | विद्युत दुर्घटना में असामयिक मृत्यु पर अधिकतम **30 लाख रुपये** का दुर्घटना बीमा कवर। |
| निशक्तता प्रावधान | शारीरिक निशक्तता की स्थिति में **15 लाख रुपये** तक का दुर्घटना बीमा क्लेम। |
| अक्षय ऊर्जा टूल | राज्य के आधिकारिक **'डिस्ट्रिब्यूटेड रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग टूल'** की लॉन्चिंग, जिससे 150 यूनिट प्रतिमाह निशुल्क बिजली योजना, पीएम कुसुम, पीएम सूर्यघर और रूफटॉप सोलर योजनाओं की मॉनिटरिंग होगी। |
| पूर्व में लाभ | पूर्व में डिस्कॉम्स के नियमित 91 विद्युत कार्मिकों के आश्रितों/कार्मिकों को एसबीआई बीमा योजना के तहत **15 करोड़ 30 लाख रुपये** की आर्थिक सुरक्षा प्रदान की जा चुकी है। |

**जानियाना (बालोतरा) में गवर्नमेंट पॉलीटेक्निक कॉलेज की स्थापना– राजस्थान सरकार + HPCL के मध्य**

- **वित्तीय सहयोग:** **HPCL द्वारा CSR फंड से** कॉलेज के भवन निर्माण, आवश्यक उपकरण, फर्नीचर व अन्य संसाधनों की व्यवस्था के लिए **22 करोड़ रुपये** प्रदान किए जाएंगे।
- **संचालित पाठ्यक्रम:** रिफाइनरी की आवश्यकता के अनुरूप प्रथम वर्ष इंजीनियरिंग की **पेट्रोलियम, मैकेनिकल, सिविल ब्रांच एवं कंप्यूटर साइंस** स्ट्रीम के कोर्स शुरू किए जाएंगे।

## पर्यावरण एवं भौगोलिक घटनाक्रम

**राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन व राजस्थान की उपलब्धियाँ–**

- **राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान की रैंकिंग–**
  - **क्लस्टर गठन (2,380 क्लस्टर)**
    - आंध्र प्रदेश के बाद देश में **द्वितीय स्थान।**
  - **कृषक पंजीकरण (2,12,346 किसान)**
    - आंध्र प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के बाद देश में **तृतीय स्थान।**
- **प्रमुख राज्य स्तरीय योजनाएँ व प्रावधान–**
  - **गोवर्धन जैविक उर्वरक योजना:** 50,000 किसानों को जैविक खाद उत्पादन हेतु **रु. 10,000 की आर्थिक सहायता।**
  - **बैलों से खेती प्रोत्साहन:** पारंपरिक खेती हेतु बैलों का उपयोग करने वाले किसानों को **रु. 30,000 की प्रोत्साहन राशि।**
  - **ऑर्गेनिक फूड मार्केट:** जोधपुर, कोटा, उदयपुर
  - **सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर नैचुरल फार्मिंग:** कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर (जयपुर) में स्थापना का प्रावधान।
  - गौ संरक्षण व संवर्धन हेतु **रु. 2,856 करोड़** का अनुदान स्वीकृत।
- **प्राकृतिक कृषि–**
  - **राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन 25 नवंबर 2024** को प्रारम्भ किया गया, जिसका उद्देश्य रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करना, मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार करना तथा किसानों की आय बढ़ाना है। इसके तहत **देशभर में 527 कृषि विज्ञान केंद्र, 76 कृषि विश्वविद्यालय, 194 स्थानीय प्राकृतिक खेती संस्थान**

तथा 18 उत्कृष्टता केंद्र मिशन अंतर्गत किसानों को प्रशिक्षण प्रदान कर रहे है। प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए <u>केंद्र सरकार द्वारा किसानों को प्रति एकड़ प्रति वर्ष 4 हजार रुपये की प्रोत्साहन सहायता राशि दो वर्षों तक उपलब्ध करवाई जा रही है</u>।

- **नीति आयोग की मूल्यांकन रिपोर्ट** के अनुसार प्राकृतिक खेती अपनाने वाले लगभग **91%** किसानों के उत्पादन में वृद्धि हुई तथा लगभग **90%** किसानों की उत्पादन लागत में कमी आई।

### भारत का प्रथम राष्ट्रीय गो-आधारित प्राकृतिक कृषि एवं गोबर अर्थव्यवस्था सम्मेलन: 2026

- **नवाचार:** <u>**'गोबर इकोनॉमी का रोडमैप'**</u>
- **आयोजन:** वैदिक पादप औषधीय केंद्र, सांगानेर **(जयपुर)**
- **पारित दस्तावेज: 'जयपुर घोषणा-पत्र-2026'**
- **मुख्य विजन (मिशन-2030):** अखिल भारतीय जैविक किसान उत्पादक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अतुल गुप्ता ने **'मिशन-2030'** का ऐलान किया। इसके तहत प्रदेश की <u>**करीब 4 हजार गोशालाओं**</u> को सीधे गोबर-गोमूत्र आधारित जैविक खाद, प्राकृतिक कृषि एवं वैल्यू ऐडेड उत्पादों से जोड़कर कुटीर उद्योगों का रूप दिया जाएगा।
- **घोषणा-पत्र के 4 प्रमुख संकल्प-**
  1. **ग्लोबल ब्रांडिंग।**
  2. **लागत में भारी कटौती।**
  3. **स्वावलंबन मॉडल।**
  4. **गोशाला सम्मान:** प्राकृतिक कृषि में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 11 गोशालाओं को 11-11 हजार रुपये सम्मान राशि व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### एल नीनो-2026 प्रभाव एवं चारा सुरक्षा हेतु राज्य स्तरीय टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक

- **आयोजन: 28 जुलाई 2026**
- **विषय: एल नीनो-2026** के संभावित प्रतिकूल प्रभावों एवं प्रदेश में **पर्याप्त चारा उपलब्धता।**
- **अध्यक्षता:** मुख्य सचिव **वी. श्रीनिवास।**
- **गठित निकाय:** राज्य स्तरीय चारा सुरक्षा टास्क फोर्स।

### स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय- बीकानेर

- **आयोजन:** बीकानेर स्थित स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय का <u>**40वाँ स्थापना दिवस समारोह**</u> एवं **डॉ. के. एन. नाग स्मृति व्याख्यानमाला** का आयोजन 1 अगस्त 2026 को किया गया।
- **मुख्य अतिथि:** राज्यपाल एवं केंद्रीय विधि तथा न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल।
- **कृषि पर आधारित एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस-**
  - भारत सरकार के 'इंडिया एआई मिशन' द्वारा इंडस्ट्री के तहत विश्वविद्यालय को स्वीकृति।
  - स्वीकृत वित्तीय राशि: रु. 20 करोड़।
- **ड्रोन प्रशिक्षण केंद्र:** DGCA, नई दिल्ली द्वारा अधिकृत तथा 'स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय रिमोट पायलट ट्रेनिंग ऑर्गेनाइजेशन' द्वारा संचालित केंद्र का लोकार्पण।
- **मानद उपाधि:** राज्यपाल द्वारा केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल को विश्वविद्यालय की सर्वोच्च शैक्षणिक उपाधि **'डॉक्टर ऑफ साइंस' (D.Sc.)** प्रदान की गई।
- **विमोचित पुस्तकें-**
  1. 'परिवर्तन, प्रगति और प्रतिबद्धता'
  2. 'एन इंट्रोडक्शन टू एग्रीकल्चरल प्रोडक्शन, फंक्शंस एंड लीनियर प्रोग्राम'

### राज्य स्तरीय वन महोत्सव एवं चंदन वन परियोजना

- **शुभारंभ:** दूधतलाई वन परिक्षेत्र, उदयपुर
- **तिथि:** 1 अगस्त, 2026
- **चंदन वन परियोजना-**
  - कुल लागत: रु. 33 करोड़
  - प्रथम चरण में <u>चार जिलों में विकास</u>-

**[बांसवाड़ा, उदयपुर, सिरोही, एवं प्रतापगढ़]**

<u>**Tricks: BUS-P**</u>

- **'<u>मिशन हरियालो</u>' राजस्थान का लक्ष्य-**
  - 5 वर्षों में 50 करोड़ पौधे लगाने का दीर्घकालिक लक्ष्य
  - **वर्तमान मानसून सीजन लक्ष्य:** 10 करोड़ पौधारोपण।
  - पौधों की <u>जियो-टैगिंग</u> करना।
  - <u>वन मित्र व वृक्ष मित्रों</u> द्वारा नियमित देखरेख।



Springboard Academy

- प्रत्येक जिला मुख्यालय पर नमो नर्सरी।
- पंचायत समिति स्तर पर नमो वन का विकास।

❑ **सांस्कृतिक संदर्भ–स्कंदपुराण श्लोक संदर्भ:** 'दस कुओं के बराबर एक बावड़ी, दस बावड़ियों के बराबर एक तालाब, दस तालाबों के बराबर एक पुत्र तथा दस पुत्रों के बराबर एक वृक्ष होता है।'

### डेरी–बसंतगढ़ पॉलीमेटेलिक बेल्ट में खनिज खोज व खनन–(RSMML)

❑ **प्रमुख क्षेत्र:** डेरी, बसंतगढ़ क्षेत्र (आबूरोड, सिरोही)

❑ **संबंधित बेल्ट:** सदर्न देहली फोल्ड पॉलीमेटेलिक अम्बाजी–डेरी–बसंतगढ़ बेल्ट

❑ **नोडल एजेंसी:** राजस्थान स्टेट माइंस एंड मिनरल्स लिमिटेड

| बिंदु | विवरण |
|---|---|
| खनिज भंडार | **तांबा, शीशा, जस्ता और सह खनिजों** के प्रारंभिक संकेत। |
| खोज कार्ययोजना | अतिरिक्त मुख्य सचिव (माइंस एवं पेट्रोलियम) श्रीमती अपर्णा अरोड़ा की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस क्षेत्र में **भूमिगत खनन तकनीक** से कार्य शुरू करने की कार्ययोजना बनाई गई है। |
| विशेषज्ञों का सहयोग | गुजरात मिनरल रिसर्च एंड इंडस्ट्रियल कंसलटेंसी **(GMRIC)** के **CEO डॉ. डीके सिंहा** द्वारा इलेक्ट्रोमैग्नेटिक सर्वे जैसी आधुनिक तकनीकों के उपयोग और डेरी माइंस में खनन व एक्सप्लोरेशन कार्य एक साथ शुरू करने का सुझाव दिया गया है। |
| राजस्थान | वर्तमान में राजस्थान मेजर मिनरल **ब्लॉकों** की नीलामी में देश में अव्वल होने के साथ–साथ दुर्लभ खनिज 'रेयर अर्थ एलिमेंट्स' का एक्सप्लोरेशन लाइसेंस जारी करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। |

## प्रमुख आर्थिक एवं राजनीतिक घटनाक्रम

### राजस्थान री माटी को अंतर्राज्यीय एवं अंतरराष्ट्रीय पहचान – श्री यादे माटीकला बोर्ड की समन्वय बैठक

❑ **दिनांक:** 04 अगस्त 2026

❑ **स्थान:** उद्योग भवन, जयपुर

❑ **आयोजन:** श्री यादे माटीकला बोर्ड के तत्वावधान में माटीकला आर्टिजन्स के समग्र विकास।

❑ **अध्यक्षता:** बैठक की अध्यक्षता श्री यादे माटीकला बोर्ड अध्यक्ष **प्रहलाद राय टाक।**

❑ **संयोजन: CEO डॉ. राहुलराज**

❑ **सहभागिता:** राजस्थान, दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश के 24 विभागों एवं अधिकारियों ने।

❑ **प्रमुख सहभागी संस्थाएँ–**
- KVIC (खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग)
- NABARD, राजीविका, IIT जोधपुर
- निफ्ट जोधपुर, MSMEs-DFO जयपुर
- CSIR-CGCRI (खुर्जा, यू.पी.)

❑ **प्रमुख नवाचार–**
- शिल्पकारों के लिए 'आर्टिजन कार्ड' जारी करना एवं **माटी राजस्थान री** पुस्तक पर चर्चा।
- क्लस्टर विकास, CFC की स्थापना करना।
- आधुनिक तकनीक का हस्तांतरण- विद्युत भट्टी।

### 'सर्कुलर इकोनॉमी In Textile Sector' विषय पर राज्य स्तरीय कार्यशाला– 18 अगस्त 2026

❑ **आयोजन:** राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर

❑ **आयोजक:** राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल

❑ **विषय:** "Circularity in Textile Sector – Best Practices for Sustainability and New Technologies for Circular Economy"

❑ **पृष्ठभूमि:** आगामी 10वें वर्ल्ड सर्कुलर इकोनॉमी फोरम (WCEF-2026)- जो 15-18 सितंबर 2026 तक गांधीनगर (गुजरात) में आयोजित होना है,- के प्री-इवेंट के रूप में आयोजित।

❑ **भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (BARC), मुंबई:** डॉ. वीरेंद्र कुमार ने "Sustainable Textile Wastewater Management: A Tool Towards Affordable ZLD" विषय पर प्रस्तुति दी। भविष्य का औद्योगिक विकास **4R सिद्धांत—Reduce, Reprocess, Reuse एवं Resource Recovery** पर आधारित होगा।

## राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (RUIDP) – पंचम चरण एवं 'RUIDP संवाद'

- **आयोजनः** 'RUIDP संवाद'-5 से 11 अगस्त 2026 तक **84 शहरों में** आयोजित।
- **परियोजना निदेशकः** हरिमोहन मीना
- **कुल बजटः** पंचम चरण के अंतर्गत **रु. 9,500 करोड़** की लागत से 84 शहरों को सस्टेनेबल बनाया जाएगा।

1. रूलिप (RULIP-Rajasthan Urban Liveability Improvement Project)
   - ADB द्वारा वित्तपोषित –**रु. 6,009 करोड़**
2. सूत्रा (SUTRA-Sustainable Urban Transformation of Rajasthan Accelerated)
   - विश्व बैंक द्वारा वित्तपोषित– **रु. 3,492 करोड़**

| क्र. सं. | कार्य क्षेत्र | शहरों की संख्या | लागत–करोड़ | वित्तपोषित संस्था |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अपशिष्ट जल प्रबंधन एवं शोधित जल का पुनः उपयोग | 67 शहर | ₹4,047 | एशियन विकास बैंक |
| 2. | ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (4 प्रमुख– जयपुर, जोधपुर, कोटा, भरतपुर) | 32 शहर ( 28 सैटेलाइट) | ₹650 | विश्व बैंक |
| 3. | शहरी यातायात सुधार | 7 जिला मुख्यालय (जयपुर, जोधपुर, कोटा, भरतपुर, बीकानेर, उदयपुर, अजमेर) | ₹2,022 | विश्व बैंक |
| 4. | बाढ़ प्रबंधन एवं ड्रेनेज | 56 शहर | ₹500 | |
| 5. | कमांड एंड कंट्रोल सेंटर तथा विरासत संरक्षण व पर्यटन | 56 शहर | ₹701 | |

## औद्योगिक विकासः 4 नई टास्क फोर्स का गठन–

- **विभागः** उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, राजस्थान सरकार
- **निर्यात आँकड़े (वर्ष 2025–26)**
  - ♦ राजस्थान से कुल निर्यातः **रु. 1 लाख करोड़** +
  - ♦ टेक्सटाइल एवं संबद्ध क्षेत्रों का योगदानः **रु. 13,700 करोड़** +
- **गठित टास्क फोर्स (4 प्रमुख क्षेत्र)**
  1. टेक्सटाइल।
  2. हैंडीक्राफ्ट।
  3. लॉजिस्टिक्स।
  4. एग्रो, फूड एवं मिल्क प्रोसेसिंग।

## एक जिला–एक उत्पाद 'पंच गौरव' कार्यक्रम–

- **स्वीकृतिः** एक जिला–एक उत्पाद (ODOP) 'पंच गौरव' कार्यक्रम के तहत **प्रदेश के सात जिलों में कॉमन इन्क्यूबेशन सेंटर हेतु रु. 14 करोड़ स्वीकृत**।
- **भूमिकाः** प्रसंस्करण इकाइयों के साथ खाद्य तकनीक, पैकेजिंग व मार्केटिंग हेतु लाइव डेमो एवं प्रशिक्षण।
- **7 जिलों हेतु चिन्हित फसलें व उत्पाद–**
  1. **बारांः** लहसुन (Garlic)
  2. **चित्तौड़गढ़ः** सीताफल (Custard Apple)
  3. **जालोरः** अनार (Pomegranate)
  4. **झालावाड़ः** संतरा (Orange)
  5. **जयपुरः** आंवला (Amla)
  6. **अजमेरः** गुलाब (Rose)
  7. **जैसलमेरः** खजूर (Date Palm)

## कॉमनवेल्थ पीस मेडिएशन एंड रूल ऑफ लॉ–अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनः 2026

- **आयोजनः** होटल द ललित, जयपुर
- **अवधिः** 31 जुलाई से 2 अगस्त तक।
- **विषयः** कॉमनवेल्थ पीस मेडिएशन एंड रूल ऑफ लॉ
- **संयुक्त आयोजक–**
  - ♦ राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (RSLSA)
  - ♦ कॉमनवेल्थ लॉयर्स एसोसिएशन (CLA)
  - ♦ सुप्रीम COURT बार एसोसिएशन (SCBA)

- ♦ निवारण (मेडिएटर्स ऑफ सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया)
- ❒ **शुभारंभ:** न्यायमूर्ति **सूर्यकांत** (मुख्य न्यायाधीश, SC)
- ❒ **समापन सत्र अध्यक्षता:** जस्टिस विक्रम नाथ (सर्वोच्च न्यायालय एवं कार्यकारी अध्यक्ष,-NALSA)
  - ♦ RSLSA द्वारा जून 2026 में पूर्व उच्च न्यायालय न्यायाधीशों हेतु 40 घंटे का विशेष मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 38 पूर्व न्यायाधीशों ने भाग लिया।
  - ♦ सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई ने मध्यस्थता को अंतिम विकल्प के स्थान पर पहला स्वाभाविक विकल्प बनाने का आह्वान किया।
  - ♦ कॉमनवेल्थ पीस मेडिएशन कॉन्फ्रेंस-2027 का आयोजन बहामास में किया जाएगा।
- ❒ **प्रमुख वैश्विक प्रतिभागी न्यायमूर्ति**–
  - ♦ वशीस्ट कोकाराम (बहामास)
  - ♦ न्यायमूर्ति ए.एच.एम.डी. नवाज (श्रीलंका)
  - ♦ आभा नायर पटेल (जाम्बिया के सर्वोच्च न्यायालय में भारतीय मूल की प्रथम महिला न्यायाधीश)
- ❒ **डिजिटल सॉफ्टवेयर लॉन्च:** सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश **विक्रम नाथ** द्वारा **'न्यायान-द डिजिटल वे ऑफ जस्टिस'** सॉफ्टवेयर का शुभारंभ।
- ❒ राजस्थान उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश **द्वारका प्रसाद गुप्ता** की जन्मशती स्मृति ग्रंथ का विमोचन।
- ❒ **राजस्थान न्यायपालिका पेपरलेस: 36** नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स न्यायालय तथा 12 वाणिज्यिक न्यायालयों सहित कुल **1,495 न्यायालय एवं 1,517 न्यायिक अधिकारी** पेपरलेस प्रणाली के तहत कार्य करेंगे।
- ❒ **घोषणा-पत्र:** 'जयपुर डिक्लेरेशन ऑन पीस मेडिएशन-2026'

## राजस्थान हाईवे मॉडर्नाइजेशन प्रोजेक्ट (RHMP)

- ❒ **समीक्षा बैठक:** अगस्त 2026
- ❒ **स्थान:** शासन सचिवालय, जयपुर
- ❒ **अध्यक्षता:** मुख्य सचिव **वी. श्रीनिवास** ने वर्ल्ड बैंक के साथ **राजस्थान हाईवे मॉडर्नाइजेशन प्रोजेक्ट (RHMP)** के प्रथम इम्प्लीमेंटेशन सपोर्ट एवं रिव्यू मिशन की।
- ❒ **वित्तीय/तकनीकी भागीदार:** विश्व बैंक के प्रतिनिधिमंडल की ओर से **डॉ. रीनू अनेजा।**

| परियोजना का नाम | राजस्थान हाईवे मॉडर्नाइजेशन प्रोजेक्ट |
|---|---|
| सहयोगी वैश्विक संस्था | वर्ल्ड बैंक (World Bank) |
| राज्य राजमार्गों का उन्नयन | लगभग 800 किलोमीटर |
| समीक्षाधीन सड़क परियोजना | 14 |
| कार्यान्वयन एजेंसी | राजस्थान स्टेट हाईवे अथॉरिटी (RSHA) एवं PWD |

## एग्रीविजन के नॉर्थ वेस्ट जोन की द्वितीय कॉन्फ्रेंस

- ❒ **आयोजन:** 8-9 अगस्त 2026 राजस्थान कृषि महाविद्यालय सभागार (महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय - MPUAT से संबद्ध, उदयपुर)
- ❒ **मुख्य अतिथि:** राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े
- ❒ **थीम:** 'कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में नवाचार और उद्यमिता विकास में युवाओं की भूमिका'
- ❒ **प्रमुख विमोचन**–
  - ♦ एग्रीविजन की विशेष स्मारिका।
  - ♦ महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की उपलब्धियों पर आधारित पुस्तिका।

## जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों की राज्य स्तरीय समीक्षा

- ❒ **बैठक:** 10 अगस्त 2026
- ❒ **आयोजन:** शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार (सहकारिता) डॉ. समित शर्मा की अध्यक्षता में नेहरू सहकार भवन (जयपुर)
- ❒ **मूल्यांकन:** केन्द्रीय सहकारी बैंकों (CCBs) के कार्यों का निष्पादन 'की-परफॉरमेंस-इंडिकेटर्स' (KPI) के आधार पर सुनिश्चित किया गया।
- ❒ **CCB रैंकिंग (प्रदर्शन)**–
  - ♦ **प्रथम:** कोटा
  - ♦ **द्वितीय:** झालावाड़
  - ♦ **तृतीय:** भीलवाड़ा

## नाबार्ड राजस्थान द्वारा 12वाँ राष्ट्रीय हथकरघा दिवस

- ❒ **विषय:** "विकसित भारत के लिए ग्रामीण शिल्पकारों का सशक्तिकरण"
- ❒ **आयोजक:** नाबार्ड (NABARD) राजस्थान क्षेत्रीय कार्यालय

- **शुभारम्भकर्ता–**
  - डॉ. आर. रवि बाबू (मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड, राजस्थान)
  - राम किशोर छीपा (पद्मश्री–बगरू शिल्पकार)
- **हथकरघा आँकड़े (राजस्थान):** हथकरघा गणना 2019–20 के अनुसार, देश में लगभग **35 लाख परिवार** हथकरघा गतिविधियों से जुड़े हैं, जबकि **राजस्थान में 10,090 बुनकर** इस क्षेत्र में कार्यरत।
- **नाबार्ड की पहलें:** नाबार्ड द्वारा राजस्थान के 23 उत्पादों के लिए GI पंजीकरण एवं अधिकृत उपयोगकर्ता पंजीकरण, ग्रामीण मार्ट, ग्रामीण हाट संचालित किए जा रहे है।

## केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का अलवर दौरा–16 अगस्त 2026

- अलवर से 17 जिलों के लिए 6,453 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात

| बिंदु | विवरण |
|---|---|
| डेयरी और सहकारिता से जुड़ी सौगातें– | • अलवर में **200 करोड़ रुपये** की लागत से बनने वाले नए सरस डेयरी प्लांट (क्षमता– 3 लाख लीटर प्रतिदिन, जिसे बढ़ाकर 5 लाख लीटर किया जाएगा) का शिलान्यास।<br>• फलोदी, बालोतरा, डीडवाना और प्रतापगढ़ में चार नए केन्द्रीय सहकारी बैंकों की शुरुआत। |
| **DBT** के माध्यम से राशि हस्तांतरण– | • किसान सम्मान निधि योजना की छठी किस्त के तहत 66.74 लाख से अधिक किसानों के खातों में लगभग **667 करोड़ रुपये।**<br>• प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत **152 करोड़ रुपये** की राशि अंतरित। |
| घोषणाएँ | • 10वें मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के तहत 10,500 से अधिक युवाओं को नियुक्ति–पत्र प्रदान किए गए।<br>• अलवर के भूगोर तिराहे का नाम बदलकर 'कप्तान छुट्टनलाल मीणा चौक' करने की घोषणा की गई। |

## जिला क्रय विक्रय सहकारी समितियों की रैंकिंग जारी–

- **तिथि:** 17 अगस्त 2026
- **जारीकर्त्ता:** सहकारिता विभाग, राजस्थान सरकार (शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार: डॉ. समित शर्मा)
- **प्रमुख उद्देश्य:** कार्य निष्पादन के आधार पर समितियों का आकलन एवं ग्रेडिंग।

| श्रेणी | प्रथम स्थान | द्वितीय स्थान | तृतीय स्थान |
|---|---|---|---|
| जिलाः KVSS | कोटा | कोटपूतली–बहरोड़ | चित्तौड़गढ़ |
| KVSS: व्यक्तिगत श्रेणी | परबतसर | खींवसर | सांगोद |

## जागरूक मतदाता–जनतंत्र का प्रहरी– राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता–

- **आयोजक:** राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान (मतदाता जागरूकता अभियान के तहत)
- **निबंध का विषय:** जागरूक मतदाता–जनतंत्र का प्रहरी
- **राज्य निर्वाचन आयुक्त:** राजेश्वर सिंह।
  - प्रदेशभर से प्राप्त 104 प्रविष्टियों में से 5 श्रेणियों में कुल **30 प्रतिभागियों** का चयन।
  - **विभिन्न श्रेणियों के प्रथम पुरस्कार विजेता–**

1) **विद्यालय वर्ग:** जयदीप राज डामोर (बांसवाड़ा)
2) **महाविद्यालय वर्ग:** पुष्पेन्द्र सिंह (दौसा)
3) **प्रोफेशनल्स वर्ग:** सांवत राम बैरवा (अजमेर)
4) **होम मेकर वर्ग:** डॉ. प्रियंका बाबेल (उदयपुर)
5) **अन्य वर्ग:** गजेन्द्रपाल लोदा (अजमेर)

## जयपुर में ब्रिक्स सेमिनार – 'सदस्य देशों में निजी पूंजी जुटाने में न्यू डेवलपमेंट बैंक की भूमिका'

- **दिनांक:** 12 अगस्त 2026
- **आयोजन:** ब्रिक्स सदस्य देशों के वित्त मंत्रियों एवं केन्द्रीय बैंक के गवर्नरों (FMCBG) की बैठक।
- **मुख्य वक्ता:** केन्द्रीय वित्त तथा कॉरपोरेट कार्य मंत्री **श्रीमती निर्मला सीतारमण**

- **मुख्य विषय:** "The Role of the New Development Bank in Mobilizing Private Capital in Member Countries"

**राजस्थान के 8 नवीन जिलों में स्थाई लोक अदालतों का गठन**– मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

- **कानूनी आधार:** विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत जन-उपयोगी सेवाओं के विवादों के निपटारे हेतु स्थायी संरचना।
- **विशेषताएँ:** आपसी सहमति से **प्री-लिटिगेशन स्तर पर विवादों का अंतिम,** बाध्यकारी, त्वरित एवं बिना किसी अदालती शुल्क के समाधान।
- **अदालतों के गठन हेतु स्वीकृत 8 जिले–**
  1. फलौदी (Phalodi)
  2. डीडवाना-कुचामन (Didwana-Kuchaman)
  3. खैरथल-तिजारा (Khairthal-Tijara)
  4. ब्यावर (Beawar)
  5. बाड़मेर (Barmer)
  6. डीग (Deeg)
  7. कोटपूतली-बहरोड़ (Kotputli-Behror)
  8. सलूम्बर (Salumbar)

**ब्रिक्स बैठक: जयपुर**

**10वीं ब्रिक्स उद्योग मंत्रियों की बैठक–**

- **आयोजन:** 6 अगस्त 2026
- **अध्यक्षता:** भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता 2026 के तहत।

**विषय: सुदृढ़शीलता, नवाचार, सहयोग और सतत विकास के लिए निर्माण**

(Building for Resilience] Innovation] Cooperation and Sustainability)

- **परिणाम:** संयुक्त घोषणा-पत्र को अपनाया गया।
- **भारत के प्रमुख प्रस्ताव–**
  - **BRICS Incubator Network**
  - **BRICS Startup Innovation Fund**
  - SME कार्य समूह (Framework for Cooperation)
  - Photovoltaic Industry
  - GIS-आधारित अवसंरचना नियोजन

**16वीं ब्रिक्स व्यापार मंत्रियों की बैठक–**

- **आयोजन:** 7 अगस्त 2026
- **अध्यक्षता:** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री **पीयूष गोयल** (राज्य मंत्री जितिन प्रसाद एवं वाणिज्य सचिवराजेश अग्रवाल)
- **पूर्व बैठक:** 3-4 अगस्त 2026 को नई दिल्ली में आयोजित 'ब्रिक्स आर्थिक एवं व्यापार मुद्दों के संपर्क समूह' (CGETI) की तीसरी बैठक के क्रम में।

**पर्यटन कार्य समूह की दूसरी बैठक–**

- **आयोजन:** 19 अगस्त 2026
- **आयोजक:** केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार
- **अध्यक्षता:** भुवनेश कुमार (सचिव, केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय)
- **विषय:** "मजबूती, नवाचार, सहयोग एवं स्थिरता के लिए निर्माण"
- **चार प्रमुख थीमेटिक प्राथमिकता–**
  1. कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं पर्यटन का उपयोग।
  2. स्थिरता एवं जिम्मेदार पर्यटन।
  3. पर्यटन कौशल विकास एवं क्षमता निर्माण।
  4. पर्यटन आदान-प्रदान और निर्बाध यात्रा सुविधा।

**ब्रिक्स पर्यटन मंत्रियों की बैठक में 'जयपुर घोषणापत्र'**

- **आयोजन:** 21 अगस्त 2026
- **अध्यक्षता:** गजेंद्र सिंह शेखावत (केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री, भारत सरकार)
- **विषय:** 'अनुकूलनीयता, नवाचार, सहयोग और संवहनीयता का निर्माण'
- बैठक में ब्रिक्स के 09 सदस्य देशों (ब्राजील, ईरान, दक्षिण अफ्रीका, संयुक्त अरब अमीरात, चीन, इथोपिया, इंडोनेशिया, रूस और भारत) के मंत्रियों एवं प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।
- इसमें गुस्तावो कोस्टा फेलिसियांडो (पर्यटन मंत्री, ब्राजील), रजा सालेही अमीरी (सांस्कृतिक विरासत, पर्यटन और हस्तशिल्प मंत्री, ईरान), पेट्रिशिया डी लिले (पर्यटन मंत्री, दक्षिण अफ्रीका) और महामहिम अब्दुल्ला बिन तऊक अल मारी (अर्थव्यवस्था और पर्यटन मंत्री, संयुक्त अरब अमीरात ) शामिल थे। इसमें भारतीय प्रतिनिधिमंडल में पर्यटन मंत्रालय के सचिव भुवनेश कुमार, संयुक्त सचिव हरिकिशोर एस. तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# विविध-खबर

## राजस्थान में प्रथम बार 'विदेश संपर्क-स्टेट आउटरीच कॉन्फ्रेंस': 2026

| | |
|---|---|
| आयोजन स्थल | 16 जुलाई। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (RIC), जयपुर |
| आयोजक संस्था | विदेश मंत्रालय (MEA), भारत सरकार, राजस्थान सरकार<br>MEA की सचिव (CPV-OIA) -प्रिया रंगनाथन<br>Note: जयपुर, 16 जुलाई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से सचिव रंगनाथन एवं प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। |
| नोडल विभाग | DORA: राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रवासी राजस्थानी कार्य विभाग<br>राजस्थान फाउंडेशन |
| प्रमुख उद्देश्य | **सुरक्षित प्रवासन** व फर्जी एजेंटों से बचाव, प्रवासी भारतीयों का कल्याण। |
| **Theme-** | 'राजस्थानी विदेश सुरक्षित जाएं, प्रशिक्षित जाएं' |
| सत्र आयोजन<br>कुल (4) | उद्घाटन एवं समापन सहित दो विशेष सत्र-<br>1. प्रवासी भारतीयों के कल्याण, संरक्षण एवं पासपोर्ट सेवाओं पर<br>2. सुरक्षित प्रवासन, कौशल विकास, निवेश एवं पर्यटन सहयोग पर |
| ग्लोबल कनेक्ट | राजस्थान फाउंडेशन के सभी **40 चैप्टर अध्यक्ष** वर्चुअल माध्यम से जुड़े।<br>**20 अधिकृत भर्ती एजेंट, 15 जिलों के** ADM, NSDC व उद्योग प्रतिनिधि |
| कार्यक्रम (**MEA** द्वारा) | **शुरु वर्ष 2017 में** : **राजस्थान में प्रथम बार आयोजित।** तेलंगाना, केरल, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, हरियाणा, पंजाब, त्रिपुरा, बिहार, उत्तराखंड तथा आंध्र प्रदेश राज्य सरकारों के सहयोग से आयोजित किया जा चुका। |

## गुरु पूर्णिमा पर शिक्षा जगत हेतु राजस्थान सरकार की सौगातें-(29 जुलाई)

- **आयोजन:** भरतपुर में राज्य स्तरीय गुरु पूर्णिमा समारोह
- **कुल वित्तीय सौगात: रु. 947 करोड़ से अधिक** की परियोजनाओं का लोकार्पण।
  - भरतपुर जिले की **वैर तहसील के खेड़ली गुर्जर** में **बालिका सैनिक विद्यालय** का शिलान्यास।
  - **निःशुल्क DBT:** कक्षा 1 से 8 में अध्ययनरत 40 लाख+ पात्र विद्यार्थियों हेतु **रु. 250 करोड़।**
  - **'मिशन पढ़ो राजस्थान' - रीडिंग प्रमोशन कैम्पेन** का शुभारंभ एवं निपुण कैलेंडर का विमोचन।

## नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान

- **दिनांक:** 2 अगस्त 2026
- **स्थान:** नगर निगम ऑडिटोरियम, उदयपुर
- **शुभारंभ:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी (मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा उदयपुर से वर्चुअल)
- **अवधि:** 100 सप्ताह (राष्ट्रव्यापी जन आंदोलन)
- **सम्मान व्यवस्था:** अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने वाले स्वयंसेवकों एवं संगठनों को **50वें, 75वें और 100वें सप्ताह** के पड़ाव पर सम्मानित किया जाएगा।

- **राज्य सरकार की प्रमुख पहलें-**
  - **नई किरण नशा मुक्ति केंद्र:** उच्च शिक्षण संस्थानों (**350+** महाविद्यालयों, इंजीनियरिंग एवं पॉलिटेक्निक कॉलेजों) में नशीले पदार्थों की रोकथाम हेतु स्थापित।
  - **राज-सवेरा कार्यक्रम:** राजस्थान बजट 2026-27 में घोषित 'राज-सवेरा' का उद्देश्य प्रदेश के सभी जिला चिकित्सालयों में विशेष नशा मुक्ति वार्ड स्थापित करना है।
    - **Raj- SAVERA:** State-wide Anti-Drugs Vigilance Enforcement Rehabilitation and Awareness

## डी-रेगुलेशन फेज-I: प्रक्रियाओं के सरलीकरण से निवेश और सुशासन को गति-

- **तिथि:** 19 अगस्त 2026
- **जारी:** मुख्य सचिव कार्यालय के तहत गठित मॉनिटरिंग सेल।
- **मुख्य उद्देश्य:** व्यवसाय एवं निवेश से जुड़ी प्रक्रियाओं को सरल बनाना, नियामकीय अनुपालन भार कम करना और स्वीकृतियों में तेजी लाना।



Springboard ACADEMY

| श्रेणी/क्षेत्र | विवरण/आँकड़े |
|---|---|
| कुल निवेश आशय– (अप्रैल–जुलाई 2026) | 2 लाख 36,771.68 करोड़ रुपये |
| जुलाई माह में प्राप्त निवेश आशय | 93,315.46 करोड़ रुपये |
| शीर्ष निवेश क्षेत्र (जुलाई) | आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, आईटी एवं आईटीईएस (₹40,442 करोड़), शिक्षा (₹16,873 करोड़), ऊर्जा (₹13,280 करोड़) |
| राज निवेश पोर्टल आवेदन | कुल 40,692 आवेदन प्राप्त, जिनमें से 21,899 को स्वीकृति प्रदान की गई। |
| शीर्ष स्वीकृतियां | जयपुर (4,026), जोधपुर (1,560), अजमेर (1,071) |
| भू–उपयोग परिवर्तन निर्णय अवधि– | उदयपुर, बीकानेर और कोटा विकास प्राधिकरणों में 810 दिन से घटकर 65 दिन (लगभग 92% की कमी) |
| सेवा निस्तारण समय सुधार– | • ई–तुलामान सेवाएं: 12 से घटकर 7 दिन<br>• JVNNL स्थायी विद्युत कनेक्शन: 10 से घटकर 5 दिन<br>• AVVNL का 9 से घटकर 4 दिन<br>• पर्यटन इकाई अनुमोदन: 16 से घटकर 10 दिन |

### **महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर का दीक्षांत समारोह**–31 जुलाई 2026

- लोकभवन में आयोजित MGSU, बीकानेर का विशेष दीक्षांत समारोह।
- विद्या वाचस्पति **(Doctor of Letters)** मानद उपाधि–
  - **विजया राहटकर:** राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष (महिला अधिकारों व सुरक्षा हेतु 3 दशक से अधिक का योगदान)।
  - **अच्युत सामंत:** प्रख्यात शिक्षाविद एवं पूर्व सांसद (90,000+ आदिवासी बच्चों की शिक्षा व समाज सेवा में विशिष्ट योगदान।)
  - **विश्वविद्यालय के कुलगुरु:** आचार्य मनोज दीक्षित।

### **जिला परिषदों के CEO राज्य स्तरीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला**–5-6 अगस्त । जयपुर

- **आयोजक:** स्वच्छ भारत मिशन (G) एवं यूनिसेफ।
- **SBM-G मोबाइल ऐप**–
  - **शुभारंभ:** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर।
  - **उद्देश्य:** ग्राम पंचायत स्तर तक कार्यों की रियल-टाइम मॉनिटरिंग, पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करना।
- **प्रदर्शनी:** स्वच्छता नवाचार प्रदर्शनी में RRR सेंटर, बर्तन बैंक, PPE किट तथा अपशिष्ट प्रबंधन तकनीक।
- **पुरस्कार राशि**–
  - प्रथम: रु. 1,01,000
  - द्वितीय: रु. 51,000
  - तृतीय: रु. 21,000

| श्रेणी/घटक | 1st | 2nd | 3rd |
|---|---|---|---|
| वर्ष 2025–26 सर्वाधिक समग्र प्रगति | श्रीगंगानगर | हनुमानगढ | प्रतापगढ़ |
| प्लास्टिक कचरा मुक्त अभियान–2026 | भीलवाड़ा | | हनुमानगढ़ |
| प्लास्टिक मुक्त अभियान: सोशल मीडिया पोस्ट/टैग | भीलवाड़ा | सवाई माधोपुर गौरव बुडानिया | बारां |
| प्लास्टिक कचरे का वेस्ट टू आर्ट उपयोग | राजसमंद | – | – |

### **द्वितीय बैठक-राज्य स्तरीय बीमा गवर्निंग कार्उंसिल**

- **दिनांक:** 6 अगस्त 2026
- **स्थान:** शासन सचिवालय, जयपुर
- **अध्यक्षता:** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास
- **राष्ट्रीय विजन: 'इंश्योरेंस फॉर ऑल@2047':** भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (IRDAI) के

विजन की समीक्षा एवं **<u>अलवर जिले की देशुला ग्राम पंचायत</u>** को **<u>100% बीमित बनाने की मॉडल</u>** पहल की सराहना करते हुए इस मॉडल को प्रदेश की अन्य ग्राम पंचायतों में चरणबद्ध रूप से लागू करने का निर्णय लिया गया।

- ❐ **राजीविका (SHGs) व बैंक सखियों की भूमिका:** प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (PMJJBY) और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (PMSBY) जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के विस्तार के निर्देश दिए गए।

### बेंगलुरु में <u>प्रवासी राजस्थानी संगम</u>–

- ❐ **तिथि:** 09 अगस्त 2026
- ❐ **आयोजन:** बेंगलुरु, कर्नाटक
- ❐ **घोषणा:** आगामी 10 दिसंबर 2026 को जयपुर में 'प्रवासी राजस्थानी दिवस' मनाया जाएगा।
- ❐ **आर्थिक लक्ष्य एवं अर्थव्यवस्था–**
  - ♦ **राजस्थान देश की 7वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था–**
    - ● GSDP वृद्धि दर 12% +
    - ● PCI = 2 लाख रुपये +
- ♦ **ईज ऑफ डूइंग बिजनेस (व्यापार सुगमता) सुधार–**
  - ● **MSMEs:** 'कन्सेंट टू ऑपरेट' की समय सीमा 120 दिन से घटाकर 30 दिन तथा बड़े उद्यमों के लिए 60 दिन की गई।
  - ● अप्रदूषणकारी 'व्हाइट कैटेगरी' उद्योगों की सूची 104 से बढ़ाकर 877 कर दी गई।

### राजस्थान–अनुसूचित जनजाति परामर्शदात्री परिषद (TAC) बैठक–2 अगस्त 2026

- ❐ **स्थान:** कृषि महाविद्यालय, उदयपुर
- ❐ **अध्यक्षता:** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा
  - ♦ **विकास का आधार: '<u>ज्ञान मॉडल</u>'**
    (G–गरीब, Y–युवा, A–अन्नदाता, N–नारी)
  - ♦ **बैठक अंतराल:** मुख्यमंत्री ने **मुख्य सचिव स्तर पर हर 2 माह में** TAC बैठक करने के निर्देश दिए।
  - ♦ **प्रगतिशील किसान:**

| विवरण | प्रेमचंद कपाया | मोती लाल |
|---|---|---|
| निवासी | • जालमपुर–फलासिया, उदयपुर | • मौजमाबाद, जयपुर |
| मान्यता कृषि विभाग | • 'किसान ब्रांड एंबेसडर' घोषित। | • किसान ब्रांड एंबेसडर' घोषित। |
| प्रशिक्षण एवं कार्यक्षेत्र | • **ट्रेनर्स नियुक्तः** जैविक कृषि अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र, कोटा।<br>• जैविक एवं प्राकृतिक खेती, वर्मी कम्पोस्ट, बागवानी और पशुपालन। | • **प्रशिक्षण केंद्रः** श्री रामशांताय जैविक कृषि अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र, कोटा<br>• मानदेयः किसानों के बीच जागरूकता हेतु 11,000 रुपये प्रतिमाह मानदेय। |
| योगदान | • सीमित संसाधनों में आधुनिक तकनीकों एवं जैविक खेती अपनाकर सफलता प्राप्त करना।<br>• झाड़ोल के बीड़ा गाँव की ग्राम विकास चौपाल में मुख्यमंत्री को अपनी सफलता से अवगत कराना। | • प्रदेश में 'किसान से किसान तक ज्ञान' की अवधारणा को मजबूत करना।<br>• अन्य किसानों को जैविक खेती के लिए प्रेरित करना और यात्रा/भोजन हेतु विशेष विभागीय सहयोग प्राप्त करना। |

### राजस्थान मंत्रिमंडल की बैठक में निर्णय (07.08.26)

| क्र.सं. | योजना/विषय | मुख्य निर्णय एवं प्रावधान |
|---|---|---|
| 1. | चुनाव एवं आरक्षण **(One State - One Election)** | • **वन स्टेट–वन इलेक्शनः** पंचायती राज एवं नगरीय निकायों के चुनाव 'वन स्टेट–वन इलेक्शन' की अवधारणा के तहत एक साथ कराने का निर्णय।<br>• **ओबीसी आयोग सिफारिशें:** राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग (राजनीतिक प्रतिनिधित्व) आयोग की सिफारिशें स्वीकार। पंचायती राज व नगरीय निकायों में SC, ST के साथ **OBC आरक्षण** हेतु लॉटरी प्रक्रिया शुरू होगी। |

| | | |
|---|---|---|
| 2. | कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण **(Agro & Food Processing Policies 2026)** | • **राजस्थान कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण नीति, 2026 का अनुमोदन–**<br>▪ कृषि, बागवानी, डेयरी, मसाला व एग्रो–प्रोसेसिंग इकाइयों को बढ़ावा।<br>▪ **पूंजीगत अनुदान (Capital Subsidy)**<br>✓ ₹50 लाख तक के ऋण पर **60%**<br>✓ ₹50 लाख से ₹1 करोड़ पर **50%**<br>✓ ₹1 करोड़ से अधिक पर **40%** (अधिकतम सीमाः ₹1.5 करोड़)<br>✓ SC, ST, FPO, TSP क्षेत्रों व महिला उद्यमियों को **5% अतिरिक्त अनुदान**।<br>• **श्रीअन्न प्रमोशन एजेंसीः** बाजरा एवं अन्य मोटे अनाजों (Millets) को बढ़ावा देने हेतु इस विशेष एजेंसी की स्थापना होगी।<br>• **राजस्थान फूड पार्क विकास नीति, 2026**<br>▪ राज्य के प्रत्येक जिले में क्लस्टर आधार पर चरणबद्ध रूप से 4 श्रेणियों में **विश्वस्तरीय फूड पार्क** विकसित किए जाएंगे।<br>▪ राइजिंग राजस्थान MOU धारकों एवं न्यूनतम ₹10 करोड़ निवेश करने वाली एंकर इकाइयों को प्राथमिकता। |
| 3. | श्रमिक कल्याण सुनिश्चित करेंगे मजदूरी संहिता (राजस्थान) नियम, 2026– | • **मजदूरी संहिता (राजस्थान) नियम, 2026**<br>▪ **महंगाई भत्ता (DA) संशोधनः** CPI से जोड़कर वर्ष में दो बार **(1 अप्रैल एवं 1 अक्टूबर)** संशोधित होगा।<br>▪ **कार्य के घंटेः** सप्ताह में 48 घंटे तयय 6–दिवसीय सप्ताह में प्रतिदिन अधिकतम **10.5 घंटे** (विश्राम सहित)।<br>▪ **विश्राम अंतरालः** लगातार 5 घंटे कार्य के बाद 30 मिनट का विश्राम अनिवार्य।<br>• **राजस्थान औद्योगिक संबंध नियम, 2026**<br>▪ सभी श्रम अनुपालन व शिकायतें ऑनलाइन।<br>▪ मान्यता प्राप्त यूनियनों के चुनाव हेतु **गुप्त मतदान प्रणाली** अनिवार्य। |
| 4. | पर्यावरण एवं नवीनीकरणीय ऊर्जा (Green & Clean Energy)सामाजिक सुरक्षा | • **ट्री आउटसाइड फॉरेस्ट पॉलिसी को मिली स्वीकृति (TOFP)**<br>▪ **'मिशन हरियालो राजस्थान'** (5 वर्षों में 50 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य) के तहत गैर–वन भूमियों (बंजर, सड़क/रेलवे किनारे) पर हरित आवरण (Tree Cover) बढ़ाना।<br>• **राजस्थान भू–राजस्व नियम 2007 में संशोधन (ऊर्जा संयंत्र भूमि)**<br>▪ सौर/पवन विकासकर्ताओं हेतु आवंटित भूमि में से **10%** भूमि पर वृक्षारोपण आरक्षित रखना अनिवार्य।<br>▪ भूमि आवंटन मानकः प्रति मेगावाट **2 हेक्टेयर** (सौर/पवन) तथा हाइब्रिड परियोजनाओं हेतु **2.5 हेक्टेयर**।<br>• **राजस्थान एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति, 2024 में संशोधन**<br>▪ **स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यः** वर्ष 2030 तक स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन **125 गीगावाट** ले जाने का लक्ष्य।<br>▪ **बैटरी स्टोरेजः** 50% या उससे अधिक क्षमता की बैटरी स्टोरेज परियोजनाओं को पंजीकरण शुल्क में छूट।<br>▪ **पावर इवैक्यूएशन सीमाः** प्रसारण तंत्र हेतु समय–सीमा 3 वर्ष से घटाकर **2 वर्ष** की गई। |
| 5. | राजस्थान सरकारी कर्मचारी बीमा नियम, 1998 में संशोधन– | • 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी। कर्मचारियों को **वास्तविक सेवानिवृत्ति तिथि तक** निरंतर स्टेट इंश्योरेंस (SI) कवरेज मिलेगा (पूर्व में सेवानिवृत्ति वाले वर्ष के 1 अप्रैल को ही मैच्योर हो जाता था) |

Springboard ACADEMY

| | | |
|---|---|---|
| 6. | औद्योगिक निवेश, खनन एवं भूमि आवंटन | • सीमेंट उद्योग भूमि आवंटनः<br>▪ **स्टार सीमेंट (मैसर्स स्टार सीमेंट नॉर्थ ईस्ट लि.)**: जोगा एवं सोनू (रामगढ़, जैसलमेर) में 254 हेक्टेयर भूमि (₹6,200 करोड़ का निवेश)।<br>▪ **अल्ट्राटेक सीमेंटः** लीला पारेवर (जैसलमेर) में 107 हेक्टेयर भूमि।<br>• **सौर ऊर्जा भूमि आवंटन (कुल 922 MW)**<br>▪ पूगल (बीकानेर): 22 MW (44 हेक्टेयर)<br>▪ फतेहगढ़ (जैसलमेर): 200 MW (324 हेक्टेयर)<br>▪ नाचना (जैसलमेर): 700 MW (1,678 हेक्टेयर)<br>• **पचपदरा नमक खान विस्थापन**<br>▪ रिफाइनरी से प्रभावित 198 नमक खानों के विस्थापन हेतु डिस्टर्बेंस चार्जेज ₹7.85 करोड़ से 25% बढ़ाकर **₹9.81 करोड़** स्वीकृत। |

## राजस्थान मंत्रिमंडल की बैठक में निर्णय (13.08.26)

| क्र.सं. | योजना/विषय | मुख्य निर्णय एवं प्रावधान |
|---|---|---|
| 1. | द राजस्थान ट्रीज (प्रोटेक्शन) बिल–2026 | • पर्यावरण संरक्षण हेतु आगामी विधानसभा सत्र में प्रस्तुत किया जाएगा।<br>• राज्य वृक्ष **खेजड़ी**, राज्य पुष्प **रोहिड़ा**, बरगद, पीपल, लसोड़ा, तेंदू, महुआ, कैर और चिरोंजी सहित कुल **29 महत्त्वपूर्ण वृक्ष प्रजातियों** को विशेष संरक्षण।<br>• गैर–वन भूमि में इन वृक्षों की अवैध कटाई पर **1 वर्ष का कारावास या 1 लाख रुपये जुर्माना** (या दोनों) का प्रावधान। (अपराध संज्ञेय एवं जमानती) |
| 2. | **राजस्थानः समान नागरिक संहिता (UCC) बिल–2026** | • संविधान के अनुच्छेद 44: (उच्चतम न्यायालय की सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिश पर)।<br>• विवाह, विवाह विच्छेद (तलाक), उत्तराधिकार, भरण–पोषण एवं लिव–इन रिलेशनशिप से जुड़े कानूनों को पारदर्शी बनाना **(अनुसूचित जनजातियों पर लागू नहीं)**।<br>• विवाह का **60 दिनों के भीतर पंजीकरण अनिवार्य; लिव–इन** संबंधों की शुरुआत व समापन की लिखित सूचना/पंजीकरण का प्रावधान।<br>• उत्तराधिकार में पुत्र–पुत्री को समान अधिकार। |
| 3. | **1971 के युद्ध के शहीदों को राहत–** | • 1971 के भारत–पाकिस्तान युद्ध **(ऑपरेशन कैक्टस लिली)** के दौरान **राजस्थान के 326 सैनिक तुरंत शहीद हुए थे**, जबकि **35 गंभीर रूप से घायल** सैनिक इलाज के दौरान 1 जनवरी 1972 से 31 अक्टूबर 1972 के बीच वीरगति को प्राप्त हुए थे।<br>• इन 35 सैनिकों को भी ऑपरेशन कैक्टस लिली के अंतर्गत बैटल कैजुअल्टी घोषित किया गया।<br>• इनके कुटुम्ब के भी एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का प्रावधान करने के लिए **राजस्थान मृत सशस्त्र बल कार्मिक के (शहीद) आश्रितों को नियुक्ति नियम–2022 में संशोधन को मंत्रिमंडल द्वारा मंजूरी दी।**<br>• इसके अनुसार योजना का लाभ देने के लिए निर्धारित समयावधि को 31 दिसंबर 1971 से बढ़ाकर 31 अक्टूबर 1972 कर दिया गया है। कैबिनेट के इस निर्णय से 1971 के युद्ध में देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले इन 35 वीरों के परिवारों को भी आश्रित अनुकंपा नियुक्ति का हक मिल सकेगा। |

| | | |
|---|---|---|
| 4. | पदोन्नति हेतु वांछित अनुभव में 2 वर्ष की छूट– | • कार्मिकों को वर्ष 2026–27 में पदोन्नति हेतु **अनुभव में 2 वर्ष की छूट देने का निर्णय** किया गया। यह छूट उन कार्मिकों को ही मिलेगी, जिन्हें वर्ष 2023–24, 2024–25 एवं 2025–26 में यह लाभ प्राप्त नहीं हुआ था। इसके लिए विभिन्न सेवा नियमों में संशोधन कर 2 वर्ष के सशर्त शिथिलन का प्रावधान किया जाएगा। |
| 5. | राजस्थान दिव्यांगजन अधिकार (संशोधन) नियम, 2026– | • शासकीय सेवा में कार्यरत **दिव्यांग कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण का नेशनल बेनेफिट 30 जून, 2016 से दिए जाने हेतु राजस्थान दिव्यांगजन अधिकार (संशोधन) नियम–2026 का अनुमोदन किया है।** वर्ष 2026–27 की बजट घोषणा की अनुपालना में किए गए इस फैसले से राज्य के दिव्यांग कार्मिकों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हुई है। राज्य में दिव्यांगों को पदोन्नति में दिए जा रहे 4 प्रतिशत आरक्षण के तहत अब 30 जून, 2016 से नेशनल बेनेफिट दिया जाएगा। |
| 6. | मृत सरकारी कर्मचारी की पुत्र वधू भी अनुकम्पा नियुक्ति की पात्र– | • मृत सरकारी कर्मचारियों के अनुकम्पा नियुक्ति हेतु **पात्र आश्रितों की सूची में 'पुत्र वधू' को भी शामिल करने का निर्णय** किया है।<br>• **NOTE: प्रशिक्षण के दौरान पद त्याग करने पर कार्मिकों से नहीं होगी वसूली–**<br>✓ अब राजपत्रित पद पर नियुक्ति के बाद प्रशिक्षण के दौरान या प्रशिक्षण समाप्ति से दो वर्ष की अवधि में पद त्याग करने पर कार्मिकों से केवल प्रशिक्षण व्यय की वसूली होगी, उनसे वेतन–भत्तों की वसूली नहीं की जाएगी।<br>✓ एकल महिला राज्य कर्मचारियों को <u>चाईल्ड केयर लीव एक कैलेण्डर वर्ष में 3 के स्थान पर 6 चरणों में स्वीकृत की जा सकेगी।</u> सरोगेसी से मातृत्व प्राप्त करने के मामलों में **सरोगेट मदर को 180 दिन तथा कमीशनिंग मदर को 90 दिन का मातृत्व अवकाश प्रदान किया जाएगा।**<br>✓ इन प्रावधानों के लिए मंत्रिमंडल ने राजस्थान सेवा नियम–1951 में संशोधनों को मंजूरी दी है। |
| 7. | भूमि आवंटन एवं काश्तकार पुनर्वास– | • **एस्केप जलाशय निर्माण से प्रभावित काश्तकारों को भूमि आवंटन–**<br>✓ जैसलमेर की उपनिवेशन तहसील नाचना–1 के ग्राम चिन्नू में <u>एस्केप जलाशय (RD 1121)</u> के निर्माण से प्रभावित <u>21 गैर–खातेदार काश्तकारों</u> **को उसी गांव में भूमि आवंटित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है।** |

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा जयपुर को 16 पीएम ई–बसों की सौगात**– 11 अगस्त 2026

- **आयोजन:** शासन सचिवालय में विधिवत पूजा–अर्चना कर जयपुर को **<u>16 पीएम ई–बसें</u>** समर्पित की गई (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'क्लीन मोबिलिटी' विजन के तहत)।
- **ई–बस योजना का स्वरूप–**
  - **<u>पीएम–ई बस सेवा</u>** के प्रथम चरण में <u>प्रदेश के 8 **प्रमुख शहरों**</u> (जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा, बीकानेर, भीलवाड़ा, अलवर तथा अजमेर) के लिए **<u>675 इलेक्ट्रिक बसें</u>** स्वीकृत की गई।
  - राज्य सरकार के विशेष प्रयासों से **<u>अतिरिक्त 475 ई–बसें</u>** स्वीकृत होने के बाद, राजस्थान के लिए कुल **<u>1,150 पीएम ई–बसों</u>** की मंजूरी मिल चुकी है।
  - वर्तमान में प्रदेश के 8 शहरों में कुल **110 पीएम ई–बसें** पहुंच चुकी है।



Springboard ACADEMY

## राजस्थान यूथ कॉन्क्लेव, 13 अगस्त 2026

- **आयोजनः राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर**–जयपुर
- **अतिथिः** केन्द्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री **श्रीमती निर्मला सीतारमण** तथा मुख्यमंत्री **भजनलाल शर्मा।**

| क्र.सं. | श्रेणी / क्षेत्र | मुख्य बिंदु एवं विवरण |
|---|---|---|
| 1. | स्टार्टअप्स एवं निवेश स्थिति | • **निवेश में वृद्धिः** वर्ष 2023 के 250 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,054 करोड़ रुपये<br>• **रोजगार सृजनः** 22 हजार से बढ़कर **49 हजार से अधिक।**<br>• **पंजीकरणः** पिछले ढाई साल में **4,828 नए स्टार्टअप** पंजीकृत।<br>• **फंडिंगः** कॉन्क्लेव के दौरान प्रदेश के **33 स्टार्टअप्स को कुल 50 करोड़ रुपये** की फंडिंग। |
| 2. | इंक्यूबेशन सेंटर | • **ट्राइबल इंक्यूबेशन सेंटरः** जनजातीय युवाओं हेतु **बांसवाड़ा** में लोकार्पण। (प्रदेश में कुल इंक्यूबेशन सेंटर्स की संख्या 10)<br>• **आई–स्टार्ट कार्यक्रमः** 33 जिलों तक विस्तारय 65 आई–स्टार्ट लॉन्चपैड नेस्ट स्थापित कर 1.29 लाख विद्यार्थियों का पंजीकरण। |
| 3. | नीतिगत नवाचार | • **ब्रह्मगुप्त सेंटरः** जयपुर में डेटा एनालिटिक्स, साइबर सुरक्षा और ब्लॉकचेन हेतु संचालित।<br>• **शुभारंभः** राजस्थान स्टार्टअप क्वेस्ट 2026, सिंगल हॉलिस्टिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल, जयपुर में 7डी थिएटर (विज्ञान उद्यान) और न्यूक्लियर पावर गैलरी।<br>• **शिलान्यासः** जोधपुर एवं उदयपुर में डिजिटल प्लेनेटेरियमय STPI के साथ दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद व बेंगलुरु में 'आई–स्टार्ट सुविधा डेस्क' हेतु एमओयू। |

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) की छमाही बैठक–25 अगस्त 2026

- **अध्यक्षताः** पंकज शर्मा (महाप्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे एवं अध्यक्ष, नराकास जयपुर)
- **प्रमुख सम्मानः** शासकीय कार्यों में हिंदी के उत्कृष्ट क्रियान्वयन हेतु **पत्र सूचना कार्यालय (PIB), जयपुर** को प्रतिष्ठित '**वैजयंती राजभाषा शील्ड**' प्रदान की गई। जिसे अमित कनौजिया ने ग्रहण किया।
- **अन्य पुरस्कारः** राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में केंद्रीय संचार ब्यूरो (CBC), जयपुर के प्रदर्शनी सहायक **अभिषेक सहाय** को द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।

- **NOTE: कोटा में '<u>राजभाषा हिंदी का महत्व एवं डिजिटल युग में उसकी संभावनाएं</u>' विषय पर संगोष्ठी**–19 अगस्त 2026
  - **आयोजकः** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO), क्षेत्रीय कार्यालय, कोटा तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो (CBC), क्षेत्रीय कार्यालय, कोटा का संयुक्त तत्वावधान।

## वृषभर्धन शर्मा द्वारा बिना इंटरनेट के चलने वाले 'गीता यंत्र' का निर्माण–

- **निवासीः** महेश नगर, जयपुर
- **उम्रः** 9 वर्ष, कक्षा–4
- **नवाचारः** पोर्टेबल '**गीता यंत्र**'
  - लागतः मात्र लगभग 1,000 रुपये
  - तकनीकः यंत्र **ESP32 माइक्रोकंट्रोलर, माइक्रोफोन, एम्पलीफायर और ई-इंक स्क्रीन** पर आधारित।
  - **कार्यप्रणालीः** यह बोलकर पूछे गए प्रश्न के आधार पर श्रीमद्भगवद्गीता का श्लोक खोजकर सुनाता है।

## वैश्विक मंच पर गूंजा उदयपुर का संतूरः युवा कलाकार धीरज वैष्णव

- युवा संतूर वादक, मूल निवासी–डांगियों की हूंदर, बड़गांव पंचायत समिति, उदयपुर
- नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में जापान के प्रधानमंत्री (सनाए ताकाइची) के सम्मान में आयोजित राजकीय भोज/समारोह में संतूर वादन की प्रभावशाली प्रस्तुति।
- **संगीत की पृष्ठभूमि**–
  - धीरज वैष्णव ने वर्ष 2014 में उदयपुर में पंडित

रामकृष्ण से तबला वादन का प्रशिक्षण शुरू किया था, किंतु संतूर की मधुर ध्वनि से प्रभावित होकर इसे अपने जीवन का लक्ष्य बनाया।

- ♦ वर्तमान में वे नई दिल्ली में अभय रुस्तम सोपोरी के मार्गदर्शन में सोपोरी सूफियाना घराना (कश्मीरी परंपरा) के अंतर्गत संतूर की विधिवत शिक्षा प्राप्त कर रहे है।

**अभेड़ा पार्क-कोटा: देश की सबसे बुजुर्ग बाघिन 'महक'**

- ❒ राजस्थान के कोटा जिले में स्थित जैविक उद्यान में देश की सबसे उम्रदराज जीवित बाघिन का जन्मदिन(28 अगस्त) मनाकर एक नया रिकॉर्ड दर्ज किया गया है।
- ❒ **उपलब्धि:** महक **23 वर्ष** की आयु पूरी कर **देश की सबसे बुजुर्ग एकमात्र जीवित बाघिन** बन गई है। बाघों की चिड़ियाघरों में औसत आयु 16 से 18 साल होती है, जिससे यह 5 साल अधिक जीकर रिकॉर्ड बना चुकी है।
- ❒ **जन्म व इतिहास: 28 अगस्त 2004 को जयपुर** में हुआ था। इसे **1 मार्च 2023** को जयपुर से कोटा के अभेड़ा पार्क में लाकर बाघ **'नाहर'** के साथ रिलीज किया गया था।

**जयपुर : 'AICA काजू कन्वेंशन'**

- ❒ **दिनांक:** 07 से 09 अगस्त 2026
- ❒ **आयोजन:** नोवोटेल जयपुर कन्वेंशन सेंटर
- ❒ **आयोजक: ऑल इंडिया काजू एसोसिएशन (AICA)**
- ❒ **मुख्य उद्देश्य:** जयपुर सहित राजस्थान प्रदेश के काजू और ड्राई फ्रूट व्यापारियों को देश के प्रमुख निर्माताओं से सीधे जोड़ना।

# महत्त्वपूर्ण वन लाइनर

- ❒ **'युवा एवं आंतरिक सुरक्षा' स्मृति व्याख्यानमाला: 31 जुलाई 2026** को 'राजस्थान के शिल्पी' के रूप में स्मरण किए जाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री स्व. मोहन लाल सुखाड़िया की जयंती पर, मोहन लाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय (उदयपुर) द्वारा **'युवा एवं आंतरिक सुरक्षा'** विषयक स्मृति व्याख्यानमाला का ऑनलाइन शुभारंभ राजस्थान विधानसभा से विधानसभा अध्यक्ष **वासुदेव देवनानी** के आतिथ्य तथा विश्वविद्यालय के कुलगुरु **प्रो. कैलाश डागा** की उपस्थिति में किया गया।
- ❒ **RPSC सदस्य डॉ. अशोक कुमार कलवार का कार्यकाल पूर्ण:** 31 जुलाई 2026 को RPSC कार्यालय में सदस्य डॉ. अशोक कुमार कलवार का कार्यकाल पूर्ण होने तथा सचिव **रामनिवास मेहता** की सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई समारोह आयोजित किया गया।
- ❒ **संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (वर्ष 2024):** राष्ट्रपति द्वारा 13 अगस्त 2026 को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में विशेष अलंकरण समारोह आयोजित किया गया।
  - ♦ **समन्दर खान मांगणियार**–
    - ● **क्षेत्र:** संगीत (अन्य प्रमुख परंपराएँ - **मांड**)
    - ● **जन्म:** वर्ष 1971 में **झाफली कलां गाँव,** बाड़मेर के पारंपरिक पेशेवर संगीतकार परिवार में।
    - ● **संगीत की दीक्षा** –पिता (अकादमी पुरस्कार विजेता **स्व. उस्ताद सिद्दीक खान मांगणियार–खड़ताल वादन का जादूगर)** से गायन, रचना और खड़ताल वादन की शिक्षा।
    - ● **गुरु:** स्व. उस्ताद भूंगर खान से **'जांगड़ा' गायन शैली** सीखी।
    - ● **'संप्रवाही: द कॉन्फ्लुएंट स्ट्रीम्स':** कथक नर्तक अनुराग वर्मा के साथ मिलकर मांगणियार लोक संगीत और जयपुर घराना कथक परंपरा के संलयन पर कार्य, जिसका उद्देश्य विलुप्त हो रही राजस्थानी संगीत रचनाओं को संरक्षित करना है।
  - ♦ **गुलाबो सपेरा**–
    - ● **क्षेत्र:** लोक और आदिवासी / कठपुतली / मुखौटा निर्माण / वाद्ययंत्र निर्माण
    - ● **लोक नृत्य:** राजस्थान–कालबेलिया
    - ● भारत सरकार ने कला के क्षेत्र में उनकी असाधारण सेवाओं के लिए उन्हें **वर्ष 2016** में देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान **'पद्म श्री'** से नवाजा था।
    - ● राजस्थान के **कालबेलिया लोक नृत्य** और संगीत को **2010 में यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत** सूची में शामिल किया गया।

- **अपना संकुल हरियालो संकुल अभियान:** 4 अगस्त 2026 को डॉ. राधाकृष्णन शिक्षा संकुल, जयपुर में राजस्थान के शिक्षा मंत्री **मदन दिलावर** द्वारा बेलपत्र (बील) का पौधा लगाकर अभियान का शुभारंभ किया गया, जिसका उद्देश्य शिक्षा संकुल परिसर को हरित व पर्यावरण अनुकूल बनाना तथा समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।
- **सोलहवीं राजस्थान विधानसभा के षष्ठम सत्र हेतु सर्वदलीय बैठक: 18 अगस्त 2026** को विधानसभा सचिवालय, जयपुर में विधानसभा सत्र शुरू होने से पहले सर्वदलीय बैठक बुलाने की परंपरा शुरू करने वाले **राजस्थान के पहले स्पीकर वासुदेव देवनानी की अध्यक्षता** में सोलहवीं विधानसभा के षष्ठम (6वें) सत्र के सुचारू संचालन हेतु सर्वदलीय बैठक बुलाई गई।
- **जयपुर विकास प्राधिकरण (JDA) का 45वाँ स्थापना दिवस: 5 अगस्त 2026** को जयपुर में वर्ष 1982 में JDA अधिनियम के तहत स्थापित सांविधिक निकाय एवं स्वायत्तशासी संस्था **जयपुर विकास प्राधिकरण (JDA)** का **45वाँ** स्थापना दिवस मनाया गया।
- **देवल खास (डूंगरपुर) में 'नशा मुक्त युवा' की शपथ: 6 अगस्त 2026** को राज्यपाल **हरिभाऊ बागडे** ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर शुरू 'नशामुक्त भारत' को प्राथमिकता देते हुए डूंगरपुर जिले के सुदूर आदिवासी गांव **देवल खास** में पहुंचकर 'विकसित भारत-संकल्प अभियान' के तहत **'नशा मुक्त युवा'** की शपथ दिलाई।
- **जोधपुर: 'बेटी जन्म गौरव सम्मान समारोह': 10 अगस्त 2026** को ग्राम पंचायत चावण्डा (केरू), जोधपुर में संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री **जोगाराम पटेल** के मुख्य आतिथ्य में आयोजित **'बेटी जन्म गौरव सम्मान समारोह'** के दौरान **'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ'** विजन से प्रेरित होकर पंचायत में जन्मी 201 बालिकाओं को 5100 रुपये की प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया गया, तथा क्षेत्र में बालिकाओं की उच्च शिक्षा के लिए केरू में महाविद्यालय और जैसलमेर हाईवे पर ट्रॉमा सेंटर की सौगात दी गई।
- **गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बांसवाड़ा: 7 अगस्त 2026** को गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय (GGTU), बांसवाड़ा में **'नशा मुक्त वागड़, स्वस्थ युवा, सशक्त जनजाति एवं विकसित भारत**' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई।
- **राज्य स्तरीय कार्यक्रम: 'सक्षम नारी, स्वस्थ बचपन, समृद्ध राजस्थान':** 15 अगस्त 2026 (80वें स्वतंत्रता दिवस) को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में मुख्यमंत्री **भजनलाल शर्मा** के मुख्य आतिथ्य में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान रक्षाबंधन के उपहार के रूप में प्रदेश की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और साथिन बहनों को प्रति खाते 1,100 रुपये के हिसाब से कुल 14.65 करोड़ रुपये की राशि डीबीटी (DBT) के माध्यम से हस्तांतरित की गई तथा आशा सहयोगिनियों के मानदेय में 10% की वृद्धि की घोषणा की गई।
- **27वाँ राजस्थान राज्य वार्षिक सम्मेलन: राजिसाकॉन-2026: 1 अगस्त 2026** को जॉलीवुड रिसॉर्ट, पुष्कर (अजमेर) में इंडियन सोसायटी ऑफ एनेस्थीसियोलॉजिस्ट्स (ISA) राजस्थान स्टेट ब्रांच एवं एनेस्थीसियोलॉजी विभाग, जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, अजमेर के संयुक्त तत्वावधान में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के मुख्य आतिथ्य में आयोजन किया गया, जिसमें आधुनिक शल्य चिकित्सा, ICU, ट्रॉमा प्रबंधन और अंग प्रत्यारोपण में एनेस्थीसियोलॉजी की भूमिका पर चर्चा के साथ 6 एडवांस्ड हैंड्स-ऑन वर्कशॉप का आयोजन हुआ।
- **फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया केटर्स का छठा राष्ट्रीय सम्मेलन एवं प्रदर्शनी: 1 अगस्त 2026** को जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर, सीतापुरा (जयपुर) में फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया केटर्स (FAIC) के छठे राष्ट्रीय सम्मेलन एवं प्रदर्शनी का उद्घाटन राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के मुख्य आतिथ्य में किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य हॉस्पिटैलिटी एवं कैटरिंग क्षेत्र के सशक्तिकरण से राजस्थान में वेडिंग टूरिज्म एवं MICE पर्यटन का विस्तार करना था।
- **सरकार-राजस्थान और जापानी प्रतिनिधिमंडल के बीच बैठक: 23 अगस्त 2026** को जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और **जापान की कोफू सिटी के मेयर युइची हिगुची** के बीच हुई बैठक में यह जानकारी दी गई कि वर्तमान में जापान की 180 कंपनियां राजस्थान में कार्यरत है, तथा जयपुर एवं कोफू सिटी के ज्वैलर्स वैश्विक स्तर पर संयुक्त रूप से कार्य कर रहे है, जिसमें जयपुर की लगभग 60 कंपनियां कोफू सिटी में ज्वैलरी का कार्य कर रही है।

- **बहुविषयक शोध व नवाचार:** अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी- इंस्पीरा रिसर्च एसोसिएशन एवं कनोडिया पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में **'ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया थ्रू मल्टीडिसिप्लिनरी रिसर्च एंड इनोवेशंस'** विषय पर हाइब्रिड मोड में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI), प्रबंधन, सतत विकास और पर्यावरण स्थिरता जैसे समसामयिक मुद्दों पर गंभीर चर्चा हुई तथा अंत में 'इंस्पीरा अकादमिक एक्सीलेंस' और 'बेस्ट पेपर अवार्ड' प्रदान किए गए।
- **MUJ में (<u>ICAST–2026</u>) अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन:** 19–21 अगस्त 2026 तक मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर (MUJ) कैंपस में बायोटेक्नोलॉजी और केमिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा इंडियन केमिकल काउंसिल के उद्योग साझेदार के साथ **'इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन एडवांस्ड सस्टेनेबल टेक्नोलॉजी' (ICAST–2026)** अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया।
- **UAE के पर्यटन मंत्री व CII**-राजस्थान के बीच बैठक: राजस्थान में राज्य स्तरीय निवेश, द्विपक्षीय व्यापार, आर्थिक तालमेल और **<u>चक्रीय अर्थव्यवस्था</u>** को बढ़ावा देने के उद्देश्य से **CII राजस्थान** (अध्यक्ष: रजनीश भंडारी) के तत्वावधान में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में UAE सरकार के अर्थव्यवस्था एवं पर्यटन मंत्री **महामहिम अब्दुल्ला बिन तौक अल मर्री** तथा भारत में UAE के राजदूत महामहिम अब्दुल्ला सैफ अल नुएमी प्रमुख वैश्विक अतिथि के रूप में शामिल हुए।
- **'महाराष्ट्र स्वास्थ्य विभाग' के प्रतिनिधिमंडल ने किया राजस्थान की 'बेस्ट प्रैक्टिससेज' का अध्ययन:** 19–23 अगस्त 2026 के दौरान 'बेस्ट प्रैक्टिससेज इन पब्लिक हेल्थ इन राजस्थान' विषय पर अध्ययन करने के लिए महाराष्ट्र स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधिमंडल (कमिश्नर हेल्थ सर्विसेज एवं मिशन डायरेक्टर, NHM महाराष्ट्र **संजय श्रीपतराव काटकार** तथा CEO, महाराष्ट्र मेडिकल गुड्स प्रोक्योरमेंट अथॉरिटी **बापू पवार**) ने राजस्थान का दौरा किया।
- **उदयपुर: बप्पा रावल पैनोरमा:** <u>23 अगस्त 2026</u> को उदयपुर के कैलाशपुरी स्थित **<u>गांव मथाथा</u>** में बने **बप्पा रावल पैनोरमा** का अवलोकन राजस्थान के राज्यपाल **हरिभाऊ किसनराव बागड़े** द्वारा किया गया।
- **राजस्थान ग्रामीण बैंक: <u>'सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2026'</u>:** '<u>Probity for Prosperity</u>' (सत्यनिष्ठा से समृद्धि) थीम पर आधारित सप्ताह के तहत **राजस्थान ग्रामीण बैंक** की सभी **1609 शाखाओं** और **27 क्षेत्रीय कार्यालयों** में महाप्रबंधक **धीरेन्द्र जीनगर** के निर्देशन में आमजन, विद्यार्थियों और बैंक ग्राहकों के लिए साइबर अपराधों से बचाव, डिजिटल लेनदेन में सावधानियों और मनीम्यूल खातों के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत किया गया।
- **'प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा' पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी:** <u>23–24 अगस्त 2026</u> को पेसिफिक अकादमी ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च विश्वविद्यालय, उदयपुर में **'प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा : ज्ञान एवं विज्ञान के आधुनिक आयाम'** विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में राजस्थान के राज्यपाल **हरिभाऊ बागड़े** मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए।
- **<u>WHO इंडिया कंट्री हेड</u> और <u>स्वास्थ्य विभाग</u> की बैठक:** <u>24 अगस्त 2026</u> को शासन सचिवालय, जयपुर में बैठक के दौरान प्रमुख शासन सचिव **श्रीमती गायत्री राठौड़** और WHO इंडिया के कंट्री हेड **डॉ. यवान हुतींन** प्रमुख प्रतिभागी के रूप में शामिल हुए।
- **UPPSC के सदस्य डॉ. ए.के. वर्मा द्वारा RPSC का दौरा:** <u>27 अगस्त 2026</u> को **उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग** (UPPSC) के सदस्य डॉ. ए.के. वर्मा द्वारा राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) की कार्यप्रणाली, आधुनिक तकनीकों और प्रशासनिक नवाचारों का अध्ययन करने के लिए RPSC का दौरा किया गया।
- **आयकर विभाग के शीर्ष अधिकारियों का कॉन्क्लेव: <u>17–18 अगस्त 2026</u>** को जयपुर में कॉन्क्लेव की अध्यक्षता केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) के अध्यक्ष **रवि अग्रवाल** द्वारा की गई तथा इसका नेतृत्व राजस्थान के प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त **सुमीत कुमार** द्वारा किया गया।
- **अजमेर के मेयो कॉलेज गर्ल्स स्कूल में 'महिला सुरक्षा संकल्प' कार्यक्रम:** 8 राजस्थान पुलिस की महानिदेशक (यातायात) **मालिनी अग्रवाल** के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस की विशेष ऑल-विमेन 'कालिका पेट्रोलिंग यूनिट' ने हिस्सा लिया, छात्राओं को डिजिटल सुरक्षा, सुरक्षा ऐप्स और इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी तथा "**<u>From Shadows to Strength: She Rises</u>**" थीम पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया गया।

- **महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी के विद्यार्थियों द्वारा PIB जयपुर का भ्रमण:** <u>19 अगस्त 2026</u> को महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों (नेतृत्व डॉ. नागेंद्र कुमार सिंह और प्रोफेसर वैष्णवी शुक्ला द्वारा) ने भ्रमण किया।
- **<u>'ग्रासरूट्स इनोवेटर रिकग्निशन 2026'</u> में चयनित: नेहा सोलंकी** – **31 जुलाई 2026** को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन के **'ग्रासरूट्स इनोवेटर रिकग्निशन 2026'** के लिए पाली जिला की साइकोलॉजिस्ट को सेरेब्रल पाल्सी से पीड़ित बच्चों के लिए एक **विशेष कस्टमाइज्ड कुर्सी तैयार करने हेतु** सम्मानित किया गया।
- **उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल में देश का प्रथम 64 किलोमीटर लंबा 'हाई-स्पीड टेस्ट ट्रैक': गुढ़ा-ठठना मीठड़ी** में जिसकी परीक्षण क्षमता 250 किमी/घंटे तक की रफ्तार से दौड़ने वाली हाई-स्पीड ट्रेनों, वंदे भारत और रोलिंग स्टॉक का आधिकारिक ट्रायल करने की है, तथा यह AI एवं एडवांस सेंसर्स से लैस होकर भारतीय रेलवे के लिए एक अत्याधुनिक 'ओपन लैब' की तरह काम करेगा।
- **लद्दाख के हानले की तर्ज पर 'एस्ट्रो-टूरिज्म हब' और खगोलीय वेधशाला का विकास:** लद्दाख स्थित देश के पहले डार्क स्काई रिजर्व 'हानले' की तर्ज पर **बीकानेर जिले** को नया 'एस्ट्रो-टूरिज्म हब' और खगोलीय वेधशाला के रूप में विकसित करने की तैयारी की जा रही है, जिसके तहत वैज्ञानिकों के दल द्वारा पूगल, दंतौर और सांचू क्षेत्रों में 'डार्क स्काई' (प्रदूषण मुक्त, साफ और अंधेरा आसमान) का विस्तृत सर्वे किया गया है।
- **CISF और ड्रोन फेडरेशन ऑफ इंडिया के मध्य समझौता: बहरोड़ में एंटी-ड्रोन उत्कृष्टता केंद्र**- काउंटर-ड्रोन सिस्टम के लिए उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा, जहाँ परमाणु संयंत्र, अंतरिक्ष केंद्र और तेल रिफाइनरी जैसे अधिक संवेदनशील प्रतिष्ठानों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण, अनुसंधान और ड्रोन खतरों से निपटने की तकनीकों पर काम किया जाएगा।
- **राजस्थान-यूएई 'टूरिज्म एंड इनवेस्टमेंट राउंड टेबल बैठक':** <u>20 अगस्त 2026</u> को रामबाग पैलेस होटल, जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और संयुक्त अरब अमीरात (UAE) के अर्थव्यवस्था एवं पर्यटन मंत्री **अब्दुल्ला बिन तौक-अल-मरी** के मध्य आयोजित 'टूरिज्म एंड इनवेस्टमेंट राउंड टेबल बैठक' के दौरान भारत एवं यूएई के मध्य हुए व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते के तहत व्यापार और निवेश को गति देने पर चर्चा की गई।
- **बहुराष्ट्रीय युद्धाभ्यास 'तरंग शक्ति' (दूसरा संस्करण):** भारतीय वायुसेना (IAF) के आयोजन में 26 सितंबर से 10 अक्टूबर 2026 तक जोधपुर एयरफोर्स स्टेशन, राजस्थान में अमेरिका, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, यूएई, ग्रीस, सिंगापुर, बांग्लादेश और श्रीलंका सहित कई प्रमुख देशों की भागीदारी के साथ बहुराष्ट्रीय युद्धाभ्यास **'तरंग शक्ति'** का दूसरा संस्करण आयोजित किया जाएगा। (प्रथम संस्करण वर्ष 2024 में अगस्त-सितंबर के दौरान तमिलनाडु एवं जोधपुर)
- **'युद्धाभ्यास रोटर क्लैप-III':** भारतीय वायुसेना द्वारा **अगस्त 2026** में **पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज, जैसलमेर** में **काउंटर- USA (मानवरहित हवाई प्रणालियों का प्रतिरोध)** थीम पर आधारित 7 दिवसीय सैन्य अभ्यास आयोजित किया।
- **न्यायाधीश संजय के. अग्रवाल बनेंगे राजस्थान उच्च न्यायालय के नए मुख्य न्यायाधीश: 31 अगस्त 2026** को सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम द्वारा की गई सिफारिश के अनुसार छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के पद पर कार्यरत **संजय के. अग्रवाल** को राजस्थान उच्च न्यायालय का **44वाँ मुख्य न्यायाधीश** बनाए जाने की सिफारिश की गई है (जबकि राजस्थान उच्च न्यायालय के वर्तमान कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा), इसके अतिरिक्त राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश **डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह भाटी** को जम्मू-कश्मीर व लद्दाख हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश तथा गुजरात हाईकोर्ट के न्यायाधीश **अल्पेश यशवंत कोगजे** को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश बनाने की सिफारिश की गई है।

- **अजमेर आयुर्वेद रसायनशाला का ऑटोमेशन (3 अगस्त 2026):** जिसके तहत राज्य सरकार की 'राइजिंग राजस्थान' नीति के तहत PPP मोड पर इस रसायनशाला को दीनदयाल आयुर्वेद विभाग एवं आधुनिक मशीनों के साथ ऑपरेट करने की व्यवस्था की गई है, जिससे यह रसायनशाला प्रदेश की उन पाँच रसायनशालाओं में शामिल हो गई है, जिन्हें अत्याधुनिक तकनीक से विकसित किया जा रहा है।
- **झालावाड़ पुलिस की '<u>नया सवेरा</u>' पहल:** झालावाड़ पुलिस द्वारा कंजर समुदाय को अपराध के दुष्चक्र से बाहर निकालकर समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए चलाई जा रही है।
- **यूनिसेफ के सहयोग को व्यापक बनाने के लिए बैठक: 19 अगस्त 2026** को मुख्य सचिव **वी. श्रीनिवास** एवं यूनिसेफ की जनरेशन अनलिमिटेड की CEO **डॉ. नादी अल्बिनो** के बीच यूनिसेफ (वर्ष 2025 में हुए MoU) के साथ जारी सहयोग को अधिक व्यापक एवं प्रभावी बनाने के लिए बैठक आयोजित की गई।
- **<u>राजस्थान फाउंडेशन चैप्टर्स</u> के साथ मुख्यमंत्री का संवाद:** देश-विदेश में स्थित राजस्थान फाउंडेशन के कुल **40 चैप्टर्स** में से प्रथम चरण के **8 चैप्टर्स** (अहमदाबाद, दिल्ली, दोहा, पुणे, सूरत, म्यूनिख, कुवैत,मस्कट) के प्रतिनिधियों के साथ **25 अगस्त 2026** को मुख्यमंत्री द्वारा VC के माध्यम से संवाद किया गया तथा प्रत्येक माह सभी चौप्टर्स की प्रगति रिपोर्ट ली जाती है।
- **राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2026:** शिक्षक दिवस पर 5 सितंबर को दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा प्रदान किए जाने वाले राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान के लिए राजस्थान निम्न है-

  **1) डॉ. दिव्येंदु सेन**
  - महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, पचपहाड़-**झालावाड़**
  - ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को कंप्यूटर व सॉफ्टवेयर के उपयोग में प्रशिक्षित करने हेतु।

  **2) डॉ. वर्तिका गुलाटी**
  - बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय, टूमली का बास, चाकसू-**जयपुर**
  - नवाचार, तकनीक एवं गतिविधि आधारित शिक्षण हेतु।

**नई** दिल्ली में आयोजित 16वें इंडियन ऑर्गन डोनेशन डे समारोह में राजस्थान को किस विशिष्ट पुरस्कार से सम्मानित किया गया?
(A) बेस्ट स्टेट इन हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर
(B) स्टेट अवॉर्ड फॉर एक्सीलेंस इन ऑर्गन डोनेशन अवेयरनेस
(C) नेशनल ऑर्गन ट्रांसप्लांटेशन लीडरशिप अवार्ड
(D) आउटस्टैंडिंग स्टेट इन मेडिकल एजुकेशन

**राजस्थान** के किस जिले में 'देश की प्रथम लैक्रोज अकादमी' है?
(A) जयपुर (B) जोधपुर
(C) उदयपुर (D) बीकानेर

# 02 राष्ट्रीय समसामयिकी

### 80वाँ स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त 2026)

- **थीम:** युवा शक्ति फॉर विकसित भारत@2047 तथा **'वंदे मातरम के 150 वर्ष'**
- लाल किले पर **प्रथम बार 'वंदे मातरम' (राष्ट्रगीत)** का सामूहिक गायन हुआ।
- **प्रमुख घोषणाएँ:** गरीब/मध्यम वर्गीय विद्यार्थियों हेतु **मुफ्त ऑनलाइन कोचिंग** ।
  - 5-15 वर्ष आयु वर्ग बच्चों हेतु राष्ट्रव्यापी खेल प्रतिभा खोज अभियान।
  - 1 करोड़ युवाओं के लिए AI कौशल प्रशिक्षण।
  - वर्ष 2047 तक 100 GW परमाणु ऊर्जा क्षमता सृजित करना; इस दशक में 5 लघु मॉड्यूलर रिएक्टर (SMR) स्थापना।
- **'शक्ति की सप्तधारा' का संकल्प- 7 स्तंभ**

| क्र.सं. | स्तंभ |
|---|---|
| 1. | मैन्युफैक्चरिंग पावर |
| 2. | कृषि और फूड प्रोसेसिंग |
| 3. | टेक्नोलॉजी और इनोवेशन |
| 4. | गतिशक्ति |
| 5. | रक्षा शक्ति |
| 6. | ग्रीन इकोनॉमी और ब्लू इकोनॉमी |
| 7. | सॉफ्ट पॉवर |

- भारत सरकार ने **'वंदे मातरम के 150 वर्ष'** (समर्पित) पूर्ण होने पर 9-17 अगस्त 2026 तक 'हर घर तिरंगा 2026' मनाया।
- इंडिया पोस्ट ने हिमाचल प्रदेश में मंडी हेड पोस्ट ऑफिस से रेहरधर ब्रांच पोस्ट ऑफिस तक ड्रोन से तिरंगा पहुँचाया।
- **सूर्यपथ तिरंगा ग्लोबल रिले**

| पहलू | तथ्य |
|---|---|
| आयोजक | संस्कृति मंत्रालय+विदेश मंत्रालय |
| अभियान | 'हर घर तिरंगा' के अंतर्गत वैश्विक पहल |
| शुभारंभ | सुवा (फिजी) |
| समापन | सैन फ्रांसिस्को (अमेरिका) |
| विशेषता | उगते सूरज का अनुसरण करते हुए 54+ भारतीय दूतावासों ने तिरंगे की तस्वीरें डिजिटल रूप से प्रसारित की गई। |

- **भारत दिवस घोषित :** अमेरिका के न्यूयॉर्क,न्यूजर्सी, मेटाचुएस्ट और बोट्सन ने 80 वे स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त 2026 को आधिकारिक 'भारत स्वतंत्रता दिवस' घोषित किया।

### सर्वोच्च न्यायालय (न्यायाधीशों की संख्या) संशोधन अधिनियम, 2026

- **संशोधन:** सर्वोच्च न्यायालय (न्यायाधीशों की संख्या) अधिनियम, 1956 की धारा 2 में।
- कुल स्वीकृत संख्या (मुख्य न्यायाधीश सहित): **34 से बढ़कर 38**
- मई 2026: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा अध्यादेश जारी।
- मूल अधिनियम में भारत के मुख्य न्यायाधीश को छोड़कर **10 न्यायाधीशों की संख्या** निर्धारित की गई थी। (संख्या **सातवीं बार** बढ़ाई गई।)

### राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण (संशोधन) अधिनियम 2026

- **संशोधन :** राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 की **धारा 3** में ।
- **उद्देश्य:** राष्ट्रगीत **'वंदे मातरम'** को कानूनी संरक्षण प्रदान करना ।
- 1971 के मूल अधिनियम में **राष्ट्रध्वज, संविधान और राष्ट्रगान** के अपमान पर सजा का प्रावधान है।
  - **प्रथम बार अपराध:** 3 साल तक कारावास, जुर्माना या दोनों।
  - **अपराध पुनर्वावति पर:** कम से कम 1 साल की जेल की अनिवार्य सजा।

### लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन अधिनियम, 2026

- **उद्देश्य:** 2024 के मूल अधिनियम को अधिक सशक्त बनाना, सजा को कठोर करना, जाँच में तेजी लाना और प्रभावित अभ्यर्थियों को समयबद्ध न्याय सुनिश्चित करना।
- **31 जुलाई 2026:** राष्ट्रपति की मंजूरी मिली।

❐ **अपराधियों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान–**

| प्रावधान | पहले की स्थिति (2024 अधिनियम) | क्या बदलाव हुआ (2026 विधेयक) |
|---|---|---|
| व्यक्तिगत अपराधी (धारा 10) | **3 से 5 वर्ष** का कारावास, **10 लाख** रुपये तक का जुर्माना। | **5 से 10 वर्ष** का कारावास, **50 लाख** रुपये तक का जुर्माना। |
| सेवा प्रदाता (धारा 10) | **1 करोड़** तक का जुर्माना, और किसी भी लोक परीक्षा को आयोजित करने के लिए **4 वर्ष** का प्रतिबंध। | **5 करोड़** रुपये तक का जुर्माना, और किसी भी लोक परीक्षा आयोजित करने के लिए **8 वर्ष** का प्रतिबंध। |
| निदेशकों और वरिष्ठ प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया गया (धारा 10) | **3 से 10 वर्ष** का कारावास, 1 करोड़ रुपये का जुर्माना | **5 से 10 वर्ष** का कारावास, **5 करोड़** रुपये का जुर्माना |
| संगठित अपराध और परीक्षा–धोखाधड़ी सिंडिकेट (धारा 11) | 5 से 10 वर्ष का कारावास, कम से कम 1 करोड़ रुपये का जुर्माना | **7 से 10 वर्ष** का कारावास, कम से कम **10 करोड़** रुपये का जुर्माना |

| विषय / प्रावधान | 2024 का कानून | 2026 का प्रस्तावित संशोधन |
|---|---|---|
| **जाँच की समय–सीमा** | जाँच पूरी करने की कोई तय समय–सीमा नहीं थी। | 2 महीने के भीतर जाँच पूरी करना अनिवार्य होगा। |
| **मुकदमे की सुनवाई** | विशेष समय–सीमा तय नहीं थी। | चार्जशीट दाखिल होने के 3 महीने के भीतर ट्रायल पूरा करने का लक्ष्य। |
| **फास्ट ट्रैक कोर्ट** | विशेष अदालतों का स्पष्ट प्रावधान नहीं था। | राज्य और केंद्रशासित प्रदेश विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट नामित कर सकेंगे। |
| **सुनवाई का तरीका** | सामान्य न्यायिक प्रक्रिया। | प्रतिदिन सुनवाई अनिवार्य। |
| **विशेष टास्क फोर्स (STF)** | कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं था। | केंद्र सरकार बड़े या कई राज्यों में फैले मामलों के लिए विशेष STF बना सकेगी। |

❐ **अपील प्रक्रिया**
- ♦ अपील **केवल उच्च न्यायालय** में की जा सकेगी।
- ♦ सुनवाई **दो न्यायाधीशों की पीठ** द्वारा होगी।
- ♦ अपील का निपटारा **3 माह के भीतर** करना अनिवार्य है।
- ♦ अपील दायर करने की समय-सीमा
  - ● सामान्यत: **30** दिन
  - ● अधिकतम सीमा **90** दिन

## केरल (नाम परिवर्तन) अधिनियम, 2026

❐ **राजपत्र अधिसूचना: 25 अगस्त, 2026** को गृह मंत्रालय द्वारा।
- ♦ 'केरल' राज्य का नाम **'केरलम'** कानूनी रूप से प्रभावी हुआ।
- ♦ **केंद्रीय मंत्रिमंडल अनुमोदन:** 24 फरवरी 2026
- ♦ **राष्ट्रपति स्वीकृति:** 14 अगस्त 2026

❐ 'केरलम' **मलयालम भाषा** में राज्य का वास्तविक नाम है।

❐ **संशोधन:** संविधान के **अनुच्छेद 3** के प्रावधानों के अनुसार संविधान की **पहली अनुसूची में**।

## मनी रिस्टोरेशन मॉड्यूल

❐ **शुभारंभ:** इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (I4C), गृह मंत्रालय।

❐ **उद्देश्य:** साइबर ठगी में फ्रीज की गई रकम को पात्र पीड़ितों तक वापस पहुँचाने की प्रक्रिया सुगम बनाना।

## मिशन समृद्ध गाँव

❐ **शुभारंभकर्ता:** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में

❐ **उद्देश्य:** गरीबी–मुक्त, रोजगारयुक्त एवं बुनियादी सुविधाओं से संपन्न गाँवों का समग्र व एकीकृत मॉडल विकसित करना

❐ **मंत्रालय:** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय + ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार।

❐ **मध्य प्रदेश में दो स्थानों पर पायलट मॉडल लागू:**
- ♦ सीहोर जिला–बुदनी ब्लॉक
- ♦ देवास जिला–खातेगाँव ब्लॉक

❐ **रणनीति:** विभिन्न सरकारी योजनाओं का अभिसरण → सफल मॉडल को अन्य क्षेत्रों में दोहराया जाएगा।

- परिवार → ग्राम पंचायत → ब्लॉक स्तर तक समेकित विकास रूपरेखा तैयार की जाएगी।

### अरुणाचल प्रदेश में 27 स्थानों का आधिकारिक नामकरण

- **जारीकर्ता:** भारत सरकार (अरुणाचल प्रदेश राज्य सरकार के परामर्श से)
- **संबंधित विभाग:** भारतीय सर्वेक्षण विभाग
- **भौगोलिक संरचनाओं का वर्गीकरण**
  - **क्षेत्र:** 20 (सबसे अधिक)-जैसे जसवंत गढ़, Longju, Maja, Bisa, जयरामपुर, सागर, शिवाजी नगर आदि।
  - **दर्रे: 4** - डोजो ला, रिजा ला, पुकुर ला एवं थाग ला
  - **झील: 1** - सांभो सरोवर
  - **स्मारक: 1** - शेर-ए-थापा स्मारक

# चर्चित-व्यक्तित्व

### सतीश गुजराल: स्मारक डाक टिकट

- डाक विभाग द्वारा नई दिल्ली (बीकानेर हाउस) में प्रख्यात कलाकार सतीश गुजराल के **शताब्दी वर्ष** पर एक विशेष स्मारक डाक टिकट जारी किया गया।
- वह एक उत्कृष्ट चित्रकार, मूर्तिकार, वास्तुकार, भित्ति चित्रकार और लेखक थे।
- **सम्मान:** कला और संस्कृति में योगदान के लिए **'पद्म विभूषण'** (भारत का दूसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान)।

### डी वाई पाटिल

- **निधन:** 4 अगस्त 2026, कोल्हापुर (महाराष्ट्र) में।
- **पूर्व राज्यपाल:** त्रिपुरा (2009-2013), बिहार (2013-2014)
- **सम्मान: पद्म श्री** (1991)-समाज सेवा के लिए

# पोर्टल

### समावेश पोर्टल (SAMAVESH Portal)

- **पूर्ण नाम:** **S**ingle **A**ccess **M**echanism for **A**ll **V**erticals of **E**mpowerment & **S**ocial **H**armony।
- **नशा मुक्त भारत अभियान (NMBA) पोर्टल** को पुराने प्लेटफॉर्म से समावेश पोर्टल पर स्थानांतरित किया गया।
- **मंत्रालय:** सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय।
- **विकास:** राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग (NeGD)।
- इसमें मंत्रालय के **विभिन्न वर्टिकल्स** (SC/OBC कल्याण, NMBA, वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन, ट्रांसजेंडर, छात्रवृत्ति ) की सेवाएँ एक जगह उपलब्ध।

### RSVC AMRIT प्लेटफॉर्म

- **RSVC** = RuTAGe Smart Village Centre, **AMRIT** = Accelerated Medium for Rural Innovations and Technologies।
- **शुभारंभ:** 15 अगस्त 2026 को **प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार** प्रो. अजय कुमार सूद द्वारा।
- **विकास: नाबार्ड** द्वारा, प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार कार्यालय (OPSA) के सहयोग से।
- **कार्य:** RSVC के संपूर्ण जीवनचक्र (खोज, सत्यापन, तैनाती, निगरानी व ज्ञान प्रबंधन) का समर्थन करने वाला डिजिटल इकोसिस्टम।
- **RSVC:** गाँव-स्तरीय प्रौद्योगिकी हब-कृषि, जल, ऊर्जा, शिक्षा, स्वच्छता संबंधी किफायती तकनीकें गाँवों तक पहुँचाते हैं।

### पुनर्गठित 'इंडिया कोड पोर्टल' (India Code Portal)

- **शुभारंभ:** केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल।
- **विकास:** विधायी विभाग + राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC)।
- **विषय-वस्तु:** इंडिया कोड भारत सरकार के विधायी विभाग, विधि एवं न्याय मंत्रालय द्वारा संचालित एक आधिकारिक **डिजिटल रिपॉजिटरी है**- भारत के सभी केंद्रीय अधिनियम, राज्य अधिनियम, संघ शासित प्रदेशों के कानून व अधीनस्थ विधान शामिल।
- यह नागरिकों, वकीलों, शोधकर्ताओं, न्यायपालिका और सरकारी विभागों के लिए कानूनों तक आसान पहुँच का मंच है।

### उन्नत 'अपील एवं शिकायत प्रबंधन प्रणाली' (AppCoMS) 2.0

- **पूर्ण नाम:** Appeal and Complaint Management System.

- **लॉन्च:** 17 अगस्त 2026 को **केंद्रीय सूचना आयोग** (CIC) के मुख्य सूचना आयुक्त **राज कुमार गोयल** द्वारा।
- **उद्देश्य:** RTI अधिनियम, 2005 के तहत **दूसरी अपील व शिकायतों** के निपटान की प्रक्रिया को डिजिटल व सुव्यवस्थित बनाना।
- पोर्टल का प्रथम संस्करण सितंबर 2016 में लॉन्च हुआ।

### सुजल गाँव आईडी

- यह **जल जीवन मिशन 2.0** के डिजिटल ढाँचे के तहत ग्रामीण बस्तियों (जलापूर्ति सेवा क्षेत्रों) को दी जाने वाली एक **विशिष्ट पहचान संख्या** है।
- **उद्देश्य:** ग्रामीण पेयजल वितरण की व्यवस्थित पहचान, निगरानी, रिपोर्टिंग, ट्रैकिंग और सत्यापन को आसान बनाना।
- **आईडी जारी (10 अगस्त 2026 तक):** देश की कुल 16,96,213 ग्रामीण बस्तियों में से **12,67,808 बस्तियों (75%)** को ।

### इंडिया पोस्ट ने उन्नत 'डाक मित्र' और 'डाक सेवा' ऐप लॉन्च किए

- **लॉन्च:** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने 24 अगस्त 2026 को।
- **डाक मित्र (Dak MITRA)**
  - MITRA: मोबाइल इंटरफेस फॉर ट्रांजैक्शन्स एंड रूरल असिस्टेंस।
  - डाक **कर्मचारियों/शाखा पोस्टमास्टरों** को सशक्त बनाना (स्टाफ के लिए)।
- **डाक सेवा (Dak Sewa): नागरिकों** के लिए
  - सिंगल-विंडो डाक सेवाएँ-स्पीड पोस्ट, पार्सल बुकिंग, मनी ऑर्डर, ट्रैकिंग, ई-मनी ऑर्डर, शिकायत दर्ज करना।

## पर्यावरण

### ग्लाव झील: अरुणाचल प्रदेश

- भारत का **101वाँ रामसर** स्थल घोषित।
- **अरुणाचल प्रदेश** का **प्रथम रामसर** स्थल है।
- यह लोहित जिले के **कमलांग टाइगर रिजर्व** के भीतर स्थित है ।
- इस आर्द्रभूमि पारिस्थितिकी तंत्र में 150 से अधिक प्रजातियों के वृक्ष और 49 प्रजातियों के ऑर्किड पाए जाते हैं ।

### कावेरी उत्तर वन्यजीव अभयारण्य में तीन हाथी गलियारे अधिसूचित

- **तमिलनाडु** सरकार ने होसूर वन प्रभाग के कावेरी उत्तर वन्यजीव अभयारण्य में तीन हाथी गलियारे अधिसूचित किए जो निम्न है-
  1. जवलागिरी-उलिबंदा-ठग्गट्टी
  2. जवलागिरी-पनई -अंचेट्टी
  3. बिलिक्कल-जवलागिरी

### प्रकृति ज्ञान धाम

- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह राष्ट्र ने को समर्पित किया
- **स्थान:** महर्षि पाराशर बायोरिसोर्स सेंटर (MPBC), बंथरा, लखनऊ (उत्तर प्रदेश)
- भारत का अपनी तरह का **प्रथम 'इको-एजुकेशनल हब'**
- **विकास:** CSIR-राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (CSIR-NBRI), लखनऊ
- यह हब वैज्ञानिक अनुसंधान, पर्यावरण शिक्षा, जैव विविध ता संरक्षण, वनस्पति विरासत तथा सांस्कृतिक व्याख्या के समन्वय का एक अनूठा उदाहरण है।
- **प्रमुख घटक:** पावन पथ, भारतीय विरासत उद्यान, विभव एन्क्लेव, भैरव एन्क्लेव, बैंबूस्टीयम

### ब्लैक-नेक्ड क्रेन

- **लद्दाख** में ब्लैक-नेक्ड क्रेन (काली गर्दन वाली सारस) के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए पहली बार **ब्लैक-नेक्ड क्रेन महोत्सव** आयोजित किया गया।
- **संरक्षण स्थिति:**
  - IUCN: नियर थ्रीटेंड
  - CITES :परिशिष्ट I
  - वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972: अनुसूची-I

## महत्त्वपूर्ण समझौते (MoUs)

### DPIIT के 5 प्रमुख समझौते (MoU)

| क्र.सं. | भागीदार संस्था | मुख्य उद्देश्य |
|---|---|---|
| 1. | कैशफ्री पेमेंट्स | स्टार्टअप्स के लिए **डिजिटल भुगतान अवसंरचना** एवं फिनटेक क्षमताओं को मजबूत करना। |
| 2. | डार्विन डायनामिक्स LLP | टियर II, टियर III और ग्रामीण इलाकों में उद्यमिता को बढ़ावा देकर 'स्टार्टअप इंडिया' पहल की पहुँच को बढ़ावा देना।<br>स्टार्टअप्स के लिए मेंटरशिप, संस्थागत नेटवर्क, बाजार का अवसर एवं क्षमता–निर्माण में बेहतर पहुँच में सहायता प्रदान करना। |
| 3. | वाल्टर प्राइवेट लिमिटेड | स्टार्टअप्स की क्लाउड कंप्यूटिंग रिसोर्स, तकनीकी क्षमता–निर्माण और डिजिटल अवसंरचना तक पहुँच को बेहतर बनाना। |
| 4. | **CARS24** सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड | AI–संचालित मोबिलिटी (परिवहन तकनीक/नवाचार) के क्षेत्र में स्टार्टअप्स को आगे बढ़ाना। |
| 5. | काउंसिल फॉर स्टार्टअप इंडिया | भारतीय स्टार्टअप्स की वृद्धि और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना। |

### सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय और उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT) के मध्य

- **उद्देश्य: भारतीय भौगोलिक संकेतक (GI) उत्पादों** का व्यावसायीकरण, गुणवत्ता मानकीकरण और बाजार तक पहुँच बढ़ाना, ताकि स्वदेशी कारीगरों और बुनकरों की आय बढ़ सके।
- **भारत GI बैनर का शुभारंभ:** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय और **DPIIT** क्षेत्रीय जीआई उत्पादों को ONDC और GeM तक पहुँचाएंगे

### इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) ने PhonePe के साथ MoU

- PhonePe के Pulse Pro (एंटरप्राइज डेटा इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म) डेटा का उपयोग कर **PM गतिशक्ति मिशन** को समर्थन देना।
- **उद्देश्य:** राष्ट्रीय बुनियादी ढाँचा योजना निर्माण, आर्थिक विश्लेषण तथा शहरी–ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र विकास।

### इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) ने शेल इंडिया के मध्य–

- **उद्देश्य:** ऊर्जा व जलवायु–तकनीक स्टार्टअप्स हेतु–मार्गदर्शन, निवेशक संपर्क तथा **Shell E4 Smart Energy Track** में भागीदारी का अवसर प्रदान करना।

### 'उन्नत कंप्यूटर संगणन विकास केंद्र' (C-DAC) व 'भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण' (GSI) के मध्य

- **उद्देश्य:** भूविज्ञान, खनिज अन्वेषण व आपदा प्रबंधन में अगली पीढ़ी की तकनीकों का उपयोग बढ़ाना
  - GSI की विशेषज्ञता + C-DAC की उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग (HPC) व AI क्षमता को एक साथ लाना।
- **मुख्य कार्यक्षेत्र**

| क्षेत्र | अनुप्रयोग |
|---|---|
| खनिज अन्वेषण | बड़े भू–भौतिक डेटा से उच्च–रिजॉल्यूशन 3D भूमिगत मानचित्रण; भविष्यवाणी आधारित मॉडलिंग से सटीक खनिज लक्ष्यीकरणय। |
| आपदा प्रबंधन | सिंथेटिक अपर्चर रडार (SAR) तकनीक से भूस्खलन निगरानीय प्रारंभिक चेतावनी प्रणालीय ग्लेशियर झील अचानक बाढ़ (GLOF) अध्ययन करना। |

## राष्ट्रीय सम्मेलन

### राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक परिषद की 5वीं बैठक

- **आयोजन:** 14 अगस्त, 2026 (नई दिल्ली)
- **अध्यक्षता:** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री **डॉ. वीरेंद्र कुमार।**
- **स्नेह ई–बुक का शुभारंभ:** SNEHA – **'स्टोरीज ऑफ नर्चरिंग, एंगेजमेंट, हैप्पीनेंस एंड एक्टिव एजिंग'** जारी की गई। इसमें सक्रिय एवं गरिमापूर्ण वृद्धावस्था को बढ़ावा देने में वरिष्ठ नागरिक प्रभाग की 21 माह (अक्टूबर 2024–जून 2026)की उपलब्धियों को रेखांकित किया गया है।

### हर घर तिरंगा अभियान और कॉन्सर्ट

- **आयोजन: भारत मंडपम, नई दिल्ली में वंदे मातरम् के 150 वर्ष** पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजन।
- **नोडल मंत्रालय:** संस्कृति मंत्रालय।

- **प्रमुख प्रस्तुतियाँ:** प्रसिद्ध गायक **बी. प्राक** ने मुख्य प्रस्तुति दी और **तेरी मिट्टी** जैसे देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। इससे पहले युवा गायिका **मान्या त्रिपाठी** ने उद्घाटन प्रस्तुति दी।
- **हर घर तिरंगा अभियान: 09-17 अगस्त, 2026**

## 16वाँ भारतीय अंगदान दिवस (2026)

- **तिथि एवं पृष्ठभूमि:** 3 अगस्त 2026; इस दिन भारत में प्रथम हृदय प्रत्यारोपण (AIIMS, 1994) किया गया था।
- **वैश्विक स्थिति:** कुल वार्षिक अंग प्रत्यारोपण के मामले में भारत विश्व में तीसरे स्थान पर तथा जीवित दाता से अंग प्रत्यारोपण में ''प्रथम स्थान'' पर है।
- **प्रमुख शुभारंभ**
  - **जुग जुग जियो अभियान:** ग्राम स्तर पर जागरूकता
  - **ई-प्रत्यारोपण प्लेटफॉर्म:** एकीकृत डिजिटल रजिस्ट्री एवं अंग आवंटन नेटवर्क।
  - **NOTTO मोबाइल ऐप:** अंगदान सेवाओं तक त्वरित पहुँच।
- **राष्ट्रीय अंगदान पुरस्कार-**
  - **सर्वश्रेष्ठ राज्य:** तमिलनाडु
  - **सर्वश्रेष्ठ पूर्वोत्तर राज्य:** असम
  - **सर्वश्रेष्ठ केंद्रशासित प्रदेश:** दिल्ली
  - **सर्वश्रेष्ठ क्षेत्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (ROTTO):** PGIMER, चंडीगढ़ (उत्तर)

## एंटरप्रेन्योर-इन-रेजिडेंस (EIR) कोहोर्ट 3

- **शुरुआत:** इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) द्वारा, MeitY स्टार्टअप हब (MSH) के माध्यम से, 4 अगस्त 2026 को कोयंबटूर में आयोजित जेनेसिस नेक्स्टजेन स्टार्टअप समिट में।
- यह एक राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य शुरुआती चरण के नवोन्मेषकों/उद्यमियों को अपने विचारों को प्रौद्योगिकी-आधारित तैयार उद्यमों में परिवर्तित करने में सहायता प्रदान करना है।
- यह शुरुआती चरण के नवोन्मेषकों को रु. 10 लाख तक का अनुदान, साथ ही मार्गदर्शन (Mentorship) और इनक्यूबेशन सहायता प्रदान करता है।
- **प्रमुख विवरण**
  - **वित्त पोषण:** प्रत्येक चयनित EIR के लिए रु. 10 लाख तक
  - **लक्षित स्थान:** भारत के टियर-II और टियर-III शहर
  - **प्रमुख क्षेत्र:** AI/ML, IoT, डीपटेक, VLSI/सेमीकंडक्टर, साइबर सुरक्षा, ब्लॉकचेन, क्वांटम कंप्यूटिंग, AR/VR और ICT
  - **पात्रता:** भारतीय नागरिक, विद्यार्थी, शोधकर्ता, नवोन्मेषक तथा पिछले 2 वर्षों के भीतर निगमित स्टार्टअप के संस्थापक

## विकसित भारत संकल्प अभियान के लिए नशा मुक्त युवा

- **शुभारंभ:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2 अगस्त 2026 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से।
- **नोडल एजेंसी:** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय (MY Bharat प्लेटफॉर्म के माध्यम से)।
- **अवधि:** 100 सप्ताह का जनभागीदारी अभियान (प्रत्येक रविवार साप्ताहिक कार्यक्रम)।
- **मुख्य उद्देश्य:** 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लिए युवाओं में नशे की लत को समाप्त करना।

| सम्मेलन | आयोजन | विवरण |
|---|---|---|
| 9वां इंडिया मेडिकल डिवाइस 2026 कॉन्फ्रेंस | 7–8 अगस्त, 2026, विज्ञान भवन, नई दिल्ली | **आयोजकः** फार्मास्यूटिकल्स विभाग एवं FICCI<br>**विषयः** "विकसित भारत की ओरः भारत को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा उपकरणों के वैश्विक केंद्र के रूप में आगे बढ़ाना" |
| जी आई एंड बियॉन्ड 2.0 शिखर सम्मेलन | 5 अगस्त, 2026 डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली | **आयोजकः** विकास आयुक्त (हथकरघा) एवं हैंडलूम एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल<br>**''प्रमुख शुभारंभः''**<br>• ''डिजिटल हैंडलूम एटलस'' ("एक मंच। अनंत बाजार।")–हथकरघा क्लस्टरों का मानचित्रण करने और बुनकरों को वैश्विक स्तर पर जोड़ने के लिए।<br>• ''HEPC की डायमंड जुबली लोगो''–60 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में। |

| | | |
|---|---|---|
| तीसरा इंडिया इंटरनेशनल फिनटेक फेस्टिवल | 6–7 अगस्त 2026, नई दिल्ली | **आयोजकः** एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (ASSOCHAM)<br>**विषयः** "फिनटेकः भारत की आर्थिक वृद्धि के अगले चरण के लिए लाभदायक, स्केलेबल और विश्वसनीय डिजिटल वित्त का निर्माण" |
| **IIHT सूत्र 2026**<br>**इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ हैंडलूम टेक्नोलॉजी (IIHTs) के लिए पहला राष्ट्रीय कॉन्क्लेव** | 12 अगस्त, 2026, नई दिल्ली | **आयोजकः** विकास आयुक्त (हथकरघा), वस्त्र मंत्रालय<br>**विषयः** IIHTs: भारतीय हथकरघा क्षेत्र के भविष्य का निर्माण–शिक्षित करें। नवाचार करें। परिवर्तन लाएँ।" |
| **इंडिया बायो एनर्जी और टेक एक्सपो 2026** | 11–13 अगस्त, 2026, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश | **आयोजकः** इंडियन फेडरेशन ऑफ ग्रीन एनर्जी एवं MM एक्टिव सांइस टेक कम्यूनिकेशन्स द्वारा संयुक्त रूप से<br>**विषयः** "कम कार्बन वाली दुनिया के लिए जैव–ऊर्जा समाधानों को आगे बढ़ाना"<br>**मुख्य फोकसः** वर्ष 2070 तक नेट–जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य प्राप्त करने के भारत के प्रयासों को समर्थन देना। |
| **ब्रिक्स वेब्स बाजार 2026 – इंटरनेशनल एग्जिबिशन** | 6–7 अगस्त मुंबई | **आयोजकः** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (NFDC)<br>NFDC ने ब्राजील की रियो फिल्म कमीशन के साथ आशय पत्र (LoI) पर हस्ताक्षर किए तथा रूस के गोसफिल्मफोंड के साथ साझेदारी की घोषणा की।<br>**प्रमुख शुभारंभः ब्रिक्स इंडिपेंडेंट प्रोड्यूसर्स एलायंस** (BIPA) का शुभारंभ किया गया, जिसका उद्देश्य BRICS देशों के फिल्म निर्माताओं को स्थायी रूप से जोड़ना है। |
| जनजातीय भाषाओं और संग्रहालयों पर राष्ट्रीय सम्मेलन | 24 अगस्त, 2026 | जनजातीय कार्य मंत्रालय (MoTA) ने **भारतीय भाषा संस्थान के केंद्रीय संस्थान (CIIL)** के साथ समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए।<br>MoTA का AI बॉट **जागो** लॉन्च किया गया।'' |
| कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपतियों का 36वाँ वार्षिक सम्मेलन | 25–6 अगस्त 2026 नई दिल्ली। | **आयोजकः** कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद।<br>**विषयः** विकसित भारत@2047 के लिए कृषि उच्च शिक्षा की पुनर्कल्पना |
| राष्ट्रीय क्वांटम जैव–प्रौद्योगिकी सम्मेलन | **दिनांकः** 24 अगस्त 2026<br>**स्थानः** आईआईटी | **आयोजकः** क्यूमेट टेक फाउंडेशन द्वारा आईआईटी बॉम्बे में |

Springboard ACADEMY

# अवॉर्ड्स/सम्मान

### लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार 2026

- **प्राप्तकर्ता:** अजीत डोभाल (भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार)
- **प्रदानकर्त्ता:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह
- **आयोजन:** पुणे, महाराष्ट्र में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की 106वीं पुण्यतिथि के अवसर पर।
- **प्रदत्त संस्था:** लोकमान्य तिलक स्मारक ट्रस्ट द्वारा स्थापित।

### सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक 2026

- **केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी** ने नई दिल्ली में 12 रैट-होल खनिकों (मैनुअल सुरंग खोदने वालों) को सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक प्रदान किया।
- **कारण:** उत्तराखंड के **सिल्क्यारा सुरंग बचाव अभियान (नवंबर 2023)** के दौरान 41 फसे हुए श्रमिकों को बचाने में उनके असाधारण साहस के लिए सम्मानित किया गया।

### WHO-SEARN द्वारा भारतीय भेषज संहिता आयोग (IPC) को क्षेत्रीय उत्कृष्टता केंद्र के रूप में मान्यता

- **घोषणा:** नेपाल स्थित काठमांडू में 4-5 अगस्त 2026 को आयोजित दक्षिण-पूर्व एशिया नियामक नेटवर्क (SEARN) की **10वीं वर्षगांठ बैठक** के दौरान।
- भारतीय भेषज संहिता आयोग (IPC) को WHO-SEARN द्वारा निम्न रूप में मान्यता प्रदान की गई है:
  - फार्माकोविजिलेंस (औषधि सुरक्षा निगरानी) में क्षेत्रीय उत्कृष्टता केंद्र।
  - औषधियों की गुणवत्ता में तकनीकी केंद्र।
- **प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख: डॉ. वी. कैलासेल्वन**, सचिव-सह-वैज्ञानिक निदेशक, IPC

### अंतरिक्ष अनुसंधान समिति (COSPAR) विक्रम साराभाई पदक 2026

- **प्राप्तकर्ता:** प्रो. अन्नपूर्णी सुब्रमण्यम (निदेशक, भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान, बेंगलुरु)
- **उपलब्धि:** यह पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय महिला और चौथी भारतीय।
- उन्होंने भारत की प्रथम समर्पित अंतरिक्ष वेधशाला **एस्ट्रोसैट** पर लगे **पराबैंगनी इमेजिंग टेलीस्कोप** के लिए अंशांकन वैज्ञानिक (Calibration Scientist)के रूप में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- **अवसर:** 3 अगस्त 2026 को फ्लोरेंस, इटली में आयोजित **46वीं कॉसपार वैज्ञानिक सभा** में प्रदत्त।
- **आयोजक:** इसरो (ISRO) और अंतरिक्ष अनुसंधान समिति (COSPAR) द्वारा संयुक्त रूप से **प्रत्येक दो वर्ष** में प्रदान किया जाता है।

### वीरता पुरस्कार 2026 (80वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर)

- **कुल स्वीकृत पुरस्कार:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा रक्षा एवं केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (CAPF) के कार्मिकों के लिए कुल **78 वीरता पुरस्कार** स्वीकृत किए गए, जिनमें ''13 मरणोपरांत पुरस्कार'' शामिल हैं।
- **वीरता पुरस्कारों का प्रमुख विवरण:**
  - कीर्ति चक्र: कुल 9 (7 मरणोपरांत)
  - शौर्य चक्र के लिए बार: 1
  - शौर्य चक्र: कुल 19 (1 मरणोपरांत)
  - सेना मेडल (वीरता) के लिए बार: 5
  - सेना मेडल (वीरता): कुल 36 (5 मरणोपरांत)
  - नौ सेना मेडल (वीरता): 3
  - वायु सेना मेडल (वीरता): 5

### 2026 गज गौरव पुरस्कार

- **प्राप्तकर्ता:** जलदापाड़ा राष्ट्रीय उद्यान (पश्चिम बंगाल) के सात अग्रिम पंक्ति के कर्मचारी एवं महावत।
- **बिकाश खड़िया एवं राजीव ओरांव:** भीषण बाढ़ के दौरान फंसे बंदी हाथियों को बचाया।
- **अजीबुल हक, अजित गाबुर, मुमताज आलम, अमासुर खड़िया एवं दिलीप मुंडा:** विस्थापित 13 जंगली गैंडों को सुरक्षित स्थान तक पहुँचाया।

### डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन पर्यावरण संरक्षण पुरस्कार 2026

- **संस्थापक:** एम. एस. स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन (MSSRF)
- **भागीदारी:** कैविनकेयर प्राइवेट लिमिटेड और रोटरी क्लब ऑफ मद्रास ईस्ट

1. **पी. पेचियम्मल** - रामनाथपुरम में समुद्री संरक्षण और समुद्र में फंसे परित्यक्त मछली पकड़ने के उपकरणों (Ghost Gear) को हटाने के लिए।
2. **गोविंधम्मल**- विल्लुपुरम में सतत् एवं जलवायु-अनुकूल कृषि पद्धतियों के लिए।

### लाइफटाइम लिबर्टेरियन पुरस्कार

- **प्रथम भारतीय प्राप्तकर्ता:** गुरचरण दास ।
- **कारण:** India Unbound, The Difficulty of Being Good और India Grows at Night जैसी प्रमुख पुस्तकों के माध्यम से आर्थिक विकास पर सार्वजनिक विमर्श को आकार देने के लिए।
- **प्रदानकर्ता:** लिबर्टी इंटरनेशनल।
- **अवसर:** 8 अगस्त 2026 को काठमांडू, नेपाल में आयोजित लिबर्टी इंटरनेशनल 40वें विश्व सम्मेलन में।

### प्रो. दीपक धर को डिराक पदक 2026

- **प्राप्तकर्ता:** भारतीय सैद्धांतिक भौतिक विज्ञानी प्रो. दीपक धर।
- **संयुक्त सम्मान:** दीपक धर ने 2026 का पदक **बर्नार्ड डेरिडा, मार्क मेजार्ड और हाइम सोमपोलिंस्की** के साथ साझा किया।
- **कारण:** संतुलन सांख्यिकीय यांत्रिकी और एबेलियन सैंडपाइल मॉडल में उनके मौलिक योगदान के लिए।
- दीपक धर उन लगभग 10 वैश्विक वैज्ञानिकों में शामिल हैं, जिन्हें **डिराक पदक** और **बोल्ट्जमैन पदक** दोनों प्राप्त हुए हैं। उन्हें **बोल्ट्जमैन पदक 2022 में** प्रदान किया गया था।
- वे भारत में कार्यरत इस सम्मान को प्राप्त करने वाले दूसरे वैज्ञानिक है। **(प्रथम-अशोक सैन)**

### 46वां फेडरेशन ऑफ इंडियन पब्लिशर्स अवॉर्ड

- सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रकाशन विभाग ने कुल **सात पुरस्कार** जीते:
- **द्वितीय पुरस्कार विजेता:**
  - **भारत 2026 (हिंदी)**-संदर्भ पुस्तकें (हिंदी)
  - **विंग्स टू ऑवर होप्स एन वॉल्यूम 2**-(अंग्रेजी)
  - **योजना-जुलाई 2026 (हिंदी)**- विषय: विकसित भारत@2047-पत्रिकाएँ एवं गृह पत्रिकाएँ (हिंदी)
  - **कुरुक्षेत्र-पत्रिकाएँ एवं गृह पत्रिकाएँ** (अंग्रेजी-ग्रामीण विकास मासिक)
- **तृतीय पुरस्कार विजेता:**
  - **धरती की सेहत**- बाल पुस्तक (0-10 वर्ष-हिंदी)
  - **रंगोली रूप सुर लय की**-कला एवं कॉफी टेबल पुस्तक (हिंदी)
  - **आजकल उर्दू-जुलाई 2026**- पत्रिका (उर्दू)

### पाकिस्तान के सर्वोच्च सम्मान (निशान-ए-इम्तियाज) से सम्मानित होंगे भारतीय डॉक्टर

- मुंबई के दो पारसी डॉक्टर, **डॉ. जल रतनजी पटेल (चिकित्सक)** और **डॉ. जल धायभो-कू (रेडियोलॉजिस्ट)** को मरणोपरांत पाकिस्तान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ''निशान-ए-इम्तियाज'' से सम्मानित किया जाएगा।
- **कारण:** वर्ष 1946 में उन्होंने मुहम्मद अली जिन्ना की अंतिम चरण की तपेदिक (टीबी) की बीमारी के निदान को पूरी तरह गुप्त रखा।
- **प्रभाव:** इस गोपनीयता ने जिन्ना को वर्ष 1947 के विभाजन के लिए सफलतापूर्वक बातचीत करने में सक्षम बनाया। बाद में ब्रिटिश नेताओं ने स्वीकार किया कि यदि उन्हें पता होता कि जिन्ना मृत्यु के निकट थे, तो वे पाकिस्तान के गठन को रोकने के लिए स्वतंत्रता में देरी कर देते।
- **समारोह:** पाकिस्तान के स्वतंत्रता दिवस (14 अगस्त 2026) को इसकी घोषणा की गई। ये सम्मान औपचारिक रूप से **23 मार्च 2027** को प्रदान किए जाएंगे।

## महत्त्वपूर्ण वन लाइनर

- **वर्षा अशोक अगलावे**
  - भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के **54वें** महानिदेशक।
  - भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की **प्रथम महिला** महानिदेशक
- भारत ने जिनेवा स्थित संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (UNOG) को पाँच मोर दान किए हैं, जिनमें एक दुर्लभ सफेद पंखों वाला मोर भी शामिल है। इससे उस दशकों पुरानी परंपरा को पुनर्जीवित किया गया है, जिसकी शुरुआत 1981 में

Springboard ACADEMY

प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल में एरियाना पार्क में मोरों की घटती संख्या को पुन: बढ़ाने के लिए हुई थी।

- **'दामिनी' ऐप:** भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM) द्वारा विकसित यह ऐप 17 क्षेत्रीय भाषाओं में **रियल-टाइम आकाशीय बिजली** की चेतावनी और सुरक्षा परामर्श प्रदान करता है।
- **स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक युवा केंद्र-विवेका स्मारक: 1 अगस्त 2026** को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्नाटक के **मैसूरु** में उद्घाटन किया। यह केंद्र ऐतिहासिक **निरंजना मठ** (पुराना अनाथालय) परिसर में स्थित है, जहाँ स्वामी विवेकानंद ने **नवंबर 1892** में प्रवास के दौरान ठहराव किया था।
- **सांस्कृतिक विरासत की पुनर्प्राप्ति:** भारत ने अपने कूटनीतिक प्रयासों के माध्यम से **अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया** जैसे देशों से जून 2026 तक कुल 662 चोरी हुए बहुमूल्य पुरावशेषों को सफलतापूर्वक स्वदेश वापस ला लिया है।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने **कटक, ओड़िशा** में **जगद्गुरु कृपालु विश्वविद्यालय** का उद्घाटन किया।
- **थोटलकोंडा बौद्ध स्थल:** केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने ब्रिक्स प्रतिनिधियों के साथ **विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश** के निकट स्थित प्राचीन स्थल का दौरा किया।
- सर्वोच्च न्यायालय द्वारा **फुटपाथ पर चलने के अधिकार** को मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दिए जाने के बाद, **आंध्र प्रदेश 2026 में देश का प्रथम राज्य** बन गया जिसने एक समर्पित पैदल यात्री सुरक्षा एवं सार्वभौमिक सुगम्यता नीति तैयार की।
- **राष्ट्रीय परीक्षण और अंशशोधन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (NABL)** ने भारत में मोबाइल खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं के लिए प्रत्यायन योजना (प्रथम बार) शुरू की है। भारतीय गुणवत्ता परिषद के संघटक बोर्ड एनएबीएल की ओर से विकसित यह योजना मोबाइल खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं के लिए एक मानकीकृत ढाँचा उपलब्ध कराएगी
- संयुक्त राज्य अमेरिका में, कैलिफोर्निया राज्य विधानसभा ने इस वर्ष **8 नवंबर को दिवाली दिवस** के रूप में मान्यता देने वाला प्रस्ताव पारित किया है और पूरे राज्य के लोगों से इस अवसर पर होने वाले समारोहों में शामिल होने का आह्वान किया है।
- संयुक्त अरब अमीरात (UAE) में रहने वाले तीन **भारतीयों ने लीबिया के बेंगाजी के ऊपर** 13,000 फीट की ऊँचाई से भारतीय तिरंगे के साथ स्काइडाइविंग करके गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने में योगदान दिया।
- **दूसरा सुरू समर फेस्टिवल 2026:** 26-27 अगस्त को **दामसना, कारगिल, लद्दाख** में आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य सतत पर्यटन, साहसिक खेलों और क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना था।
- केंद्रीय खेल मंत्री **डॉ. मनसुख मांडविया** ने नई दिल्ली के **जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम** में BRICS Run-Ride 2026 पहल के तहत **88वें फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल** कार्यक्रम का नेतृत्व किया। यह आयोजन भारत द्वारा आयोजित होने वाले आगामी **18वें BRICS शिखर सम्मेलन''** के सम्मान में किया गया।
- **दक्षिणी क्षेत्रीय परिषद की 31वीं बैठक**
  - **अध्यक्षता :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने।
  - **आयोजन:** तमिलनाडु के महाबलीपुरम में ।
- **NEET विरोध प्रदर्शन जाँच: उच्च अधिकार प्राप्त समिति**
  - सर्वोच्च न्यायालय ने NEET विरोध प्रदर्शनों के दौरान हुई पुलिस कार्रवाई की जाँच हेतु समिति गठित की।
  - अध्यक्ष: जस्टिस आर. सुभाष रेड्डी (सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश)।
- **एशिया का पहला डेजर्ट थीम नाइट सफारी और जूलॉजिकल पार्क**
  - **स्थान:**- गुजरात
  - करीब 103 हेक्टेयर में बनने वाले इस पार्क में 83 प्रजातियों के 2,700 जानवर होंगे।
- अगस्त 2026 में इंदौर (मध्य प्रदेश) में 13वीं पश्चिमी क्षेत्रीय पुलिस समन्वय समिति की बैठक हुई, जिसमें साइबर अपराध और ड्रग कार्टेल के खिलाफ संयुक्त रणनीतियों पर चर्चा की गई। राजस्थान के डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने इसमें हिस्सा लिया
- सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने भारतीय सांख्यिकीय संस्थान (ISI) कोलकाता के सेवानिवृत्त प्रोफेसर अरूप बोस को सांख्यिकी दिवस पर उनके जीवनकाल के उत्कृष्ट योगदान के लिए 'सुखत्मे राष्ट्रीय पुरस्कार 2026' से सम्मानित किया।

- प्रथम 'नवभारत टाइम्स (NBT) भूषण सम्मान 2026' प्रसिद्ध गीतकार, लेखक और केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (CBFC) के अध्यक्ष प्रसून जोशी को 4 जुलाई 2026 को प्रदान किया गया।
- भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI) ने कर्नाटक के चामराजनगर जिले के गुंदलुपेट तालुक में थोरियम-युक्त मोनाजाइट के महत्वपूर्ण भंडार की पहचान की है।
- केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कोलकाता के न्यू टाउन कन्वेंशन सेंटर में अमूल बंगाल डेयरी परियोजना के अंतर्गत विश्व के सबसे बड़े दही उत्पादन संयंत्र का भूमि पूजन किया।
  - ♦ संयंत्र सांकराइल फूड पार्क, हावड़ा (पश्चिम बंगाल) में स्थापित होगा।
- **विश्वास 2026 योजना**
  - ♦ **शुरू:** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) ने
  - ♦ नियोक्ताओं और संगठन के बीच पेनल्टी से जुड़े विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए एकमुश्त विवाद निपटान योजना
  - ♦ **लागू :** 29 जून 2026 से और छह महीने तक प्रभावी रहेगी।
- **PM ई-ड्राइव योजना:** सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए PM E-DRIVE योजना को दो साल बढ़ाकर 31 मार्च 2028 तक कर दिया है। योजना का कुल परिव्यय 11,900 करोड़ रुपये है।
- **विधि साहित्य प्रकाशन (VSP) के e-VSP पोर्टल का शुभारंभ:** सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के महत्वपूर्ण फैसले, कानूनी पत्रिकाएं, संदर्भ पुस्तकें और अन्य कानूनी साहित्य हिंदी में ऑनलाइन उपलब्ध करवाने हेतु ।
- **उत्तराखंड देश का छठा पूर्णत साक्षर राज्य:** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और 'उल्लास' नए भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत । साक्षरता दर: 98.7 प्रतिशत।
  - ♦ **अन्य पूर्णत: साक्षर राज्य:** मिजोरम, गोवा, त्रिपुरा, हिमाचल प्रदेश और सिक्किम।
- सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के डेटा के अनुसार, सिक्किम प्रति व्यक्ति आय के मामले में भारत का सबसे अमीर राज्य है, जबकि बिहार सबसे गरीब राज्य है।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 20 अगस्त 2026 को लद्दाख में जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ स्थापित करने को अपनी स्वीकृति दे दी है।
- भारत वर्ष 2025 में जहाज रिसाइक्लिंग के क्षेत्र में दुनिया में पहले स्थान पर रहा। एक आधिकारिक फैक्टशीट के अनुसार, वैश्विक जहाज रिसाइक्लिंग में भारत की हिस्सेदारी 2024 के 30.1 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 35.4 प्रतिशत हो गई है।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1 अगस्त 2026 को भोगपुरम, विजयनगरम, आंध्र प्रदेश में 'श्री अल्लूरी सीताराम राजू अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे' का उद्घाटन किया (चर्चित नृत्य: थिम्सा नृत्य)

Springboard Academy

# आर्थिक–समसामयिकी

## CBDC आधारित प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (DBT)

- **14 अगस्त 2026:** केंद्र सरकार ने PMGKAY (प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना) के तहत **चंडीगढ़ और दादरा एवं नगर हवेली** में **सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (CBDC)** आधारित DBT कार्यक्रम शुरू किया।
  - **पूर्ववर्ती पायलट प्रोजेक्ट:** गुजरात (15 फरवरी 2026) और पुडुचेरी (26 फरवरी 2026) में शुरू किया गया।
- **डिजिटल सब्सिडी :** इस पहल के तहत सभी पात्र **(PMGKAY) लाभार्थियों** को खाद्य सब्सिडी पारंपरिक बैंक खातों में न भेजकर, **'प्रोग्रामेबल CBDC' (डिजिटल रुपए)** के टोकन के रूप में सीधे उनके **'CBDC वॉलेट'** में भेजा जाएगा।
- **उद्घाटनकर्त्ता**–
  - **प्रह्लाद जोशी:** केंद्रीय शिक्षा, उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण एवं नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री।
  - **गुलाब चंद कटारिया:** पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासक
  - **शिवराज सिंह चौहान:** केंद्रीय ग्रामीण विकास, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री।
- **मुख्य बिंदु**
  - **प्रथम पूर्ण डिजिटल मॉडल:** चंडीगढ़ और दादरा एवं नगर हवेली **देश के पहले राज्य/केंद्र शासित प्रदेश** जहाँ PMGKAY सब्सिडी सीधे CBDC वॉलेट में दी गई।
  - **सब्सिडी की प्रकृति:** उद्देश्य-आधारित / प्रोग्राम करने योग्य-केवल निर्धारित खाद्य वस्तुओं की खरीद उपयोग।
  - **भुगतान माध्यम:** स्मार्टफोन उपयोगकर्ता–**क्यूआर कोड;** फीचर फोन उपयोगकर्ता - **ओटीपी–आधारित** तरीके से।

## राष्ट्रीय चक्रीय जैव ऊर्जा योजना 'गोबरधन'

- **मंजूरी:** प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 6 अगस्त 2026 को ।
- **GOBARdhan**–Galvanizing Organic Bio-Agro Resources Dhan
- मूल रूप से **स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)** के **तहत 2018** में **ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन (SWM)** के एक अभिन्न अंग के रूप में लॉन्च।
- **कुल परिव्यय:** 23,731 करोड़ रुपये।
- **क्रियान्वयन अवधि :** वित्त वर्ष **2026–27 से 2035–36**
- **नोडल मंत्रालय:** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय (MoPNG)।
- **उद्देश्य:** संपीड़ित बायोगैस (CBG) के घरेलू उत्पादन को 10 गुना तक बढ़ाना।
- **प्रमुख घटक:**
  1. सुनिश्चित सीबीजी निकासी: सीएनजी/पीएनजी में सीबीजी मिश्रण का लक्ष्य-वित्त वर्ष 2026–27 में 3%, 2027–28 में 4%और 2028–29 से 5%
  2. स्थिर मूल्य निर्धारण ढाँचा
  3. पूँजी सहायता
  4. पाइपलाइन अवसंरचना का विकास
  5. क्रेडिट गारंटी सहायता
  6. इकोसिस्टम चैलेंज फंड

## समुद्र मंथन योजना

- **स्वीकृति:** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 31 जुलाई 2026 को।
- **उद्देश्य:** गहरे एवं अति-गहरे अपतटीय (ऑफशोर) तेल एवं गैस अन्वेषण को बढ़ावा देना।
  - घरेलू हाइड्रोकार्बन उत्पादन बढ़ाना।
- **नोडल मंत्रालय:** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय।
- **वित्तीय परिव्यय :** रु. 84,084 करोड़।
- **क्रियान्वयन अवधि:** FY 2026–27 से 2030–31 तक।
- **प्रकृति:** केंद्रीय **क्षेत्रक** योजना।
- **चार प्रमुख घटक**–
  1. अपतटीय डेटा संकलन
  2. अपतटीय अन्वेषण और अवसंरचना-आधारित उत्पादन
  3. सामान्य अपतटीय अवसंरचना केंद्रों का विकास
  4. तेल एवं गैस विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्रें की स्थापना

### प्रधानमंत्री सूर्य सरोवर योजना (PM-SSY)

- **मंजूरी:** 31 जुलाई 2026 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने
- **उद्देश्य:** ऊर्जा भंडारण प्रणाली (ESS) सहित फ्लोटिंग सोलर फोटोवोल्टिक परियोजनाओं का विकास ।
- **नोडल मंत्रालय:** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय।
- **वित्तीय परिव्यय:** रु. 5,070 करोड़।
- **परियोजना स्वीकृत अवधि:** वित्त वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक।
    - ♦ वित्तीय सहायता वित्त वर्ष 2032-33 तक जारी रहेगी।
- **लक्ष्य:** न्यूनत्तम **10,000 MWh भण्डारण क्षमता** (कम-से-कम 2 घंटे की भंडारण) वाले एनर्जी स्टोरेज सिस्टम **+5,000 MW के फ्लोटिंग सोलर PV प्रोजेक्ट्स विकसित** करना।
- **केंद्रीय वित्तीय सहायता (CFA):** सफल कमीशनिंग के बाद योग्य फ्लोटिंग सोलर फोटोवोल्टिक प्रोजेक्ट्स के लिए **रु. 1 करोड़/MW**
- **व्यवहार्यता अध्ययन** (जैसे बाथिमेट्री, हाइड्रोग्राफी, पर्यावरणीय अध्ययन आदि) हेतु प्रति परियोजना रु. **50 लाख** तक।
- **नोट: नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सोलर एनर्जी (NISE)** - देश में लगभग **102.18 गीगावॉट** की फ्लोटिंग सोलर क्षमता (जलाशयों और अन्य उपयुक्त अंतर्देशीय जल निकायों में) का अनुमान है।

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (PM-KISAN) योजना का विस्तार

- **मंजूरी:** 31 जुलाई 2026 को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने।
- **वित्तीय परिव्यय : रु. 3.15 लाख करोड़।**
- **क्रियान्वयन अवधि:** FY 2026-27 से 2030-31तक।
- **शुभारंभ:** फरवरी 2019 में ।
- **प्रकृति:** केंद्रीय **क्षेत्रक** योजना।
- **वित्तीय सहायता:** रु. 6,000/वर्ष
    - ♦ रु. 2,000 की 3 समान किस्तों में
    - ♦ भुगतान: प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (DBT) प्रणाली द्वारा ।
- **प्रारम्भिक पात्रता:** केवल 2 हेक्टेयर तक की कृषि योग्य भूमि वाले छोटे और सीमांत किसानों के लिए थी।
    - ♦ **विस्तार:** 1 जून 2019 से देश के 'सभी' भूमिधारक किसान परिवार शामिल।
    - ♦ **अपात्रता:** संस्थागत भूमिधारक, संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्ति, कार्यरत या सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी (मल्टी टास्किंग स्टाफ/ग्रुप डी को छोड़कर), और आयकर दाता।
- राजस्थान में **मुख्यमंत्री किसान सम्मान योजना** के तहत **3,000 रुपये अतिरिक्त सहायता** प्रदान की जाती ।

# रिपोर्ट्स/सूचकांक

### वित्तीय समावेशन सूचकांक (FI-Index) 2026

- **जारी:** भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा
- **सूचकांक का मूल्य: 70.0** (मार्च 2026 को समाप्त वर्ष के लिए)
    - ♦ यह मार्च 2025 के 67.0 की तुलना में बढ़ा है (लगभग 4.48% की वृद्धि)।
- सभी उप-सूचकांकों **(पहुँच, उपयोग और गुणवत्ता)** में सुधार।
- इस वर्ष की वृद्धि मुख्य रूप से **उपयोग** में बढ़ोतरी के कारण हुई है।

# विविध

### पॉपकॉर्न मक्का हाइब्रिड बीज

- 24 अगस्त 2026 को उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने भारत का **पहला गैर-जीएमओ (Non-GMO) उच्च विस्तार क्षमता** वाला पॉपकॉर्न मक्का हाइब्रिड बीज जारी किया।
- **स्थान:** मुसुनुरु (एलुरु जिला)आंध्र प्रदेश ।
- **बीज की किस्में:** कृष्णा 459 और गोदावरी234।
- **विकसित करने वाली संस्था:** गॉरमेट पॉपकॉर्निका (एस. बी.पी. पट्टाभि राम राव के नेतृत्व में) के सहयोग से **ICAR-भारतीय मक्का अनुसंधान संस्थान (ICAR-IIMR)** द्वारा।

### भुगतान एवं निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007

- राष्ट्रपति ने भुगतान एवं निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007 में संशोधन को मंजूरी दी।

- **कानूनी आधार:** सरकार को UPI व RuPay नेटवर्क पर **MDR (Merchant Discount Rate)** लगाने का अधिकार।
- सरकार अधिसूचना के माध्यम से तय करेगी कि किन इलेक्ट्रॉनिक भुगतान माध्यमों पर MDR नहीं लगेगा।
- आम उपयोगकर्ता के लिए UPI भुगतान पूर्णत: नि:शुल्क बना रहेगा।

## प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (PM BJP)

- **30 जून 2026 तक** देश भर में कुल **20,149 (राजस्थान- 794)** जन औषधि केंद्र (JAK) खोले गए।
- PM BJP के अंतर्गत उत्पाद बास्केट में **2,110 दवाएँ और 315 शल्य चिकित्सा उत्पाद, चिकित्सा उपभोग्य वस्तुएँ और उपकरण** शामिल हैं।

## विष्णुगाड-पीपलकोटी जल विद्युत परियोजना

- **स्थान:** उत्तराखंड के चमोली जिले में।
- **क्षमता:** 444 मेगावाट (MW)।
- **नदी: अलकनंदा नदी**
- **निर्माण: टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड** द्वारा ।

## भारत की 300 GW गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता (31 जुलाई 2026 तक)

- **कुल विद्युत क्षमता:** 552 GW (स्वच्छ ऊर्जा का हिस्सा 54% से अधिक)।
- **क्षमता का विवरण:**

| ऊर्जा | क्षमता |
|---|---|
| सौर | 164.59 GW |
| पवन | 58.14 GW |
| जल | 57.24 GW |
| जैव | 11.75 GW |
| परमाणु | 8.78 GW |
| कुल गैर-जीवाश्म ऊर्जा | 300.50 GW |

- **वर्ष 2025-26 में रिकॉर्ड 55.29 GW** नई क्षमता जोड़ी गई (जिसमें **44.6 GW** केवल सौर ऊर्जा है)।
- देश में नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन भी 2014-15 में 190. 96 बिलियन यूनिट से बढ़कर 2025-26 में **477.79 बिलियन यूनिट** हो गई है।

## GST परिषद की 57वीं बैठक

- **आयोजन:** 12 सितंबर 2026, नई दिल्ली (घोषित) में।
- **अध्यक्षता:** केंद्रीय वित्त मंत्री
- पिछली बैठक 56वीं (3 सितंबर 2025) में **GST 2.0 दर-सुधार:** मुख्यत: 5% और 18% स्लैब तथा चयनित डेमेरिट वस्तुओं पर 40% विशेष दर।

## हथकरघा प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता केंद्र (CoE-HT)

- **उद्घाटन:** केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह 3 अगस्त 2026 को **IIT दिल्ली** में।
- **उद्देश्य:** हथकरघा क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मकता, स्थिरता और वैश्विक पहुँच को मजबूत करने के लिए भारत की समृद्ध हथकरघा विरासत को अत्याधुनिक अनुसंधान, नवाचार और डिजिटल प्रौद्योगिकियों के साथ एकीकृत करना।
- यह केंद्र हथकरघा ज्ञान का एक राष्ट्रीय डिजिटल भंडार विकसित करेगा।
- **पाँच प्रमुख पहलों का शुभारंभ:** हैंडलूम 4.0 मोबाइल ऐप, हैंडलूम e-विद्या, हैंडलूमएक्स, कलागृह हैंडलूम स्टूडियो (GenZ डिजाइन स्टूडियो), थ्रेड्स ऑफ वैलोर का।

## 'हैंडलूम हाट: द हैंडलूम एक्सपीरियंस सेंटर'

- **उद्घाटन:** केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने नई दिल्ली में।
- **विशेषता:** भारत की हथकरघा विरासत, ज्ञान, समकालीन डिजाइन, उद्यमिता व खुदरा बिक्री को एक ही छत के नीचे लाया गया।

Springboard Academy

# 03 अंतरराष्ट्रीय समसामयिकी

## चर्चित व्यक्तित्व

| चर्चित व्यक्तित्व | विवरण |
|---|---|
| नाथन थॉमस | • अमेरिका के फ्लोरिडा निवासी ने महज 18 साल और 346 दिन की उम्र में विश्व के सबसे युवा पुरुष प्रोफेसर बनकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया। (पूर्व रिकॉर्डः स्कॉटलैंड के गणितज्ञ कॉलिन मैकलॉरिन जो 1717 में 19 वर्ष की आयु में प्रोफेसर बने थे।) |
| डॉ. रोहन पी. नायडू | • भारतीय मूल के खगोल वैज्ञानिक डॉ. रोहन पी. नायडू के नेतृत्व में वैज्ञानिकों ने जेम्स वेबस्पेस टेलीस्कॉप की मदद से प्रारंभिक ब्रह्मांड में MoM-BH-1' नामक संभावित 'ब्लैक होल स्टार' की पहचान की, जो बिग बैंग के लगभग 66 करोड़ वर्ष बाद मौजूद था यह महाविशाल ब्लैक होल के प्रारंभिक विकास तथा 'Little Red Dots' के रहस्य को समझने में महत्वपूर्ण सुराग दे सकता है। |
| मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर | • बांग्लादेश के 23वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। |
| आभा नायर पटेल | • दिल्ली में जन्मी भारतीय मूल की आभा नायर पटेल जाम्बिया के सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला न्यायाधीश बनी हैं। |
| अनिल मेनन | • भारतीय मूल के नासा अंतरिक्ष यात्री अनिल मेनन ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) से बाहर निकलकर अपने जीवन का पहला ऐतिहासिक स्पेसवाक शुरू किया।<br>• इस 6.5 घंटे लंबे कठिन मिशन में अनिल मेनन के साथ नासा की अनुभवी अंतरिक्ष यात्री जेसिका मीर भी शामिल थीं, जो अपने करियर का छठा स्पेसवाक कर रही थीं। |
| सोफी एडेनोट | • यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी की अंतरिक्ष यात्री सोफी एडेनोट 18 अगस्त 2026 को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के बाहर स्पेसवॉक पूरी करने वाली फ्रांस की पहली और यूरोप की दूसरी महिला अंतरिक्ष यात्री बन गई हैं। **सहयोगीः** अंतरिक्ष यात्री अनिल मेनन |

## चर्चित स्थल

| चर्चित स्थान | विवरण |
|---|---|
| अमेरिका | • मैसाचुसेट्स राज्य की गवर्नर मौरा हीली और बोस्टन शहर की मेयर मिशेल वू ने 15 अगस्त को आधिकारिक रूप से **'इंडिया डे'** घोषित किया है।<br>• कैलिफोर्निया स्टेट असेंबली ने 8 नवंबर, 2026 को **'दिवाली डे'** के रूप में मान्यता देने वाला ऐतिहासिक प्रस्ताव पारित किया है।<br>• मेटा ने अमेरिका में राज्यों के साथ हुए लगभग 18 अरब डॉलर के समझौते के तहत फेसबुक और इंस्टाग्राम पर किशोरों (18 वर्ष से कम उम्र के यूजर्स) की सुरक्षा के लिए कड़े और नए डिफॉल्ट नियम जारी किए हैं। |
| नौरू | • प्रशांत महासागर में स्थित द्वीप देश  ने आधिकारिक तौर पर अपना नाम बदलकर **नाओएरो गणराज्य** कर लिया है। देश के राष्ट्रपति डेविड अदेआंग ने घोषणा की कि नया नाम देश की राष्ट्रीय भाषा में पारंपरिक वर्तनी और उच्चारण को दर्शाता है। |
| ताइवान | • ताइवान के राष्ट्रपति लई चिंग–ते ने प्रस्तावित किया है कि अगले वर्ष हर नागरिक को NT+10,000 (लगभग रु. 30,000) दिए जाएं। यह AI और सेमीकंडक्टर उद्योगों से होने वाले आर्थिक लाभों का भाग है। |
| कोलंबिया | • पश्चिमी कोलंबिया के चोको प्रांत में स्थित सैन जोस डेल पाल्मर के पास झटके कैली, पेरेरा, किब्दो और मनिजालेस जैसे शहरों में 7.4 तीव्रता का विनाशकारी भूकंप आया था। |
| ऑस्ट्रेलिया | • पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया विश्वविद्यालय दिसंबर 2026 तक चेन्नई एवं मुंबई में परिसर स्थापित करेगा। |
| मालदीव | • मालदीव की इंस्टेंट पेमेंट प्रणाली 'फवारा (Favara)' और भारत के Unified Payments Interface (UPI) के बीच सीमा–पार भुगतान एकीकरण शुरू किया गया है। |

### प्रधानमंत्री की उज्बेकिस्तान की राजकीय यात्रा

- **अवधि:** 29-30 अगस्त, 2026 तक।
- उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति **शावकत मिर्जियोयेव** से **स्वतंत्रता की 35वीं वर्षगाँठ पर** औपचारिक वार्ता की।
- प्रधानमंत्री मोदी को दोनों देशों के बीच मित्रता को मजबूत करने में उनके योगदान के लिए **'ओली दाराजली दोस्तलिक'** (सर्वोच्च मित्रता सम्मान) से सम्मानित किया जो उज्बेकिस्तान का विदेशी नेताओं हेतु सर्वोच्च सम्मान।
- **प्रमुख समझौते-**
  1. वर्ष 2026-30 हेतु। सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम।
  2. **विदेश मंत्रालय** एवं उज्बेकिस्तान सांस्कृतिक विरासत एजेंसी के बीच उज्बेकिस्तान के टर्मेज स्थित प्राचीन बौद्ध स्थलों फयाज टेपा और कारा टेपा के संरक्षण।
  3. **विदेश मंत्रालय** के अंतर्गत आने वाले सुषमा स्वराज विदेश सेवा संस्थान और उज्बेकिस्तान के विदेश मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले विश्व अर्थव्यवस्था और कूटनीति विश्वविद्यालय की राजनयिक अकादमी के बीच
  4. **खान मंत्रालय** एवं उज्बेकिस्तान के खनन उद्योग और भूविज्ञान मंत्रालय के बीच भूविज्ञान, खनन हेतु।
  5. **पर्यटन मंत्रालय** और उज्बेकिस्तान की पर्यटन समिति के बीच पर्यटन क्षेत्र में सहयोग के लिए वर्ष 2026-28 का साझेदारी कार्यक्रम।
  6. **संस्कृति मंत्रालय** के अधीन राष्ट्रीय अभिलेखागार और उज्बेकिस्तान के न्याय मंत्रालय के अधीन एजेंसी ''उजारआर्काइव'' के बीच अभिलेखीय कार्य।
  7. आयुर्वेद एवं अन्य पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों तथा शिक्षा एवं वैज्ञानिक अनुसंधान के क्षेत्र में सहयोग पर
  8. गुजरात एवं समरकंद क्षेत्र के बीच साझेदारी सम्बंध स्थापित करने के लिए ।
- **प्रमुख घोषणाएँ-**
  1. अरल सागर क्षेत्र में वृक्षारोपण के लिए 10 लाख अमरीकी डॉलर का अनुदान।
  2. हिंदी भाषा: लाल बहादुर शास्त्री (100 छात्रवृत्तियाँ)
  3. ताशकंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ ओरिएंटल स्टडीज में आईसीसीआर संस्कृत चेयर।
  4. NPCI इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (NIPL) और नेशनल इंटरबैंक प्रोसेसिंग सेंटर जेएससी (NIPC), उज्बेकिस्तान के बीच वाणिज्यिक समझौता।

# सूचकांक/ रिपोर्ट

### वैश्विक खाद्य सुरक्षा एवं पोषण की स्थिति SOFI 2026:

- **विषय:** 'स्वस्थ आहार की उच्च लागत को समझना और उसका समाधान करना'
- **जारीकर्ता**
  - खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO)
  - अंतर्राष्ट्रीय कृषि विकास कोष (IFAD)
  - संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (UNICEF)
  - विश्व खाद्य कार्यक्रम (WFP)
  - विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा संयुक्त रूप से जारी की गई।
- वर्ष 2025 में वैश्विक आबादी का 7.8% (लगभग 64.5 करोड़ लोग) भूख से प्रभावित रहे।
- स्वस्थ आहार की औसत लागत बढ़कर 4.28 PPP डॉलर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन हो गई है।
- वैश्विक स्तर पर लगभग 2.1 अरब लोग (25.8%) मध्यम या गंभीर खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे हैं।
- **खाद्य असुरक्षा दर:** ग्रामीण 30% तथा शहरी 22% है।
- पहली बार अफ्रीका में भूख से प्रभावित लोगों की संख्या एशिया से अधिक हो गई है।
- वर्ष 2030 तक वैश्विक स्तर पर 51-52 करोड़ लोगों के भुखमरी से प्रभावित रहने का अनुमान है। इनमें लगभग 56% आबादी अफ्रीका में होगी।

### 2026 का चौथा वार्षिक 'वर्क फ्रॉम एनीवेयर इंडेक्स'

- **जारीकर्ता:** इंटरनेशनल वर्कप्लेस ग्रुप
- **शीर्ष शहर:**
  1. बैंकॉक, थाईलैंड 2. टोक्यो, जापान 3. बार्सिलोना
- **मुंबई:** 50वां स्थान (स्कोर 77)
- इस वैश्विक सूची में जगह बनाने वाला मुंबई भारत का एकमात्र शहर है।

- **सकारात्मक पक्ष:** परिवहन की लागत, सह-कार्यशील व लचीले कार्यस्थलों की उपलब्धता, जलवायु और आवास के मामले में मुंबई का प्रदर्शन बेहतरीन रहा।

## प्रमुख समझौतें

- भारत सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अधीन कार्यरत उद्यम **पवन हंस लिमिटेड (PHL)** ने नॉर्वे की **नोएमी एयरोस्पेस (एल्फली एएस)** के साथ अगली पीढ़ी की टिकाऊ विमानन प्रौद्योगिकियों, जिसमें इलेक्ट्रिक सीप्लेन समाधान भी शामिल हैं, में सहयोग के अवसरों का पता लगाने के लिए एक **गैर-बाध्यकारी समझौता ज्ञापन** (MoU) पर हस्ताक्षर किए।
- **भारत** अमरीका के **जनरल एटॉमिक्स एयरोनॉटिकल सिस्टम्स** के साथ 1,943 करोड़ रुपए का करार से 30 महीने की लीज पर दो अत्याधुनिक **एमक्यू-1बी सी गार्जियन ड्रोन** ले रहा है।
- **भारत और आर्मेनिया** ने येरेवन में रक्षा अनुसंधान, विकास, नवाचार और उपकरणों के संयुक्त उत्पादन के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।
- **मक्का संयुक्त रक्षा समझौता:** पाकिस्तान, सऊदी अरब और तुर्की ने हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य किसी भी तरह के हमले के खिलाफ सामूहिक सुरक्षा को मजबूत करना है।
- **चेन्नई जलवायु-अनुकूल जल सुरक्षा और सीवरेज परियोजना:** केंद्र सरकार और एशियाई विकास बैंक (ADB) ने अमृत 2.0 के तहत् चेन्नई की जल आपूर्ति और स्वच्छता (सैनिटेशन) व्यवस्था के आधुनिकीकरण के लिए 230 मिलियन डॉलर (लगभग 1900 करोड़ रुपये से अधिक) के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।
- भारत-मॉरिशस ने तेल और गैस सहयोग पर ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- विशाखापत्तनम और मॉस्को ने स्मार्ट शहरी परिवहन और गतिशीलता को आधुनिक बनाने के लिए एक सहयोग समझौता किया है। इस समझौते पर मॉस्को में आयोजित 5वें अंतर्राष्ट्रीय परिवहन सम्मेलन के दौरान हस्ताक्षर किए गए।

## विविध

### समुद्री रक्षा गठबंधन

- सऊदी अरब और 13 अन्य देशों ने पश्चिम एशिया के प्रमुख जलमार्गों में नौवहन सुरक्षा के लिए बनाया है।
- **घोषणा:** रियाद में संबंधित देशों के सैन्य अधिकारियों की बैठक
- **उद्देश्य :** लगातार बढ़ रही समुद्री चुनौतियों से निपटना, तालमेल समुद्री सहयोग, मुक्त नौवहन तथा अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मार्ग और ऊर्जा आपूर्ति स्रोत सुरक्षित करना।
- **संस्थापक सदस्य:** सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन, कतर, मिस्र, जॉर्डन, यमन, कोमोरोस, सूडान, तुर्की, पाकिस्तान, बांग्लादेश, जिबूती और सोमालिया शामिल हैं।
- **स्थायी मुख्यालय:** सऊदी अरब।

### हुरुन इंडिया मोस्ट वैल्यूएबल फैमिली बिजनेसेज 2026

- **जारीकर्ता:** बार्कलेज प्राइवेट क्लाइंट्स
- भारत के शीर्ष 300 पारिवारिक व्यवसायों का कुल मूल्य अब 138 लाख करोड़ रुपये (1.46 ट्रिलियन डॉलर) है
  1. रिलायंस इंडस्ट्रीज के मालिक अंबानी परिवार
  2. बिरला परिवार
  3. जिंदल परिवार (जेएसडब्ल्यू स्टील)
  4. बजाज परिवार (बजाज ग्रुप)
  5. महिंद्रा परिवार (महिंद्रा एंड महिंद्रा)
- **गौतम अदाणी परिवार:** 19.6 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ पहली पीढ़ी के परिवारों में सबसे अमीर बनकर उभरा है।

### लिंडसे ओ. ग्राहम सैंक्शनिंग रूस एंड ईरान एक्ट ऑफ 2026

- अमेरिकी सीनेट ने रूस और उसके पेट्रोलियम उत्पादों के प्रमुख खरीदारों जैसे चीन और अन्य देशों को दंडित करने वाले विधेयक को पारित किया।
- इस विधेयक के तहत राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को रूस से तेल और गैस के शीर्ष पांच आयातकों से आने वाले सामानों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की अनुमति मिल जाएगी।
- यह विधेयक ईरान प्रतिबंध अधिनियम 1996 की वैधता अवधि को 2031 तक बढ़ा देगा।
- इसके तहत् ईरान के ऊर्जा क्षेत्र में निवेश करने वाली कंपनियों को दंडित किया जाता है।
- **नाम:** रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम (जिनका 11 जुलाई को निधन हो गया) के नाम पर।

### ऑपरेशन इकोनॉमिक आउटकास्ट

- अमेरिका ने ईरान की अर्थव्यवस्था को पूरी तरह दुनिया से अलग-थलग करने के लिए शुरू किया है
- **लक्षित क्षेत्र:** ईरान के पांच महत्वपूर्ण क्षेत्रों-डिजिटल संपत्ति, प्रौद्योगिकी, सोना, उड्डयन और नौवहन पर कड़े प्रतिबंध लगाए गए हैं।

## महत्त्वपूर्ण वन-लाइनर

- **ऑपरेशन त्रिशूल:** भारत सरकार ने 2019 से 2026 के बीच 36 देशों से 274 भगोड़े अपराधियों को वापस लाने में सफलता हासिल की है
- नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने काठमांडू के शीतल निवास में आयोजित एक विशेष समारोह में भारतीय सेना प्रमुख जनरल **धीरज सेठ** को नेपाली सेना के जनरल की मानद रैंक से सम्मानित किया।
- **मिश्र धातु निगम लिमिटेड (MIDHANI):** सार्वजनिक क्षेत्र की रक्षा कंपनी MIDHANI अमेरिका की GE Aerospace से 'S400 लैब अप्रूवल' हासिल करने वाली भारत की प्रथम कंपनी बन गई है।
- अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार, भारत का सामाजिक सुरक्षा कवरेज 101 करोड़ नागरिकों तक पहुँच गया है। कुल आबादी का 68% है, जो 2015 में केवल 19% था।
- स्पेन के उत्तर अफ्रीकी एन्क्लेव सेउटा में हाल ही में हुए अभूतपूर्व प्रवासी संकट में आधिकारिक तौर पर मरने वालों की संख्या बढ़कर 72 हो गई है।

## अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

| शिखर सम्मेलन/बैठक/सम्मेलन | दिनांक एवं स्थान | विवरण |
|---|---|---|
| प्रथम भारत-रवांडा संयुक्त व्यापार समिति (JTC) बैठक | 30-31 जुलाई 2026<br>नई दिल्ली | • रवांडा में JTC का दूसरा सत्रः 2027 में<br>• भारत रवांडा का सबसे बड़ा फार्मा आयातक (24.5%) और दूसरा सबसे बड़ा विदेशी निवेशक है। |
| संपत्ति वसूली पर ब्रिक्स विशेषज्ञ नेटवर्क की दूसरी बैठक | 4-5 अगस्त 2026<br>हैदराबाद, तेलंगाना | नोडलः कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, भारत। |
| 13वीं ब्रिक्स शिक्षा मंत्रियों की बैठक | 5-7 अगस्त 2026<br>भुवनेश्वर, ओडिशा। | • **अध्यक्षताः** प्रह्लाद जोशी (केंद्रीय शिक्षा मंत्री) |
| 11वीं ब्रिक्स संस्कृति मंत्रियों की बैठक | 8 अगस्त 2026<br>भोपाल | • **अध्यक्षताः** गजेंद्र सिंह शेखावत (केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री)<br>• **भारत की पहलः** कलाकारों के लिए एक स्वैच्छिक रजिस्ट्री (पायलट प्रोजेक्ट) की घोषणा<br>• **महोत्सव की थीमः** "सर्वे भवन्तु सुखिनः" |
| BRICS युवा परिषद की बैठक एवं BRICS युवा शिखर सम्मेलन | 19-20 अगस्त 2026<br>गांधीनगर, गुजरात | • **आयोजनः** युवा मामले विभाग, युवा मामले और खेल मंत्रालय।<br>• **थीमः** युवाः लचीलापन, नवाचार और सतत् परिवर्तन के स्तंभ।<br>• **'गांधीनगर ब्रिक्स यूथ डिक्लेरेशन 2026'** के औपचारिक मसौदे और उसे अपनाने के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। |

| | | |
|---|---|---|
| **12वीं ब्रिक्स पर्यावरण मंत्रियों की बैठक** | 18 अगस्त 2026<br>भारत मंडपम, नई दिल्ली। | • **अध्यक्षता:** केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव<br>• चार नॉलेज संग्रह लॉन्च किए गए:<br>1. समुद्री कचरा प्रबंधन में सर्वोत्तम तरीके।<br>2. जैव विविधता संरक्षण के लिए दोहरे दृष्टिकोण।<br>3. प्रकृति–आधारित समाधानों के माध्यम से जलवायु परिवर्तन को कम करना।<br>4. संसाधन दक्षता और सर्कुलर इकोनॉमी पहल। |
| **भारत–लेसोथो सहयोग के लिए संयुक्त द्विपक्षीय आयोग (JBCC) की 6वीं बैठक** | 30 जुलाई 2026<br>नई दिल्ली | • **सह–अध्यक्षता:** जनेश कैन (संयुक्त सचिव, विदेश मंत्रालय, भारत) और श्री थाबांग पी. लेखेला (प्रधान सचिव, लेसोथो) ने की।<br>• भारत ने औपचारिक रूप से लेसोथो को अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) और आपदा–रोधी अवसंरचना गठबंधन (CDRI) की सदस्यता प्राप्त करने के लिए आमंत्रित किया।<br>• **7वां सत्र:** 2027 में मासेरू (लेसोथो की राजधानी) में आयोजित किया जाना निर्धारित है। |
| **ब्रिक्स युवा एवं खेल मंत्रियों की बैठक** | 22–23 अगस्त 2026<br>विशाखापत्तनम, आंध्रप्रदेश | • **अध्यक्षता:** डॉ. मनसुख मांडविया, केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री।<br>• BRICS खेल संयुक्त घोषणा–पत्र'' को अपनाया गया। |
| **12वीं ब्रिक्स संचार मंत्रियों की बैठक** | 21 अगस्त 2026<br>पुणे, महाराष्ट्र | • **अध्यक्षता:** केंद्रीय संचार मंत्री श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया।<br>• भारत की अध्यक्षता के तहत ICT ट्रैक की **थीम:** लचीले भविष्य के लिए नवाचार, सहयोग और रूपांतरण"।<br>• भारत और ब्राजील ने दूरसंचार और ICT के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। |
| **14वीं ब्रिक्स विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार (STI) मंत्रिस्तरीय बैठक** | 21 अगस्त 2026, चेन्नई, तमिलनाडु | • **अध्यक्ष:** डॉ. जितेंद्र सिंह, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)।<br>• समापन सत्र में सर्वसम्मति से **चेन्नई घोषणा** को अपनाया गया |
| **मरुस्थलीकरण से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र अभिसमय (UNCCD) के पक्षकारों का 17वां सम्मेलन (CoP17)** | उलानबटार, मंगोलिया<br>17–28 अगस्त 2026 | • **भारतीय प्रतिनिधित्व:** केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव के नेतृत्व में।<br>• **भारत की भूमि पुनर्स्थापन प्रतिबद्धताएँ:** भारत ने बताया कि बॉन चैलेंज के तहत 2011–2020 के दौरान उसने सफलतापूर्वक **2.176 करोड़ हेक्टेयर** क्षरित भूमि का पुनर्स्थापन किया है। भारत का अंतिम लक्ष्य **2030 तक 2.6 करोड़ हेक्टेयर** भूमि का पुनर्स्थापन करना है। |

| | | |
|---|---|---|
| व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी एवं सांस्कृतिक सहयोग पर भारत–रूस अंतर–सरकारी आयोग की 27वीं बैठक | 24 अगस्त 2026 मॉस्को | • **सह–अध्यक्ष** भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और रूसी संघ के प्रथम उप–प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव ने सत्र की सह–अध्यक्षता की। |
| सेमीकंडक्टर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर भारत–जापान उद्योग गोलमेज बैठक | 25 अगस्त 2026 टोक्यो | • **अध्यक्षताः** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने की। |
| दूसरी भारत–न्यूजीलैंड रक्षा रणनीतिक वार्ता | 24 अगस्त 2026 वेलिंगटन | • **सह–अध्यक्षः** अमिताभ प्रसाद (संयुक्त सचिव, रक्षा मंत्रालय, भारत) और श्री रिचर्ड शिमट (उप सचिव, रक्षा मंत्रालय, न्यूजीलैंड) |
| 7वीं भारत–मोरक्को संयुक्त आयोग | मोरक्को<br>24–25 अगस्त, 2026 | ▪ भारत–मोरक्को भाषा AI पर संयुक्त आयोगः भारत और मोरक्को ने मोरक्को के डिजिटल सार्वजनिक सेवा पोर्टल इदाराती में स्थानीय मोरक्कन भाषाओं **दरिजा और अमाजीग** को एकीकृत करने के लिए एक संयुक्त आयोग स्थापित करने हेतु साझेदारी की है। |
| भारत–जापान स्टार्टअप गोलमेज बैठक | 26 अगस्त, 2026 को टोक्यो में | केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने चार–स्तंभ वाले ढाँचे का प्रस्ताव रखा, जिसमें शार्क टैंक–शैली की पिचिंग शामिल है। इसे 1 बिलियन डॉलर के भारतीय फंड ऑफ फंड्स द्वारा समर्थन दिया जाएगा। |
| भारत–कुवैत संयुक्त रक्षा समिति की उद्घाटन बैठक | 28 अगस्त, 2026<br>**नई दिल्ली** | • **सह–अध्यक्षः** संयुक्त सचिव श्री अमिताभ प्रसाद और कुवैती प्रतिनिधिमंडल के ब्रिगेडियर जनरल राएद अलसकरान। |
| **26वाँ शंघाई सहयोग संगठन (SCO) शिखर सम्मेलन** | 31 अगस्त–1 सितम्बर<br>**बिश्केक (किर्गिस्तान)** | • SCO की **25वीं वर्षगांठ** के अवसर पर।<br>• प्रधानमंत्री शिखर सम्मेलन को संबोधित करेंगे।<br>• **थीमः** एससीओ के 25 वर्ष सतत शांति, विकास और समृद्धि की ओर एक साथ |

| | | |
|---|---|---|
| भारत–अर्जेंटीना संयुक्त व्यापार समिति की चौथी बैठक | 24 अगस्त, 2026 को **ब्यूनस आयर्स** में | • **भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्वः** वाणिज्य सचिव श्री राजेश अग्रवाल ने किया। |
| शंघाई सहयोग संगठन (SCO) का 26वाँ शिखर सम्मेलन | 31 अगस्त से 1 सितम्बर<br>**बिश्केक (किर्गिस्तान)** | • SCO: शंघाई सहयोग संगठन (SCO) की **25वीं वर्षगांठ** के अवसर पर शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया।<br>• प्रधानमंत्री शिखर सम्मेलन को संबोधित करेंगे।<br>• **थीमः** एससीओ के 25 वर्ष सतत शांति, विकास और समृद्धि की ओर एक साथ |
| 8वीं भारत–ब्राजील व्यापार निगरानी तंत्र बैठक | **स्थानः** ब्रासीलिया, ब्राजील | • **सह–अध्यक्षताः** वाणिज्य सचिव श्री राजेश अग्रवाल और विदेश व्यापार सचिव सुश्री तातियाना लासेर्डा प्राजेरेस। |

Springboard Academy

# 04 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

## अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी

### PowerBank-50 बैटरी

- यह भारत में निर्मित प्रथम सैटेलाइट बैटरी है। जिसे 'फ्लाइट हेरिटेज' का टैग मिला।
- **विकास:** स्पेस स्टार्टअप टेकमी2स्पेस, हैदराबाद
- विक्रम-1 रॉकेट (मिशन आगमन)में बैटरी पैक ने सफलतापूर्वक अपना पहला मिशन पूरा कर लिया है।
- कॉस्मोसर्व स्पेस के प्रायोगिक पेलोड को प्रक्षेपण यान के ऑर्बिटल एडजस्टमेंट मॉड्यूल (ओएएम) पर 450 किलोमीटर की ऊंचाई पर पावरबैंक-50 यूनिट द्वारा संचालित किया गया था।

### एवरेस्ट

- भारत का प्रथम निजी फुल-फ्लो स्टेज्ड कंबशन (FFSC) LOX-मीथेन रॉकेट इंजन है
- **विकास:** एस्ट्रोबेस स्पेस टेक्नोलॉजीज, बेंगलुरु
- **ईंधन:** लिक्विड ऑक्सीजन (LOX) और लिक्विड मीथेन
- **थ्रस्ट:** 800 किलोन्यूटन (80-टन क्लास)
- इसे पुन: इस्तेमाल होने वाले 'मीडियम-लिफ्ट लॉन्च व्हीकल' के लिए डिजाइन किया गया है

### स्पेसएक्स

- 15 अगस्त 2026 को अमेरिका के दोनों अलग-अलग तटों से सिर्फ 38 मिनट के अंतराल पर दो फाल्कन 9 रॉकेट लॉन्च करके एक नया रिकॉर्ड बनाया है।
- प्रथम रॉकेट फ्लोरिडा के केप कैनावरल स्पेस फोर्स स्टेशन से लॉन्च हुआ, जो ग्लोबलस्टार के 8 उपग्रहों को लेकर गया था।
- इसके ठीक 38 मिनट बाद, कैलिफोर्निया के वैंडेनबर्ग स्पेस फोर्स बेस से दूसरा फाल्कन 9 रॉकेट लॉन्च किया गया। इसमें अमेरिकी अंतरिक्ष बल (U-S- Space Force) के लिए गोपनीय 'USSF-366' मिशन को अंतरिक्ष में पहुंचाया।

## रक्षा प्रौद्योगिकी

### INS मंगरोल

- कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (CSL), कोच्चि द्वारा निर्मित तीसरी पनडुब्बी रोधी उथले पानी की नौका 'मंगरोल' को 21 अगस्त 2026 को भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया।
- इस जहाज में 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है।
- यह जलमग्न निगरानी, तटीय जलक्षेत्र में पनडुब्बी रोधी युद्ध , निम्न -तीव्रता समुद्री अभियान और बारूदी सुरंगों से बचाव की क्षमताओं से सुसज्जित है।
- यह जहाज वाटरजेट से संचालित होता है और अत्याधुनिक टॉरपीडो , पनडुब्बी रोधी रॉकेट, उन्नत रडार और सोनार से लैस है।
- **नाम:** गुजरात के जूनागढ़ जिले में स्थित तटीय शहर और छोटे बंदरगाह 'मंगरोल' से लिया गया है, जो समुद्री मत्स्य पालन उद्योग का एक प्रमुख बंदरगाह है।
- यह भारतीय नौसेना के पूर्व माइनस्वीपर INS मंगरोल की विरासत को भी दर्शाता है, जो 2004 तक सेवा में रहा।
- **क्षमता:** इसकी लंबाई लगभग 78 मीटर है और यह अधिकतम 25 नॉट की गति से चल सकता है।

### निपुण

- 30 जुलाई 2026, विशाखापत्तनम में भारतीय नौसेना को सौंपा गया।
- **निपुण संस्कृत शब्द है, जिसका अर्थ:** कुशल/दक्ष/पारंगत।
- यह निस्तार श्रेणी का दूसरा डाइविंग सपोर्ट वेसल है।
- **निर्माता:** हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (HSL)।
- **मानक:** इंडियन रजिस्टर ऑफ शिपिंग (IRS) के वर्गीकरण मानकों के अनुरूप डिजाइन और निर्मित।
- **विशेषताएँ**
  - ♦ सैचुरेशन डाइविंग अभियानों, खोज और बचाव कार्यों के लिए अत्याधुनिक उपकरणों से लैस।

- साइड डाइविंग स्टेज तथा रिमोट चालित वाहन (ROV) से लैस, जो गोताखोरों की निगरानी और खोज अभियानों में मदद करते हैं।
- डीप सबमर्जेंस रेस्क्यू वेसल (DSRV) के मुख्य सहायक पोत के रूप में कार्य करेगा, जिससे आपात स्थिति में फंसी पनडुब्बियों से कर्मियों को सुरक्षित निकाला जा सके।
- यह पोत लगभग 75% स्वदेशी सामग्री से निर्मित है।

### यार्ड 3037,( श्रुति)

- यह अगली पीढ़ी का अपतटीय गश्ती पोत है।
- 11 अगस्त, 2026 को कोलकाता स्थित मेसर्स (GRSE) , कोलकाता में जलावतरित किया गया।
- **निर्माण :** गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (GSL), गोवा और गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (GRSE), कोलकाता में।
- **नाम:** 'श्रुति' रखा गया है, जो चारों वेदों का प्रतीक है।
- जहाज के प्रतीक चिह्न में **सप्तऋषि तारामंडल** और **लाल-सफेद रंग का प्रकाश स्तंभ** दर्शाया गया है

### ICGS अजीत (यार्ड 1277)

- गोवा शिपयार्ड लिमिटेड ने भारतीय तटरक्षक बल को अत्याधुनिक तेज गश्ती पोत ICGS अजीत (यार्ड 1277) औपचारिक रूप से सौंपा
- 65 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री से निर्मित है।
- **अधिकतम गति:** 27 नॉट से अधिक
- **परिचालन सीमा:** 1,500 समुद्री मील
- **संरचना:** 51.43 मीटर लंबा, 8 मीटर चौड़ा, भार विस्थापन 330 टन और ड्राफ्ट 2.5 मीटर है।
- यह दो समुद्री डीजल इंजनों से संचालित होता है, जो नियंत्रित पिच प्रोपेलर (सीपीपी) को घुमाते हैं।
- तेज गश्ती पोतों की इस श्रेणी में यह अपनी तरह की पहली सुविधा है, जिससे पोत की प्रणोदन क्षमता और परिचालन प्रदर्शन बेहतर होता है।
- इस पोत में उन्नत एकीकृत मशीनरी नियंत्रण प्रणाली लगाई गई है

### समर्थक

- लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड, कट्टुपल्ली द्वारा निर्मित पहला स्वदेशी बहु-उद्देशीय पोत (एमपीवी) समर्थक, 27 अगस्त 2026 को भारतीय नौसेना को सौंपा गया।
- इस जहाज में 75 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग हुआ।
- **अर्थ:** समर्थन करने वाला'

### स्वदेशी डाइविंग सपोर्ट क्राफ्ट डीएससी ए24

- यह पांच डाइविंग सपोर्ट क्राफ्ट (डीएससी) परियोजनाओं में से पांचवां जहाज है।
- कोलकाता के टीटागढ़ में लॉन्च किया गया।
- मुख्य और सहायक उपकरणों का 70 प्रतिशत स्वदेशी उपकरण है।

### इन-हाउस 'लॉन्च एंड रिकवरी सिस्टम' (LARS) टेस्ट प्लिंथ

- **उद्घाटन:** भारतीय नौसेना ने 19 अगस्त 2026 को पूर्वी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल संजय भल्ला ने किया
- **स्थान:** सबमरीन रेस्क्यू यूनिट (पूर्व), विशाखापत्तनम में
- **उद्देश्य:** डीप सबमर्जेंस रेस्क्यू व्हीकल के लॉन्च एंड रिकवरी सिस्टम के तट-आधारित परीक्षण, ट्रायल और रखरखाव को सक्षम बनाना।

### जैवलिन एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल सिस्टम (ATGM)

- भारतीय सेना ने अमेरिका से लगभग 100 जैवलिन एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल सिस्टम खरीदने के लिए एक सरकारी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।
- **उपकरण:** इस डील के तहत लगभग 100 जैवलिन मिसाइल राउंड और 25 हल्के वजन वाले कमांड लॉन्च यूनिट (CLU) लिए जा रहे हैं।
- यह फायर एंड फॉरगेट (दागो और भूल जाओ) प्रणाली पर आधारित है।
- **सह-उत्पादन :** Tata Advanced Systems Limited (TASL) और जैवलिन ज्वाइंट वेंचर (Lockheed Martin और RTX) ने भारत में ही जैवलिन मिसाइलों के सह-उत्पादन के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

### अग्नि-4 मिसाइल

- 6 अगस्त 2026 को ओडिशा के चांदीपुर से अग्नि-4 का सफल परीक्षण किया
- यह मध्यम दूरी की **सतह से सतह** बैलिस्टिक मिसाइल है।

- यह मिसाइल परमाणु और पारंपरिक हथियार ले जाने में सक्षम है।
- **ईंधन:** दो चरणीय ठोस **परास:** 4,000 किलोमीटर
- **संरचना:** लंबाई-20 मीटर और वजन-17,000 Kg
- यह मिसाइल 1,000 किलोग्राम पेलोड ले जा सकती है
- इसके साथ ही मिसाइल में अत्याधुनिक नेविगेशन और कंट्रोल सिस्टम लगाए गए हैं।
- इसमें रिंग लेजर जाइरोस्कोप आधारित इनर्शियल नेविगेशन सिस्टम और फ्लेक्ससील थ्रस्ट वेक्टर कंट्रोल तकनीक का इस्तेमाल किया गया है

### भार्गवास्त्र

- भारतीय सेना के सामने सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड (SDAL) ने नागपुर में अपने स्वदेशी एंटी-ड्रोन सिस्टम 'भार्गवास्त्र' का सफल लाइव ट्रायल किया
- यह सिस्टम हवाई हमलों और ड्रोन स्वार्म (ड्रोन के झुंड) जैसे बढ़ते खतरों से निपटने के लिए तैयार है।
- इसे सेना के कमांड और कम्युनिकेशन नेटवर्क से भी जोड़ा जा सकता है।
- **मारक क्षमता:** 2.5 से 6 किलोमीटर
- **सेंसर और रडार:** 6 से 10 किलोमीटर दूर से ही छोटे हवाई खतरों का पता लगा लेते हैं।
- **गतिशीलता:** इसे किसी भी वाहन पर आसानी से फिट किया जा सकता है, जिससे रेगिस्तान, मैदान या ऊंचे पहाड़ी इलाकों में त्वरित तैनाती संभव होती है।

### काल (KAL) ड्रोन

- प्रथम स्वदेशी लम्बी दूरी का एकतरफा हमला करने वाला आत्मघाती ड्रोन।
- **विकास:** IG डिफेन्स
- राजस्थान से लेकर अफगानिस्तान तक के लक्ष्यों तक पहुंचने में सक्षम है
- **परास:** 1,000 किलोमीटर दूर और 5000 मीटर ऊंचाई तक उड़ने में सक्षम।
- **गति:** 200 किमी/घंटा
- 50 किलोग्राम विस्फोटक ले जाने में सक्षम है
- 8 घंटे तक हवा में रह सकता है ।

### बाज बटालियन

- भारतीय सेना ने पंजाब में अत्याधुनिक ड्रोन से लैस अपनी पहली बाज बटालियन का गठन किया
- यह बटालियन आकाश में निगरानी तंत्र और युद्धक्षेत्र में दुश्मन पर बढ़त के रूप में काम करेगी।
- पंजाब के रक्षक कहे जाने वाले सेना के 11वें कोर जिसे वज्र कोर भी कहा जाता है, जो कोर बाज बटालियन को परिचालन में लाने वाला पहला कोर है।

### शेर

- उत्तर प्रदेश के अमेठी स्थित कोरवा ऑर्डनेंस फैक्ट्री में अपनी प्रथम 100% स्वदेशी AK-203 असॉल्ट राइफल 'शेर' का सफल परीक्षण किया है
- **वजन:** 3.6-3.8 Kg **प्रभावी रेंज:** 800 मीटर
- यह 7.62 × 39mm इंटरमीडिएट कारतूस दागता है।
- **निर्माण:** भारत और रूस के संयुक्त उद्यम 'इंडो-रशियन राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड' (IRRPL) द्वारा।
- यह 6 लाख से अधिक राइफलें पुरानी पड़ चुकी INSAS राइफलों की जगह लेगी।
- सितंबर 2026 में इस स्वदेशी प्रोटोटाइप को सेना के परीक्षण (यूजर ट्रायल) के लिए सौंपा जाएगा।

## जैव प्रौद्योगिकी

### 'MA-104'

- **विकास:** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद - राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान, भोपाल ने
- यह सूअरों के लिए भारत की पहली स्वदेशी अफ्रीकन स्वाइन फीवर वैक्सीन है।
- यह टीका **सेल लाइन पर आधारित जीवित क्षीण** टीका (लाइव एटेन्यूएटेड तकनीक) पर आधारित है।

### RK-251

- यह एक प्रायोगिक स्मार्ट प्रोड्रग है।
- यह दवा स्वस्थ कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाए बिना कैंसर कोशिकाओं को लक्षित करने के लिए बनाई गई है।
- **विकास:** इंसिस्ट्यूट ऑफ एडवांस स्टडी इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी (IASST) गुवाहाटी और IIT गुवाहाटी

- विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने पारंपरिक कीमोथेरेपी के एक संभावित लक्षित विकल्प के रूप में 'RK-251' नई 'स्मार्ट' कैंसर दवा की घोषणा की।
- **कार्यप्रणाली–**
  - यह प्रोड्रग शरीर में सामान्य रूप से यात्रा करते समय निष्क्रिय रहती है।
  - कैंसर कोशिकाओं के अंदर मौजूद उच्च प्रतिक्रियाशील ऑक्सीजन प्रजातियों (ROS) के संपर्क में आने पर यह सक्रिय होती है।
  - यह 'NBDHEX' नामक एक एंटीकैंसर यौगिक जारी करती है, जो कैंसर कोशिकाओं को बढ़ने से रोकने वाले प्रोटीन को ब्लॉक करता है।

### ACSCeND'

- AI-based Cancer Stem-like Cell Profiler and Neoplasm Deconvoluter
- यह एक नया कृत्रिम बुद्धिमत्ता तंत्र जो ट्यूमर जीन अभिव्यक्ति डेटा से **कैंसर स्टेम-जैसी कोशिकाओं** (CSC)की तीन अलग-अलग विकासात्मक अवस्थाओं (प्लुरिपोटेंट, मल्टीपोटेंट और यूनिपोटेंट) की पहचान करता है।
- **विकास:** S.N. बोस नेशनल सेंटर फॉर बेसिक साइंसेज और अशोक यूनिवर्सिटी

### नैनोबोट्स

- नैनोबोट्स सूक्ष्म मशीने होती है जिन्हें परमाणु और आण्विक पैमाने पर कार्य करने के लिए डिजाइन किया जाता है।
- स्तन कैंसर के अधिक सटीक और लक्षित उपचार के लिए प्रकाश-सक्रिय बहुक्रियाशील नैनोबोट्स है
- **विकास:** इंस्टीट्यूट ऑफ नैनो साइंस एंड टेक्नोलॉजी (INST), मोहाली।
- **आकार:** 50-100 नैनोमीटर (nm)
- **कार्यप्रणाली**
  - ये बाहरी या आंतरिक संकेतों पर प्रतिक्रिया देते हैं।
  - इन्हें शरीर के बाहर से निकट-अवरक्त प्रकाश या चुंबकीय क्षेत्र द्वारा नियंत्रित किया जाता है।
  - ये शरीर के भीतर के pH स्तर या एंजाइम के आधार पर सक्रिय होते हैं।
  - इसके कारण ये बिना स्वस्थ कोशिकाओं को नुकसान पहुँचाए सीधे कैंसर कोशिकाओं पर हमला करते हैं।

### प्रोटीन भाषा मॉडल (pLMs)

- वैज्ञानिकों ने प्रोटीन को छोटा करने के लिए AI आधारित एक नया फ्रेमवर्क बनाया है। इसका नाम Regan है।
- **pLMs क्या हैं?**
  - pLMs लाखों प्रोटीन सीक्वेंस से सीखते हैं। ये प्रोटीन के छिपे हुए जैविक नियमों को समझते हैं।
  - AI अमीनो एसिड को संख्यात्मक रूप में बदलता है। इससे प्रोटीन की संरचना और कार्य का अनुमान लगाया जाता है।
  - AI प्रोटीन के जरूरी हिस्सों की पहचान कर गैर-जरूरी हिस्सों को हटाने में मदद मिल सकती है।
  - इससे प्रोटीन को छोटा या दोबारा डिजाइन किया जा सकता है।

  **उदाहरण:** ProtGPT2 और ProGenA

### ICAR द्वारा 16 नई स्वदेशी पशु नस्लों को मान्यता

- भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय पशु आनुवांशिक संसाधन ब्यूरो, करनाल (ICAR-NBAGR) ने हाल ही में पशुधन एवं कुत्तों की 16 नई स्वदेशी नस्लों का पंजीकरण किया है।
- **नई पंजीकृत नस्लें**

  **1. गाय-4:** उमरदा, पेरियार, कोप्पल, महाकौशली

  **2. भेड़-4:** मडग्याल, सीमांचली, कोव देबर, असोमी

  **3. बकरी-2:** तोटापुरी, बत्तीसी

  **4. अन्य पशु/प्रजातियाँ-6**

  - गोमांचली-भैंस
  - कोम्बाई-कुत्ता
  - नागल-सूअर
  - कश्मीरी पोनी-घोड़ा
  - ब्रज-गधा
  - सिक्किमी-याक
- नई नस्लों को शामिल करने के बाद ICAR-NBAGR के पास कुल 262 पंजीकृत नस्लें हैं। इनमें:- 258 स्वदेशी नस्लें, 4 संकर नस्लें शामिल हैं।

## प्रमुख अभ्यास

### ऑपरेशन शॉकवेव

- **संचालन:** बीकानेर पुलिस
- **कार्यवाही:** खाजूवाला सीमा क्षेत्र में ड्रोन से गिराई गई 10 किलो अफगान हेरोइन और 11 विदेशी पिस्तौल बरामद की।

## तरंग शक्ति-2026 अभ्यास

- एक बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास है
- **आयोजन:** जोधपुर वायुसेना स्टेशन पर सितंबर 2026 में
- **प्रतिभागी:** अमेरिका, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, यूएई, ग्रीस, सिंगापुर, बांग्लादेश और श्रीलंका सहित देशों की वायु सेनाएँ।
- इसमें जिसमें तेजस, राफेल, Su-30MKI, मिराज-2000, मिग-29, जगुआर और प्रचंड हेलीकॉप्टर शामिल होंगे।

## 8th विस्फोटक आयुध निस्तारण (EOD) अभ्यास 2026

- **भागीदार:** भारतीय नौसेना और अमेरिकी नौसेना
- **आयोजन:** 10 से 14 अगस्त 2026 तक दक्षिणी नौसेना कमान, कोच्चि
- **उद्देश्य:** दोनों नौसेनाओं की विशेषज्ञ गोताखोरी एवं विस्फोटक आयुध निस्तारण टीमों के बीच परस्पर संचालन क्षमता को बढ़ाना।

## पिच ब्लैक

- **आयोजक :** रॉयल ऑस्ट्रेलियाई वायु सेना
- **आयोजन:** ऑस्ट्रेलिया
- **भागीदार:** भारतीय वायुसेना और 20 से अधिक देशों की वायुसेना

## उदाराशक्ति 2026

- **आयोजन:** मलेशिया के सुबांग एयरबेस
- **भागीदार:** भारतीय वायु सेना और रॉयल मलेशियन

## सहयोग-हॉप टैक

- **आयोजन:** चेन्नई, तमिलनाडु
- **प्रतिभागी:** भारतीय तटरक्षक बल (ICG) और वियतनाम तटरक्षक बल (VCG)
- **भागीदारी:** इसमें भारत के 8 पोत और 6 विमानों के साथ-साथ वियतनाम का पोत CSB 8002 शामिल हुआ।
- इस अभ्यास के दौरान चेन्नई में दोनों देशों के तटरक्षक बलों की 7वीं उच्च स्तरीय बैठक भी आयोजित की गई।

## रणनीतिक परिचालन तत्परता और आपातकालीन लैंडिंग अभ्यास (Operational Readiness and Emergency Landing Drill)

- **आयोजक:** भारतीय थल सेना की जोधपुर आर्मी एविएशन कोर।
- **आयोजन:** भारत-पाकिस्तान सीमा के निकट जैसलमेर-बाड़मेर सेक्टर में।
- **प्रतिभागी:** AH-64E अपाचे और रुद्र।
- **उद्देश्य:** रेतीले टीलों के बीच बने अस्थाई हेलिपैड और भारतमाला हाईवे का उपयोग कर उच्च तीव्रता युद्ध परिस्थितियों में रसद आपूर्ति, घायल सैनिकों के रेस्क्यू और एंटी-ड्रोन खतरों से निपटने की परिचालन तैयारियों को परखना था।

# विविध-गतिविधियाँ

## दक्षिण भारत की प्रथम सेमीकंडक्टर पैकेजिंग इकाई

- **उद्घाटन:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1 अगस्त 2026 को।
- **स्थान:** तारलुवाडा, विशाखापत्तनम, वर्चुअल माध्यम से है।
- **विकास :** ASIP टेक्नोलॉजीज (Advanced System In Package Technologies)
- **तकनीकी सहयोग:** दक्षिण कोरिया की दिग्गज कंपनी APACT Co. Ltd.

## 'हिप्पोकैम्पस अमांडाविंसेंटे'

- यह कँटीले समुद्री घोड़े की नई प्रजाति है जो भारत में समुद्री घोड़े की पांचवीं प्रजाति है।
- **खोज:** केरल के केरल मात्स्यिकी और समुद्र विज्ञान विश्वविद्यालय (KUFOS) के शोधकर्ताओं ने।
- **नामकरण:** प्रसिद्ध समुद्री जीवविज्ञानी और 'प्रोजेक्ट सीहॉर्स' की संस्थापक अमांडा विंसेंट के सम्मान में रखा गया है।
- **स्थान:** इसका पहला नमूना तमिलनाडु के तूतीकोरिन मत्स्य बंदरगाह पर मछली पकड़ने के दौरान मिले बायकैच से एकत्र किया गया था, और इसे केरल के तट पर भी दर्ज किया गया।

## भारत का प्रथम उद्योग-अकादमिक परमाणु प्रौद्योगिकी कार्यक्रम 'अनुज्ञान'

- **प्रारम्भ:** IIT हैदराबाद ने, 3 अगस्त को क्रिमसन एनर्जी एक्सपर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (CEEPL) के सहयोग से।
- **उद्देश्य:** भारत की परमाणु ऊर्जा क्षमता को 2047 तक 8.8 गीगावॉट से बढ़ाकर 100 गीगावॉट करने के लक्ष्य का समर्थन करना।

- **अवधि:** 3 महीने का आवासीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम।
- **पाठ्यक्रम:** रिएक्टर फिजिक्स, थर्मल हाइड्रोलिक्स, स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर और परमाणु सुरक्षा विनियमन

### परम प्रज्ञा

- यह एक कृत्रिम बुद्धिमता से संचालित उच्च प्रदर्शन वाली सुपरकम्प्यूटिंग सुविधा है।
- **उद्घाटन:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 8 अगस्त को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली के 57वें दीक्षांत समारोह के दौरान।
- **स्थान:** संस्थान के सोनीपत कैंपस में राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन के तहत स्थापित।
- **क्षमता:** सुपरकंप्यूटर हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग के लिए 8 पेटाफ्लॉप्स और एआई वर्कलोड के लिए 250 पेटाफ्लॉप्स तक।

### भारत का प्रथम बड़े पैमाने का बायोपॉलिमर प्लांट

- **स्थान:** कुंभी चीनी, लखीमपुर खीरी, उतरप्रदेश
- **विकास:** बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड (BCML) द्वारा
- **वार्षिक उत्पादन क्षमता:** 80,000 टन पॉलीलैक्टिक एसिड (PLA)

### इंटेलीसीट

- यह स्मार्ट ड्राइवर सीट है, जो चालकों की थकान का पता लगाकर उन्हें समय रहते अलर्ट करती है।
- **विकास:** IIT मद्रास के रीहैबिलिटेशन बायोइंजीनियरिंग ग्रुप ने प्रोफेसर वेंकटेश बालासुब्रमण्यम के नेतृत्व में वाहन सीट निर्माता कंपनी **हरिता** के साथ मिलकर।

### वल्कन

- रेजरपे ने भारत का पहला एआई पेमेंट फाउंडेशन मॉडल लॉन्च किया है।
- इसे भुगतान की सफलता दर में सुधार करने, उपयोगकर्त्ता के व्यवहार की भविष्यवाणी करने और भारतीय वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र के लिए तैयार की गई उन्नत मशीन लर्निंग क्षमताओं के साथ धोखाधड़ी का पता लगाने, डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है।

## महत्त्वपूर्ण वन लाइनर

- **स्पेसएक्स:** फाल्कन 9 रॉकेट का एक परित्यक्त ऊपरी हिस्सा लगभग 8,690 किमी/घंटा की तेज गति से चंद्रमा की सतह से टकरा गया, जिससे वहां एक नया क्रेटर (गड्ढा) बन गया है
- **NASA:** आर्टेमिस समझौते के तहत भारत के ISRO को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास प्रस्तावित मून बेस कार्यक्रम में शामिल होने का औपचारिक आमंत्रण दिया है।
- **'AIM-424 मैलिस':** अमेरिकी नौसेना ने 463 किलोमीटर से अधिक रेंज वाली नई लंबी दूरी की एयर-टू-एयर मिसाइल का आधिकारिक अनावरण किया है। इसका विकास अमेरिकी डिफेंस कंपनी **रेथियॉन** ने किया है
- **रॉकेट जुके-3:** चीन ने पहली बार अपने पुन: इस्तेमाल होने वाले रॉकेट जुके-3 को जमीन पर सफलतापूर्वक वापस उतारा है, जिसका परीक्षण चीनी स्पेस कंपनी लैंडस्पेस द्वारा किया गया।
- **शनझौ-23:** चीन के अंतरिक्ष यात्रियों ने तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन पर माइक्रोग्रैविटी में उगाई गई चावल की पहली फसल की सफलतापूर्वक कटाई कर ली।
- **भावना कंठ:** भारतीय वायुसेना की स्क्वाड्रन लीडर बिहार की बेटी देश की प्रथम महिला फाइटर कॉम्बैट लीडर बन गई हैं।
- **दीपक धर:** भारतीय भौतिक विज्ञानी को **'डिराक मेडल'** 2026 से किया गया सम्मानित।
- **हेमंत कुमार भुकर:** राजस्थान के सीकर जिले के छोटे से गांव गोठड़ा भूकरान निवासी का भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) में वैज्ञानिक 'ए' श्रेणी अधिकारी के पद पर चयन हुआ है
- **'फार्मगार्ड':** केरल वन विभाग ने इंसानों और जंगली जानवरों के बीच बढ़ते टकराव को रोकने और फसलों की रक्षा के लिए AI-आधारित डिजिटल प्रहरी प्रणाली शुरू की है।
- **'इको-एजुकेशनल हब'-'प्रकृति ज्ञान धाम':** केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने लखनऊ के बंथरा स्थित महर्षि पाराशर बायोरिसोर्स सेंटर में CSIR-NBRI द्वारा विकसित राष्ट्र को समर्पित किया।

- **'गर्भिणी मित्र':** आयुष मंत्रालय के अधीन अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (AIIA), नई दिल्ली ने वर्ष 2026-2027 शैक्षणिक सत्र के लिए आयुर्वेद-आधारित मातृ कल्याण सहायता हेतु कोर्स शुरू किया है
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के स्वायत्त संस्थान जवाहरलाल नेहरू सेंटर फॉर एडवांस्ड साइंटिफिक रिसर्च (JNCASR), बेंगलुरु के वैज्ञानिकों द्वारा **अल्जाइमर रोग** के शुरुआती बायोमार्कर एमिलॉयड-B (AB) की कम लागत और सुलभ पहचान के लिए 'TZ-48' नामक छोटे अणु (प्रोब) और 'ADxFluor' नामक स्मार्टफोन-आधारित पोर्टेबल डायग्नोस्टिक प्लेटफॉर्म को विकसित किया गया है।
- वैज्ञानिकों ने GJ 523b नामक एक असाधारण और बेहद घने 'मेगा-अर्थ' ग्रह की खोज की है, जो पृथ्वी से लगभग 23. 5 गुना भारी है लेकिन आकार में सिर्फ 2.5 गुना बड़ा है
- DPIIT स्टार्ट-अप इंडिया पोर्टल के अनुसार , भारत में लगभग 440 अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी स्टार्टअप पंजीकृत हैं। इन-स्पेस ने 52 गैर-सरकारी संस्थाओं (NGE) को विभिन्न अंतरिक्ष गतिविधियों को संचालित करने के लिए 113 प्राधिकरण प्रदान किए हैं, जिनमें से 18 स्टार्टअप हैं।

**नई** तकनीकों में कौशल विकास के लिए 'ब्रह्मगुप्त सेंटर फोर इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी' का संचालन कहां किया जा रहा है?

(A) जोधपुर (B) जयपुर

(C) बीकानेर (D) कोटा

# 05 खेल–समसामयिकी

## फुटबॉल

### 135वाँ डूरंड कप 2026

- **आयोजन:** विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन, कोलकाता
- **विजेता:** ईस्ट बंगाल एफसी
- **उपविजेता:** मोहन बागान सुपर जायंट
- **ईस्ट बंगाल के खिताब:** 17
- **प्लेयर ऑफ द मैच:** एडमंड लालरिंदिका-हैट्रिक (मिजोरम) (क्लब ईस्ट बंगाल)।

## हॉकी

### FIH हॉकी विश्व कप 2026

- **तिथि:** 15-30 अगस्त 2026
- **स्थान:** वेगेनर स्टेडियम (एम्स्टेलवीन, नीदरलैंड) एवं बेल्फियस एरीना (वावरे, बेल्जियम)
- **फाइनल परिणाम:**

| **पुरुष** | **महिला** |
|---|---|
| विजेता: जर्मनी | विजेता: अर्जेंटीना |
| उप-विजेता: स्पैन | उप-विजेता: नीदरलैण्ड |

- **भारत का प्रदर्शन**
  - ♦ **पुरुष टीम**
    - कप्तान: हरमनप्रीत सिंह
    - पूल D : इंग्लैंड, भारत, पाकिस्तान, वेल्स
    - परिणाम: 8वाँ स्थान
    - पूल D में दूसरे स्थान पर रहने के बाद दूसरे दौर में प्रवेश किया (वेल्स को 3-1, पाकिस्तान को 5-3 से हराया; इंग्लैंड से 2-4 से हार)।
    - **हरमनप्रीत सिंह:** 8 गोल-टूर्नामेंट के संयुक्त सर्वाधिक गोल स्कोरर।
  - ♦ **महिला टीम**
    - कप्तान: सलीमा टेटे
    - पूल D: चीन, भारत, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका
    - परिणाम: 5वां स्थान-1974 में चौथे स्थान के बाद भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन।
    - दूसरे दौर में प्रवेश किया (चीन और इंग्लैंड के साथ ड्रॉ, दक्षिण अफ्रीका को 6-1 से हराया)।
    - टूर्नामेंट में केवल एक मैच हारा (नीदरलैंड के खिलाफ)।
    - 5वें-6वें स्थान के वर्गीकरण मुकाबले में जर्मनी को 3-1 से हराया।

## बैडमिंटन

### ताइपेई ओपन

- **टूर्नामेंट:** BWF ताइपेई ओपन सुपर 300
- **श्रेणी:** महिला एकल
- **चैंपियन:** तन्वी शर्मा (भारत)
- **आयु:** 17 वर्ष
- **उपविजेता:** गुयेन थुई लिन्ह (वियतनाम)
- **फाइनल स्कोर:** 21-16, 21-16
- तन्वी शर्मा ने अपना पहला BWF वर्ल्ड टूर खिताब जीता।
- वह **ताइपेई ओपन महिला एकल खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी** बनीं, उन्होंने ताई त्जु यिंग (चीनी ताइपे) का रिकॉर्ड पीछे छोड़ा।

### VICTOR Korea Masters 2026 (BWF Super 300)

- **आयोजन:** आसन यी सन-सिन जिम्नेजियम, आसन, दक्षिण कोरिया
- **महिला एकल फाइनल**
  - ♦ **विजेता:** अश्मिता चालिहा (भारत)- असम से
  - ♦ **उपविजेता:** हान कियानशी (चीन)
- अश्मिता ने सेमीफाइनल में अपनी साथी भारतीय रक्षिता रामराज को हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

### BWF विश्व चैंपियनशिप 2026

- **आयोजन:** इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम, नई दिल्ली, भारत (17-23 अगस्त 2026)

- ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने BWF विश्व चैंपियनशिप 2026 में **कांस्य पदक** जीता। महिला युगल सेमीफाइनल में उन्हें चीन की गत चैंपियन **लियू शेंग शू और टैन निंग** से 21-18, 13-21, 8-21 से हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही इस स्पर्धा में भारत का **15 वर्षों का विश्व चैंपियनशिप पदक का इंतजार** समाप्त हुआ। वे **ज्वाला गुट्टा और अश्विनी पोनप्पा** के बाद विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला युगल जोड़ी बनीं।

- **परिणाम**

| स्पर्धा | स्वर्ण (Gold) | रजत (Silver) |
|---|---|---|
| पुरुष एकल | एलेक्स लानियर (फ्रांस) | कोडाई नाराओका (जापान) |
| महिला एकल | आन से–यंग (दक्षिण कोरिया) | अकाने यामागुची (जापान) |
| पुरुष युगल | लियांग वेइकेंग/वांग चांग (चीन) | आरोन चिया/सोह वूई यिक (मलेशिया) |
| महिला युगल | बाक हा–ना/ली सो–ही (दक्षिण कोरिया) | लियू शेंगशु/तान निंग (चीन) |
| मिश्रित युगल | थॉम गिक्वेल/डेल्फिन डेलरू (फ्रांस) | फेंग यानझे/हुआंग डोंगपिंग (चीन) |

## *टेनिस*

### बॉन ओपन 2026

- **टूर्नामेंट:** बॉन ओपन 2026 (ATP चैलेंजर)
- **श्रेणी:** पुरुष युगल
- **चैंपियन:** रामकुमार रामनाथन और विजय सुंदर प्रशांत (भारत)
- **उपविजेता:** स्कॉट डंकन (इंग्लैंड) और एडम हेनोनेन (स्वीडन)
- **फाइनल स्कोर:** 7-6(4), 6-3
- रामकुमार रामनाथन के लिए 2026 का दूसरा ATP चैलेंजर युगल खिताब।

### कैनेडियन ओपन टेनिस 2026 (नेशनल बैंक ओपन)

- **महिला एकल फाइनल (टोरंटो):**
  - **विजेता:** इगा स्वियाटेक (पोलैंड, 7वीं वरीयता)
  - **उपविजेता:** एलेना रिबाकिना (कजाकिस्तान, 2वीं वरीयता)
- **पुरुष एकल फाइनल (मॉन्ट्रियल):**
  - **विजेता:** बेन शेल्टन (अमेरिका, 5वीं वरीयता)
  - **उपविजेता:** ब्रैंडन नाकाशिमा (अमेरिका)

### सिनसिनाटी ओपन 2026–WTA 1000

- यह टूर्नामेंट अमेरिका के ओहायो राज्य के मेसन स्थित ''लिंडनर फैमिली टेनिस सेंटर'' में आउटडोर हार्ड कोर्ट पर खेला जाता है।
- **महिला एकल**

| | |
|---|---|
| चैम्पियन | कोको गॉफ (USA) |
| उपविजेता | जेसिका पेगुला (USA) |

- 2026 का महिला एकल फाइनल ''1970 के बाद सिनसिनाटी महिला एकल का पहला ऑल-अमेरिकन फाइनल'' था।

### सिनसिनाटी ओपन 2026– ATP मास्टर्स 1000

- आर्थर फिल्स ATP मास्टर्स 1000 खिताब जीतने वाले सबसे युवा फ्रांसीसी खिलाड़ी'' बन गए।

| | |
|---|---|
| चैम्पियन | आर्थर फिल्स (फ्रांस) |
| उपविजेता | फ्रांसिस टियाफो (यूएसए) |

### WTT Feeder Olomouc 2026–टेबल टेनिस

- **आयोजन:** ओलोमौच, चेकिया
- **पुरुष एकल**
  - विजेता: अंकुर भट्टाचार्जी (भारत)
  - विशेष उपलब्धि: पहला WTT पुरुष एकल खिताब
  - फाइनल: डेनी कोजुल (स्लोवेनिया) को हराया।
- **पुरुष युगल**
  - विजेता: अंकुर भट्टाचार्जी एवं आकाश पाल (भारत)
  - फाइनल: च्साबा एंड्रास स्जांतोसी (हंगरी) एवं एलन कुलचिकी-जालेव्स्की (पोलैंड) को हराया।
- भारत के **एन. श्रीराम बालाजी और अनिरुद्ध चंद्रशेखर** ने मेक्सिको में आयोजित ATP Challenger 125 Cancún Country Open का पुरुष युगल खिताब जीता। फाइनल

में उन्होंने **इवान लियूटारेविच और मिगुएल एंजेल रेयेस-वरेला** को 6-3, 7-6(4) से हराया।

## कुश्ती

### U17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2026

- **आयोजन:** बाकू, अजरबैजान
- **आयोजक:** यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (UWW)
- **भारत के कुल पदक: 13** (महिला कुश्ती + पुरुष फ्रीस्टाइल)
- **पुरुष फ्रीस्टाइल टीम रैंकिंग:** 123 अंकों के साथ तीसरा स्थान
- **पुरुष फ्रीस्टाइल**

| पहलवान | पदक | ''प्रतिद्वंद्वी'' |
|---|---|---|
| सितेंद्र मलिक (60 किग्रा) | स्वर्ण | सर्गेई करम्रियन (रूस) |
| आर्यन (48 किग्रा) | रजत | बकदौलेट अगाबेक (कजाकिस्तान) |
| हनुमंत राजेंद्र जाधव (45 किग्रा) | कांस्य | महदी दावूद डामरचेहली (ईरान) |
| प्रथमेश सूर्यकांत पाटिल (55 किग्रा) | कांस्य | चेस करेन्बॉयर (अमेरिका) |
| सक्षम (92 किग्रा) | कांस्य | मोहम्मद रेजा बेहरंग इसाजादेह (ईरान) |
| अरुश राणा (110 किग्रा) | कांस्य | सगिंडिक तेमिरगली (कजाकिस्तान) |

- **महिला फ्रीस्टाइल**

| पहलवान | पदक | प्रतिद्वंद्वी |
|---|---|---|
| संध्या विश्नोई (46 किग्रा.) | रजत | कोकोना माकिनो (जापान) |
| अक्षरा (53 किग्रा.) | रजत | मार्ली सोलोमन (अमेरिका) |
| नितिका सेहरावत (57 किग्रा.) | रजत | एपेनेसा एलिसन (अमेरिका) |
| कामना बाबल (49 किग्रा.) | कांस्य | इरिना त्सीडेवा (रूस) |
| अवंशिका (61 किग्रा.) | कांस्य | अरुजान बाकितनूर (कजाकिस्तान) |
| तानिया (69 किग्रा.) | कांस्य | माजा वेचान (पोलैंड) |
| गरिमा (73 किग्रा.) | कांस्य | – |

- **संध्या विश्नोई राजस्थान के भीलवाड़ा जिले की निवासी है।**

### U20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2026

- **आयोजन:** ब्रातिस्लावा, स्लोवाकिया (16–23 अगस्त 2026)
- **भारत की महिला कुश्ती टीम:** 6 पदक-1 स्वर्ण, 3 रजत, 2 कांस्य

| भार वर्ग (किग्रा) | एथलीट | पदक | ''प्रतिद्वंद्वी'' |
|---|---|---|---|
| 76 | काजल ढोचक | स्वर्ण | Jingru Sun (चीन) 7–0 |
| 72 | तनु शर्मा | रजत | Chisato Yoshida (जापान) |
| 68 | मानसी लाठर | रजत | Chenling Song (चीन) |
| 62 | सविता | रजत | Sakura Onishi (जापान) |
| 59 | कोमल | कांस्य | Eda Balazs (हंगरी) |
| 57 | तन्वी गुंडेश मागदुम | कांस्य | Agnia Krakovska (कनाडा) |

- काजल धोचक लगातार दो U20 विश्व खिताब जीतने वाली केवल दूसरी भारतीय पहलवान बनीं (इससे पहले उन्होंने 2025 में 72 किग्रा वर्ग में खिताब जीता था)।
- महिला फ्रीस्टाइल टीम स्टैंडिंग में भारत 133 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि जापान 167 अंकों के साथ प्रथम रहा।
- भारतीय पुरुष टीम कोई भी पदक नहीं जीत सकी।
  - पुरुष फ्रीस्टाइल चैंपियन: USA–205 अंक
  - ग्रीको-रोमन चैंपियन: रूस–142 अंक

## स्क्वैश

### PSA Budapest Squash Open 2026

- **आयोजन:** बुडापेस्ट, हंगरी
- **विजेता:** वेलावन सेंथिलकुमार (भारत)
- **फाइनल:** बालाज फारकाश (हंगरी) को हराया।

### Tuanku Muhriz Trophy 2026

- **आयोजन:** सेरेम्बन, मलेशिया
- **श्रेणी:** PSA Challenger Tour 15
- **विजेता:** अभय सिंह (भारत)
- **फाइनल:** हेनरी लेउंग (हांगकांग, चीन) को हराया।

### FISU विश्व विश्वविद्यालय स्क्वैश चैंपियनशिप 2026

- **आयोजन:** सोमैया विद्याविहार विश्वविद्यालय, मुंबई, भारत
- **आयोजक:** इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स फेडरेशन (FISU), एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (AIU) और स्क्वैश रैकेट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (SRFI) के सहयोग से।

❑ **व्यक्तिगत पदक विजेता**

| स्पर्धा | स्वर्ण | रजत | कांस्य |
|---|---|---|---|
| पुरुष एकल | सूरज कुमार चंद (भारत) | बेनेडेक ताकाच (हंगरी) | ओम सेमवाल (भारत) एवं जोशुआ फिनेरेरा (फ्रांस) |
| महिला एकल | चान सिन युक (हांगकांग, चीन) | मार्टा डोमिंगुएज (स्पेन) | वैनेसा जैनसन (नीदरलैंड) एवं करिना टाइमा (पोलैंड) |

❑ व्यक्तिगत प्रतियोगिता में भारत ने दो पदक जीते: **स्वर्ण–सूरज कुमार चंद** और **कांस्य–ओम सेमवाल**।

❑ भारत ने **पहली बार इस चैंपियनशिप की मेजबानी** की।

## एथलेटिक्स

### विश्व एथलेटिक्स U20 चैंपियनशिप 2026

❑ **आयोजन:** हेवर्ड फील्ड, यूजीन, ओरेगन, अमेरिका

❑ **भारतीय पदक विजेता**

♦ भारत ने कुल **3 पदक** जीते- 2 रजत और 1 कांस्य।

| पदक | एथलीट | स्पर्धा | प्रदर्शन |
|---|---|---|---|
| रजत | आशीष यादव | पुरुष भाला फेंक | 74.09 मीटर |
| रजत | बसंत कुमार मेघवाल | पुरुष ऊँची कूद | 2.21 मीटर |
| कांस्य | शहनवाज खान | पुरुष लंबी कूद | 7.84 मीटर |

❑ बसंत कुमार मेघवाल, **विश्व U20 चैंपियनशिप में पुरुष हाई जंप में पदक जीतने वाले पहले भारतीय''** बने।

❑ बसंत कुमार मेघवाल, श्रीगंगानगर, राजस्थान के रहने वाले है और भारतीय नौसेना में पेटी ऑफिसर (Petty Officer) के पद पर तैनात है।

### लॉजेन डायमंड लीग 2026 (एथलेटिसिमा)

❑ **आयोजन:** स्टेड ओलंपिक डे ला पोंतेज, लॉजेन, स्विट्जरलैंड (20–21 अगस्त 2026)

❑ **प्रमुख परिणाम:** पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता:

♦ **स्वर्ण:** रुमेश पथिरागे (श्रीलंका)–88.14 मीटर

♦ **रजत: नीरज चोपड़ा (भारत)**–88.05 मीटर '(सीजन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन)'

♦ **कांस्य:** एंडरसन पीटर्स (ग्रेनाडा)–86.69 मीटर

### वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर (सिल्वर लेवल) 2026

❑ **आयोजन:** कलिंगा स्टेडियम, भुवनेश्वर

❑ **प्रमुख भारतीय परिणाम:** पुरुषों की भाला फेंक

♦ **स्वर्ण:** रोहित यादव–87.68 मीटर (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ)

♦ **रजत:** ***यश वीर सिंह–82.94 मीटर–जयपुर, राजस्थान***

♦ **कांस्य:** सुमेधा रणसिंघे (श्रीलंका)–80.29 मीटर

❑ **नोट:** रोहित का थ्रो इस सत्र में विश्व का चौथा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है (रुमेश पथिराज, जूलियन वेबर और नीरज चोपड़ा के बाद)।

❑ **पुरुषों की लंबी कूद**

♦ स्वर्ण: मुरली श्रीशंकर–8.07 मीटर

♦ रजत: डिवान मैनुअल (दक्षिण अफ्रीका)–8.03 मीटर

♦ कांस्य: डेविड सोलोमन (भारत)–7.78 मीटर

❑ **महिलाओं की लंबी कूद**

♦ स्वर्ण: एंसी सोजन (भारत)–6.71 मीटर

♦ रजत: शैली सिंह (भारत)–6.56 मीटर

♦ कांस्य: मुबासिना मोहम्मद (भारत)–6.31 मीटर

❑ **महिलाओं की 100 मीटर दौड़**

♦ स्वर्ण: अभिनया राजाराजन–11.34 सेकंड (नया भारतीय U-20 राष्ट्रीय रिकॉर्ड)

## शतरंज

### ईस्पोर्ट्स विश्व कप 2026–शतरंज

❑ **आयोजन:** पेरिस, फ्रांस

❑ **चैंपियन:** मैग्नस कार्लसन (नॉर्वे, टीम लिक्विड)

❑ **उपविजेता:** डेनिस लाजाविक (बेलारूस)

❑ कार्लसन ने लगातार **दूसरे वर्ष** खिताब जीता और पूरे टूर्नामेंट में **अजेय** रहे।

### कानिज्सा ओपन 2026

❑ **आयोजन:** नागीकानिज्सा, हंगरी

❑ **श्रेणी:** ग्रुप-।

❑ **चैंपियन:** प्रणेश एम. (भारत)

❑ **प्रतिद्वंद्वी:** वादिम पेट्रोव्स्की (जर्मनी)

❑ **स्कोर:** 7/9

❑ **प्रणेश एम:** 19 वर्ष, कराईकुडी, तमिलनाडु से

❑ कार्तिक वेंकटरमण (**भारतीय खिलाड़ी**) **चौथे स्थान पर रहे।**

Springboard ACADEMY

## एशियन जूनियर क्लासिकल शतरंज चैंपियनशिप 2026

- **आयोजन:** ITC मराठा शेरेटन, मुंबई
- **संस्करण:**'' U-20 एशियन जूनियर (क्लासिकल, 9 राउंड)

| श्रेणी | स्वर्ण | रजत | कांस्य |
|---|---|---|---|
| ओपन | IM मयंक चक्रवर्ती (भारत)–7.5/9 | आर्टेम पिंगिन (रूस)–7 | दक्ष गोयल (भारत)–6.5 |
| बालिका | प्रतीति बरदोलोई (भारत)–7.5/9 | मारिया खोल्यावको (कजाकिस्तान)–7 | निवेदिता वी.सी. (भारत)–6.5 |

## अन्य

- **भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंदा** ने 23.5 अंकों के साथ 2026 **सेंट लुइस रैपिड एंड ब्लिट्ज** खिताब (ग्रैंड चेस टूर प्रतियोगिता) जीता।

# स्केटिंग

## एशियन ओपन शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग ट्रॉफी 2026

- **आयोजन:** हिमाद्री आइस रिंक, महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, देहरादून (17–20 अगस्त 2026)
- **आयोजक:** आइस स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया (ISAI)
- **प्रतिभागी:** 14 देशों के 270+ एथलीट
- **अंतिम पदक तालिका:**
  1. थाईलैंड–16 स्वर्ण, 6 रजत, 3 कांस्य (कुल 25)
  2. भारत–13 स्वर्ण, 13 रजत, 18 कांस्य (कुल 44)
  3. चीन–12 स्वर्ण, 11 रजत, 8 कांस्य (कुल 31)
- **नोट:** भारत ने सर्वाधिक पदक जीते, लेकिन स्वर्ण पदकों के आधार पर वह दूसरे स्थान पर रहा। यह लगातार दूसरा वर्ष था जब भारत ने इस प्रतियोगिता की मेजबानी की।

## फ्लैंडर्स ग्रैंड प्रिक्स 2026–इनलाइन स्पीड स्केटिंग

- **आयोजन:** बेल्जियम
- आनंदकुमार वेलकुमार (भारत)ने सीनियर पुरुष 1000 मीटर में **स्वर्ण पदक** जीता।
- **समय:** 1:24.275
- उन्होंने अन्य पदक भी जीते–
  - स्वर्ण: 500 मीटर
  - रजत: 30,000 मीटर रोड
  - कांस्य: 10K एलिमिनेशन
  - कांस्य: 5K पॉइंट्स
- वे **सीनियर पुरुष वर्ग के ओवरऑल चैंपियन** रहे।

# भारोत्तोलन

## एशियाई युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप

- **आयोजन:** ताशकंद, उज्बेकिस्तान (7–14 अगस्त 2026)
- **भारत का प्रदर्शन–**

→ **जूनियर वर्ग**
- **पुरुष 60 किग्रा**
  - **तोमचौ मीतेई नामेइराकपम**
    - स्वर्ण: कुल भार
    - रजत: क्लीन एंड जर्क
    - कांस्य: स्नैच
  - **गुरुनायडू सनापति**
    - रजत: कुल भार
    - रजत: स्नैच
    - कांस्य: क्लीन एंड जर्क
- **पुरुष 65 किग्रा**
  - **महाराजन अरुमुगापांडियन**
    - रजत: कुल भार
    - रजत–क्लीन एंड जर्क

→ **युवा वर्ग**
- **महिला 45 किग्रा**
  - **तितली माजी**
    - कुल भार में रजत
    - रजत–स्नैच
    - रजत–क्लीन एंड जर्क
  - **परिश्मिता गोगोई**
    - स्नैच में स्वर्ण
- **जूनियर वर्ग में** भारत **8वें स्थान** पर रहा व जूनियर टीम वर्गीकरण में भारत **527 अंकों** के साथ **4वें स्थान** पर रहा।

- **युवा वर्ग** टीम वर्गीकरण में भारत 676 अंकों के साथ **4वें स्थान** पर रहा।
- **जूनियर पदक तालिका में शीर्ष देश**

  1. ईरान
  2. उज्बेकिस्तान
  3. कजाकिस्तान

## *अन्य*

### लियोनेल मेसी ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लिया

- अर्जेंटीना के फुटबॉल दिग्गज **लियोनेल मेसी (39 वर्ष)** ने अर्जेंटीना के साथ 21 वर्ष के करियर के बाद **अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास** की घोषणा की।
- **सबसे महत्वपूर्ण रिकॉर्ड**
  - 8 बैलन डी ओर : सर्वाधिक बैलन डी'ओर जीतने का रिकॉर्ड।
  - 6 यूरोपीय गोल्डन शू : फुटबॉल इतिहास में सर्वाधिक।
  - 2 विश्व कप गोल्डन बॉल: 2014 और 2022 में जीती; वे दो बार विश्व कप गोल्डन बॉल जीतने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं।
  - **2022 FIFA विश्व कप:** मेसी दो बार गोल्डन बॉल जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने और अर्जेंटीना के साथ विश्व चौंपियन भी बने।
- **अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियाँ**
  - FIFA विश्व कप: 2022
  - कोपा अमेरिका: 2021, 2024
  - फाइनलिसिमा: 2022
  - ओलंपिक स्वर्ण: 2008
  - FIFA U-20 विश्व कप: 2005

### कुआलालंपुर में भारतीय महिला लैक्रोस टीम ने कांस्य जीता

- **आयोजन:** अंतरराष्ट्रीय लैक्रोस प्रतियोगिता, कुआलालंपुर, मलेशिया
- **परिणाम:** भारतीय महिला टीम-**कांस्य पदक**
- **राजस्थान का योगदान**
  - उदयपुर जिले के जनजातीय क्षेत्र की 9 खिलाड़ियों ने टीम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- **राजस्थान की खिलाड़ी:**
  - कप्तान: डाली गमेती
  - सुनीता मीणा
  - यशिता बत्रा
  - जूला कुमारी गुर्जर
  - मीरा डिगा
  - विशाखा मेफवाल
  - यशोदा गमेती
  - रोशनी वास
  - जानकी राठौड़

### FIBA U18 एशिया कप 2026

- **आयोजन:** अहमदाबाद, गुजरात (वीर सावरकर इंडोर स्टेडियम, वीर सावरकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स) (13-23 अगस्त 2026)
- **भारत का ग्रुप:** ग्रुप D
- **भारत का स्थान:** ग्रुप D में तीसरा
- **चौंपियन:** ऑस्ट्रेलिया
- **उपविजेता:** चीन
- **ऑस्ट्रेलिया का खिताब:** FIBA U18 एशिया कप चौंपियनशिप का कुल तीसरा खिताब

### टेस्ट क्रिकेट में 100 छक्के लगाने वाले खिलाड़ी

- ऋषभ पंत टेस्ट क्रिकेट में **100 छक्के लगाने वाले पहले भारतीय** और विश्व के **केवल चौथे खिलाड़ी** बन गए हैं।
- **टेस्ट क्रिकेट में 100+ छक्के लगाने वाले खिलाड़ी:**

  1. बेन स्टोक्स (इंग्लैंड)- 138
  2. ब्रेंडन मैकुलम (न्यूजीलैंड)-107
  3. एडम गिलक्रिस्ट (ऑस्ट्रेलिया)-100
  4. ऋषभ पंत (भारत)- 100

### युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2025 की घोषणा

- **घोषणा:** 18 अगस्त 2026
- **प्रमुख बिंदु**
  - इस वर्ष **मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार** (सर्वोच्च खेल सम्मान) के लिए किसी भी व्यक्ति का चयन नहीं किया गया।
  - चयन समिति की अध्यक्षता **न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अरुण कुमार मिश्रा** (पूर्व सर्वोच्च न्यायालय न्यायाधीश) ने की।
  - **रुद्रांश खंडेलवाल (पैरा शूटिंग)- भरतपुर, राजस्थान** से-ने **अर्जुन पुरस्कार** जीता।
- **खेल एवं खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अर्जुन पुरस्कार 2025**


Springboard Academy

| क्र.सं | खिलाड़ी का नाम | डिसिप्लिन |
|---|---|---|
| 1. | श्री तेजस्विन शंकर | एथलेटिक्स |
| 2. | श्री मुहम्मद अजमल वी | एथलेटिक्स |
| 3. | सुश्री प्रियंका गोस्वामी | एथलेटिक्स |
| 4. | सुश्री ट्रीसा जॉली | बैडमिंटन |
| 5. | सुश्री पुलेला गायत्री गोपीचंद | बैडमिंटन |
| 6. | श्री नरेंद्र | बॉक्सिंग |
| 7. | श्री विदित संतोष गुजराती | शतरंज |
| 8. | सुश्री दिव्या जितेंद्र देशमुख | शतरंज |
| 9. | श्री धनुष श्रीकांत | डेफ शूटिंग |
| 10. | सुश्री लालरेमसियामी | हॉकी |
| 11. | श्री राजकुमार पाल | हॉकी |
| 12. | श्री सुरजीत | कबड्डी |
| 13. | सुश्री पूजा | कबड्डी |
| 14. | श्री रुद्रांश खंडेलवाल | पैरा–शूटिंग |
| 15. | सुश्री एकता भ्यान | एथलेटिक्स के लिए |
| 16. | श्री अरविंद सिंह | रोइंग |
| 17. | श्री अखिल श्योराण | शूटिंग |

- Arjun Award Lifetime

| | |
|---|---|
| श्री आई अरुमिनयागम | फुटबॉल |

- खेल एवं खेलकूद में उत्कृष्ट प्रशिक्षकों के लिए द्रोणाचार्य पुरस्कार 2025
- **नियमित श्रेणी:**

| क्र.सं. | कोच का नाम | अनुशासन |
|---|---|---|
| 1. | श्री परवीर सिंह | एथलेटिक्स |
| 2. | श्री छोटे लाल यादव | बॉक्सिंग |
| 3. | सुश्री नेहा नंदकुमार चव्हाण | शूटिंग |

- **आजीवन श्रेणी:**

| क्र.सं. | कोच का नाम | अनुशासन |
|---|---|---|
| 1. | श्री धर्मेंद्र सिंह यादव | मुक्केबाजी |
| 2. | श्री वीरेंद्र कुमार | कुश्ती |

- राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार 2025-आर्मी पैरालंपिक नोड, पुणे

## 2026 एशियाई खेलों के लिए नागालैंड के खिलाड़ियों का भारतीय सेपकटकरॉ टीम में चयन हुआ।

- **प्रतियोगिता:** 20वें एशियाई खेल
- **आयोजन:** आइची-नागोया, जापान (19 सितंबर 2026)
- नागालैंड से चयनित (महिला सेपकटकरॉ टीम):
  - खलाड़ी: मेनिनु त्सुक्रू, सेइयेखिएनो तेपा
  - कोच: पुलिनो नेइखा, पुंगोटोलु पुरो
- **महत्व:** यह लगातार पाँचवाँ एशियाई खेल (2010 से) है, जिसमें नागालैंड के सेपकटकरॉ खिलाड़ी और कोच भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

## एबीबी एफआईए फॉर्मूला ई विश्व चैंपियनशिप 2025-26

- **ड्राइवर्स चैंपियन:** पास्कल वेहरलाइन (जर्मनी, पोर्श)
- वेहरलाइन ने सीजन के अंतिम **लंदन ई-प्रिक्स** में अपना दूसरा फॉर्मूला ई खिताब (2023-24 के बाद) जीता।
- जीन-एरिक वर्गने के बाद दो फॉर्मूला ई खिताब जीतने वाले वे दूसरे ड्राइवर बने।

## 52वीं जूनियर राष्ट्रीय जलीय क्रीड़ा चैंपियनशिप 2026

- **आयोजन:** जलीय परिसर, कलिंगा स्टेडियम, भुवनेश्वर, ओडिशा
- **आयोजक:** भारतीय तैराकी महासंघ (SFI) के तत्वावधान में ओडिशा राज्य तैराकी संघ।
- कर्नाटक **समग्र चैंपियन** बना और 80 पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर रहा-40 स्वर्ण, 22 रजत और 18 कांस्य।
- राजस्थान ने कुल पदक तालिका में **10वां स्थान** हासिल किया:
  - 1 स्वर्ण: **दक्षिणा जोशी ने बालिका 200 मीटर बटरफ्लाई में राजस्थान के लिए स्वर्ण पदक जीता।**
  - **1 कांस्य**
- **महत्वपूर्ण प्रदर्शन**
  - **तनिशी गुप्ता (कर्नाटक)** प्रमुख प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों में रहीं। उन्होंने 100 मीटर बैकस्ट्रोक **(1:03.36)** और 50 मीटर बटरफ्लाई **(27.41 सेकंड)** में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाए।
  - लाइतोनजाम लानचेनबा (मणिपुर) ने दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीता। उन्होंने 200 मीटर बटरफ्लाई में **2:03.73** के राष्ट्रीय रिकॉर्ड समय के साथ स्वर्ण जीता और बाद में 100 मीटर बटरफ्लाई में **54.96 सेकंड** के समय के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया।

## (23वें) राष्ट्रमंडल खेल 2026

1. राष्ट्रमंडल खेल में वे देश भाग लेते हैं जो कभी ब्रिटिश साम्राज्य का हिस्सा रहे थे।
   - **आयोजन:** ग्लासगो, स्कॉटलैंड

- **तारीख:** 23 जुलाई–2 अगस्त 2026
- **आदर्श वाक्य :** 'स्पोर्ट इज जस्ट द बिगिनिंग' (Sport Is Just the Beginning)
- **शुभंकर :** 'फिनी' [एक 'यूनिकॉर्न', स्कॉटलैंड का राष्ट्रीय पशु ]

| रैंक | देश | स्वर्ण (Gold) | रजत (Silver) | कांस्य (Bronze) | कुल पदक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ऑस्ट्रेलिया | 70 | 45 | 56 | 171 |
| 2. | इंग्लैंड | 29 | 45 | 36 | 110 |
| 3. | कनाडा | 19 | 20 | 23 | 62 |
| 4. | भारत | 13 | 17 | 9 | 39 |

❐ **स्वर्ण पदक – 13 विजेता**

1. **मीराबाई चानू** – भारोत्तोलन (48 kg)
2. **शर्मिला ढांकर** – पैरा-एथलेटिक्स (शॉट पुट F57)
3. **दिलीप गावित** – पैरा-एथलेटिक्स (100 मीटर दौड़ T47)
4. **अस्मिता डे** – जूडो (48 kg)
5. **हर्ष सिंह** – जूडो (60 kg)
6. **सोमन राणा** – पैरा-एथलेटिक्स (शॉट पुट F57)
7. **प्रीति पंवार** – मुक्केबाजी (54 kg)
8. **जैस्मीन लंबोरिया** – मुक्केबाजी (57 kg)
9. **साक्षी चौधरी** – मुक्केबाजी (51 kg)
10. **प्रिया घंघस** – मुक्केबाजी (60 kg)
11. **<u>अरुंधति चौधरी – मुक्केबाजी (70 kg) – RAJASTHAN</u>**
12. **सचिन सिवाच** – मुक्केबाजी (60 kg)
13. **अंकुश पंघाल** – मुक्केबाजी (80 kg)

❐ **रजत पदक – 17 विजेता**

1. **नीरज चोपड़ा** – एथलेटिक्स (भाला फेंक)
2. **गुलवीर सिंह** – एथलेटिक्स (10,000 मीटर दौड़)
3. **मुरली श्रीशंकर** – एथलेटिक्स (लंबी कूद)
4. **सर्वेश कुशारे** – एथलेटिक्स (ऊंची कूद)
5. **प्रवीण चित्रावेल** – एथलेटिक्स (तिहरी कूद)
6. **ऋषिकांत सिंह चानंबम** – भारोत्तोलन (60 kg)
7. **मुथुपांडी राजा** – भारोत्तोलन (65 kg)
8. **ज्ञानेश्वरी यादव** – भारोत्तोलन (53 kg)
9. **अजय बाबू वल्लूरी** – भारोत्तोलन (79 kg)
10. **हरजिंदर कौर** – भारोत्तोलन (69 kg)
11. **लवप्रीत सिंह** – भारोत्तोलन (+110 kg)
12. **लवलीना बोरगोहेन** – मुक्केबाजी (75 kg)
13. **नरेंद्र बेरवाल** – मुक्केबाजी (+90 kg)
14. **जादुमणि सिंह** – मुक्केबाजी (55 kg)
15. **यामिनी मौर्य** – जूडो (57 kg)
16. **मोहम्मद बेसिल** – पैरा-एथलेटिक्स (100 मीटर दौड़ T47)
17. **शुभम जुयाल** – पैरा-एथलेटिक्स (शॉट पुट F57)

❐ **कांस्य पदक – 9 विजेता**

1. **गुलवीर सिंह** – एथलेटिक्स (5,000 मीटर दौड़)
2. **यशवीर सिंह – एथलेटिक्स (भाला फेंक)– RAJASTHAN [TT in railway, Jaipur]**
3. **तेजस्विन शंकर** – एथलेटिक्स (डेकाथलॉन)
4. **सीमा कालिरामना** – एथलेटिक्स (डिस्कस थ्रो)
5. **सेल्वा प्रभु** – एथलेटिक्स (तिहरी कूद)
6. **बिंद्यारानी देवी** – भारोत्तोलन (58 kg)
7. **उन्नति शर्मा** – जूडो (63 kg)
8. **झांडू कुमार** – पैरा-पावरलिफ्टिंग
9. **शिल्पा जाइला** – पैरा-एथलेटिक्स (शॉट पुट F57)

## <u>*महत्त्वपूर्ण तथ्य*</u>

❐ **उद्घाटन समारोह**

1. ध्वजवाहक – मीराबाई चानू
2. बैटन-वाह – लवलीना बोरगोहेन

❐ **समापन समारोह**

1. मुक्केबाज जैस्मीन लंबोरिया।

❐ **मीराबाई चानू** ने लगातार तीसरी बार (2018, 2022 और 2026) राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर 'हैट्रिक' लगाई।

❐ एथलीट **गुलवीर सिंह** एक ही राष्ट्रमंडल खेलों की ट्रैक स्पर्धा में दो पदक (10,000 मीटर में रजत और 5,000 मीटर में कांस्य) जीतने वाले भारत के पहले धावक बन गए हैं।

Springboard Academy

- **अस्मिता डे** और **हर्ष सिंह** ने जूडो में भारत को पहला राष्ट्रमंडल स्वर्ण पदक दिलाया।
- **'शर्मिला ढांकर'** पैरा-एथलेटिक्स (शॉट पुट) में स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय बनीं।
  - इस बार कुश्ती, बैडमिंटन, निशानेबाजी, हॉकी , क्रिकेट और टेबल टेनिस राष्ट्रमंडल खेलों का हिस्सा नहीं थे
  - 2026 के खेलों में भारत की तरफ से कुल 122 एथलीटों (खिलाड़ियों) ने केवल 10 खेलों में हिस्सा लिया था।
  - भारत के लिए सबसे सफल खेल मुक्केबाजी (Boxing) रहा, जिसमें हमारे खिलाड़ियों ने सबसे ज्यादा 10 पदक (7 स्वर्ण और 3 रजत) जीते।
  - (24वें) राष्ट्रमंडल खेल 2030 - गुजरात के अहमदाबाद शहर में आयोजित किए जाएंगे।

**भारतीय सेना के दल ने ग्लासगो में आयोजित ''राष्ट्रमंडल खेल** 2026'' में कुल ''16 पदक (8 स्वर्ण, 7 रजत और 1 कांस्य)'' जीते, जिसमें ''जूडो, पैरा शॉट पुट और हाई जंप'' में ऐतिहासिक प्रथम उपलब्धियाँ शामिल हैं।

1. **हवलदार हर्ष सिंह**–जूडो (60 किग्रा)
2. **नायब सूबेदार सर्वेश**–हाई जंप
3. **लांस नायक शुभम जुयाल**–पैरा शॉट पुट (F-57)

## 22वीं राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस चैंपियनशिप - 2026

- **आयोजन:** त्यागराज स्टेडियम, नई दिल्ली (27 जुलाई से 2 अगस्त 2026)
- **आयोजक:** दिल्ली सरकार और टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया (TTFI)
- **स्वर्ण पदक विजेता**

| स्पर्धा | विजेता | ''फाइनल में प्रतिद्वंद्वी'' |
|---|---|---|
| पुरुष टीम | भारत | मलेशिया |
| महिला टीम | भारत | मलेशिया |
| पुरुष एकल | अंकुर भट्टाचार्य (भारत) | पायस जैन (भारत) |
| महिला एकल | यशस्विनी घोरपड़े (भारत) | श्रीजा अकुला (भारत) |
| महिला युगल | श्रीजा अकुला/सिंड्रेला दास (भारत) | यशस्विनी घोरपड़े/दिव्यांशी भौमिक (भारत) |
| मिश्रित युगल | तनीषा कोटेचा/मानव ठक्कर (भारत) | ऐ शिन टी/रिचर्ड रुई झे याप (मलेशिया) |
| पुरुष युगल | शेन क्यू वोंग/जावेन चूंग (मलेशिया) | मानव ठक्कर/मनुष शाह (भारत) |

- **सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी:** मानुष शाह
- **सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी:** सिंड्रेला दास

## कॉमनवेल्थ फेंसिंग चैंपियनशिप 2026

- **आयोजन:** लागोस, नाइजीरिया
- **भारत की ऐतिहासिक उपलब्धि:** भारत ने पहली बार ओवरऑल खिताब जीता और **विल्किंसन स्वॉर्ड ट्रॉफी** अपने नाम की।
- **पदक तालिका:** U23 और सीनियर वर्गों में कुल **35 पदक** - 13 स्वर्ण, 8 रजत और 14 कांस्य।

# महत्त्वपूर्ण वन लाइनर

- अरुणाचल प्रदेश के **'बिरी टाकर'** ने ब्राजील में आयोजित BWF पैरा वर्ल्ड सर्किट 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए **पुरुष युगल (SL4) में स्वर्ण** और **पुरुष एकल SL4** में कांस्य पदक'' जीता।
- **अरिहा पांगमबाम (मणिपुर)** ने **10वीं एशियाई एरोबिक जिम्नास्टिक्स चैंपियनशिप 2026** (तगायटे, फिलीपींस) में **सीनियर महिला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक** जीतने वाली पहली भारतीय बनीं। उनका स्कोर **19.100** रहा।
- **कोयंबटूर, तमिलनाडु** में आयोजित **16वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2026 (डिवीजन ए)** का खिताब **ओडिशा** ने **मध्य प्रदेश** को 2-1 से हराकर जीता।
- **हेफेई, चीन** में आयोजित **9वीं वर्ल्ड यूथ ट्रांसनेशनल चैंपियनशिप 2026** में **साग्निक रॉय एवं सयंतन कुशारी (भारत)** ने **एम. फेरेनेका एवं एफ. काटुसिच (क्रोएशिया)** को हराकर **अंडर-31 पेयर्स में स्वर्ण पदक जीता।**

- युवा मामले और खेल मंत्रालय ने **मेरा युवा भारत (MY Bharat)** के माध्यम से **Friends of MY Bharat** नामक एक समर्पित डिजिटल मॉड्यूल शुरू किया है, जिसका उद्देश्य विदेशों में रहने वाले ''भारतीय मूल के युवाओं को भारत की युवा-नेतृत्व वाली राष्ट्र निर्माण गतिविधियों से जोड़ना'' है।
- भारत ने BRICS स्पोर्ट्स मैन्युफैक्चरिंग कॉन्क्लेव की स्थापना का प्रस्ताव रखा, जिसे BRICS सदस्य देशों का व्यापक समर्थन प्राप्त हुआ। इसके प्रथम संस्करण की मेजबानी नवंबर 2026 में **उदयपुर, राजस्थान** में किए जाने का प्रस्ताव है।
- सिक्किम के **ग्रैंड मास्टर त्रिलोक सुब्बा** को दक्षिण कोरिया के चुनचॉन में आयोजित **World Taekwondo Poomsae Championship 2026** में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है। वे **सीनियर अंडर-60 पुरुष व्यक्तिगत पूमस** और टीम स्पर्धाओं में भाग लेंगे।
- भारतीय ग्रैंडमास्टर **आर. प्रज्ञानानंद** ने अमेरिका के सेंट लुइस में फाइनल में मौजूदा चैंपियन अमेरिका के ''फैबियानो कारुआना'' को 15-13 से हराकर ''Grand Chess Tour 2026 जीतने वाले पहले भारतीय'' बनने का गौरव हासिल किया।
- मिजोरम के **लालियांजुआला छांगते** को Football Players Association of India (FPAI) द्वारा Indian Footballer of the Year 2026 चुना गया है। 29 वर्षीय फॉरवर्ड हाल ही में मुंबई FC से मोहन बागान में शामिल हुए हैं।

## राजस्थान विशेष

### राजस्थान ने राष्ट्रीय SAI नेटवर्क में शीर्ष स्थान हासिल किया

- **उपलब्धि:** राज्यसभा में प्रस्तुत आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, राजस्थान देश में **20 भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI)** केंद्रों और प्रशिक्षण विस्तार केंद्रों के साथ प्रथम स्थान पर है।
- **स्थानीय उपलब्धियाँ (18 अगस्त की रिपोर्ट):**
  - लक्ष्य रामावत (हरनावा, नागौर/परबतसर क्षेत्र)- **CBSE पश्चिम क्षेत्र स्केटिंग टूर्नामेंट** में स्वर्ण पदक।
  - खेलो इंडिया अस्मिता महिला लीग का **सॉफ्ट टेनिस** आयोजन मकराना (नागौर) में किया गया।

### राजस्थान जूनियर बालक एथलेटिक्स प्रतियोगिता-2026

- **आयोजन:** पटेल स्टेडियम, अजमेर (सिंथेटिक ट्रैक)
- **परिणाम (जयपुर के खिलाड़ी):**
  - **आयुष चौधरी (20 वर्ष से कम आयु वर्ग):** 3000 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक (समय: 8 मिनट 44.62 सेकंड)
  - **ऋषभ चौधरी:** 16 वर्ष से कम आयु वर्ग की पेंटाथलॉन स्पर्धा में स्वर्ण पदक

### राजस्थान राज्य जूनियर बालिका एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2026

- **आयोजन:** पटेल स्टेडियम, अजमेर
- **प्रमुख परिणाम (जयपुर)**
  - **रिया राठौर:** अंडर-18 3000 मीटर रेस वॉक में स्वर्ण पदक
  - **नीतू चौधारी:** अंडर-20 100 मीटर एवं 200 मीटर में स्वर्ण पदक
  - **रिद्धिमा मीणा:** अंडर-18 100 मीटर में स्वर्ण पदक
  - **दिलखुश चौधारी:** अंडर-18 भाला फेंक में रजत पदक
  - **मानवी मीणा:** अंडर-16 60 मीटर में रजत पदक

### राज्य साइक्लिंग चैंपियनशिप

- **आयोजन:** बीकानेर (22-23 अगस्त 2026)
- **विवरण:** 25 जिलों के 250 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रदर्शन के आधाार पर राष्ट्रीय MTB टीम का चयन होगा।
- बीकानेर टीम ने **31वीं राज्य स्तरीय रोड साइक्लिंग चैंपियनशिप** का खिताब जीता।
  - बीकानेर-17 अंक (चैंपियन)
  - हनुमानगढ़-14 अंक (द्वितीय)

### 11वीं एशियाई पुरुष यूथ हैंडबक्ल चैंपियनशिप

- **आयोजन:** अम्मान, जक्र्डन
- **राजस्थान के खिलाड़ी:** मानवेन्द्र सिंह (जोधपुर) भारतीय टीम में **पिवट पोजीशन** पर चयनित।

## 5वीं इंडिया ताइक्वांडो क्योरुगी नेशनल चैंपियनशिप

- **आयोजन:** पुणे (16-21 अगस्त 2026)
- **जयपुर के परिणाम:**
  - **तन्निष्ठा जोधा:** जूनियर महिला अंडर-42 किग्रा में स्वर्ण पदक
  - **काजल शेखावत:** कैडेट महिला अंडर-44 किग्रा में स्वर्ण पदक
  - **जयपुर को कुल 5 पदक; भुवनेश** एवं **प्रतिज्ञा** ने रजत पदक जीते।

## 52वीं जूनियर नेशनल तैराकी प्रतियोगिता

- **आयोजन:** कलिंगा स्टेडियम, भुवनेश्वर
- **जयपुर की खिलाड़ी:** दक्षिणा जोशी ने 15-16 वर्ष वर्ग की **200 मीटर बटरफ्लाई** में स्वर्ण पदक जीता।
- **समय:** 2:21.21

## जयपुर योग लीग (10वां संस्करण)

- **आयोजन:** सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम, जयपुर (22-23 अगस्त 2026)
- **परिणाम:**
  - नमिता चौहान-एडवांस महिला वर्ग में स्वर्ण
  - पूजा जांगिड़-एडवांस 25-35 वर्ष महिला वर्ग में रजत
  - अंजलि शर्मा-एक्सपर्ट 18 महिला वर्ग में कांस्य
  - कृष्ण कुमार जोशी - 'योग रत्न' खिताब

  (10 राज्यों के 600 खिलाड़ी)

## 33वाँ मथुरादास माथुर अवार्ड

- **सीनियर:** अशोक शर्मा (जयपुर)-तेज गेंदबाज एवं बल्लेबाज
- **जूनियर:** कुशाग्र ओझा (भीलवाड़ा)-बाएं हाथ के बल्लेबाज
- **सब-जूनियर:** शिफान खान (जयपुर)-बल्लेबाज
- **विशेष सम्मान:** मानव सुधार (राजस्थान टेस्ट खिलाड़ी)
- **पुरस्कार समारोह:** 6 सितंबर 2026, होटल हावा सड़क, जयपुर

## 5वीं राजस्थान स्टेट पिकलबॉल चैंपियनशिप

- **आयोजन:** जयपुर
- **प्रमुख परिणाम:**
  - उत्कर्ष दुबे-ओपन चौंपियन
  - आदित्य चंद्रावत (15 वर्ष)-अंडर-16 सिंगल्स एवं डबल्स में स्वर्ण (दो स्वर्ण)
  - आशुतोष मेहताख्रउत्कर्ष दुबे-ओपन डबल्स विजेता
  - 350+ खिलाड़ी'' शामिल

## साउथ ईस्ट एशियन लैक्रोस गेम्स

- **आयोजन:** कुआलालंपुर, मलेशिया (28-30 अगस्त 2026)
- **राजस्थान के खिलाड़ी:** 15 खिलाड़ी चयनित (14 उदयपुर से, 1 नागौर से)
- उदयपुर के 9 महिला एवं 5 पुरुष खिलाड़ी भारतीय टीम में शामिल

## छठी इंडिया प्रोग्रेसिव कप नेशनल ओपन ताइक्वांडो चौंपियनशिप

- **आयोजन:** कोलकाता (21-23 अगस्त 2026)
- **जयपुर (रक्षा स्पोर्ट्स एकेडमी) के परिणाम:**
  - मेधांश कुमावत-स्वर्ण
  - विवेक एवं कपिश-स्वर्ण
  - पार्थ एवं भागीरथ-रजत
  - वंश एवं अयान-कांस्य
- **कुल:** जयपुर को 7 पदक

## राजस्थान राज्य शतरंज प्रतियोगिता (जूनियर अंडर-19)

- **आयोजन:** जयपुर
- **विजेता:**
  - अक्षत कुमार लखारा (भीलवाड़ा)-ओपन वर्ग चैंपियन (7.5 अंक)
  - आशी उपाधयाय (जयपुर)-गर्ल्स वर्ग चैंपियन (7.5 अंक)

  (25+ जिलों के 217 खिलाड़ी)

## बैटुमी ओपन अंतरराष्ट्रीय वुशु प्रतियोगिता 2026

- **आयोजन:** बैटुमी, जॉर्जिया।
- **राजस्थान के खिलाड़ियों की प्रमुख उपलब्धियाँ:**
  - **दिव्या चौधरी:** बागुआ झांग, वुडांग बागुआ और डबल वेपन स्पर्धाओं में 3 स्वर्ण पदक जीते।
  - **तन्वी दाधीच:** 48 किग्रा भार वर्ग में 1 रजत पदक जीता।

## 7वीं राजस्थान राज्य बधिर शतरंज स्पर्धा

- **आयोजन:** अजमेर

| वर्ग | प्रथम | द्वितीय |
|---|---|---|
| पुरुष | दीपक कुमार लालवानी (जयपुर) | रजत (हनुमानगढ़) |
| महिला | सुमन भांभू | कुसुम लता |
| जूनियर बालक | राघव शर्मा (झुंझुनू) | गोविंद जांगिड़ (जोधपुर) |
| जूनियर बालिका | कविता जांगिड़ (जोधपुर) | |
| सब–जूनियर बालक | लक्ष्य जैन (श्रीगंगानगर) | लविश जांगिड़ (सीकर) |
| सब–जूनियर बालिका | आरती (श्रीगंगानगर | |

## राजस्थान राज्य सब–जूनियर बैडमिंटन चौंपियनशिप (U-17) 2026''

❐ **आयोजन:** उदयपुर

| प्रतियोगिता | विजेता |
|---|---|
| बालक एकल | श्रेयांश चौधरी |
| बालक युगल | हरमन पंडित एवं कंदर्प शर्मा |
| बालिका एकल | नेहल सिसोदिया |
| बालिका युगल | आराध्या जोधा एवं देशना जैन |
| मिश्रित युगल | कंदर्प शर्मा एवं देशना जैन |

## राजस्थान राज्य अंडर–23 एथलेटिक्स चौंपियनशिप 2026

❐ **आयोजन:** जिला खेल स्टेडियम, सीकर (25-26 अगस्त 2026)

❐ **आयोजक:** जिला एथलेटिक्स संघ, सीकर द्वारा राजस्थान एथलेटिक संघ के तत्वावधान में

❐ **स्वर्ण पदक विजेता**

| एथलीट | जिला | स्पर्धा |
|---|---|---|
| डोना धाकड़ | जयपुर | 100 मीटर महिला |
| राहुल गिठाला | जयपुर | 400 मीटर पुरुष |
| महिपाल सिंह | जोधपुर | 1500 मीटर पुरुष |
| दीपिका | सीकर | 1500 मीटर महिला |
| दीपेंद्र कुमावत | सीकर | 3000 मीटर स्टीपलचेज |
| स्नेहा भांभू | हनुमानगढ़ | पोल वॉल्ट |

## 42वीं सब–जूनियर राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप 2026

♦ **आयोजन:** एसएमएस स्टेडियम, जयपुर

♦ **स्वर्ण पदक तालिका:**

1. तमिलनाडु–13
2. कर्नाटक–10
3. बंगाल–6

❐ **प्रमुख प्रदर्शन:**

♦ **मायरा सिंह (दिल्ली):** 4 स्वर्ण पदक + 4 नए मीट रिकॉर्ड चैंपियनशिप की **गोल्ड गर्ल**

♦ **दिव्याश्री केशवन (तमिलनाडु)** एवं मोहम्मद हफीज (कर्नाटक): प्रत्येक ने 5 स्वर्ण पदक जीते।

❖ **राजस्थान बिना किसी पदक के रहा।**

## सीनियर राज्य तीरंदाजी चैंपियनशिप 2026

❐ **आयोजन:** रेलवे ग्राउंड, बीकानेर

❐ **प्रमुख परिणाम:**

♦ **जयपुर इंडियन राउंड पुरुष टीम:** स्वर्ण पदक

♦ **रिकर्व महिला टीम:** स्वर्ण पदक (युवराज वर्मा, अर्पित बडिवाल, कार्तिक ज्वाला)- जयपुर

♦ **कंपाउंड पुरुष व्यक्तिगत:** स्वर्ण पदक-वायु यादव (गोल्डन एरो)- जयपुर

♦ **कंपाउंड पुरुष टीम:** स्वर्ण पदक-सीकर के रजत चौहान (712 अंक)

♦ **इंडियन राउंड मिश्रित टीम:** कांस्य पदक - जयपुर

♦ **रिकर्व मिश्रित टीम:** कांस्य पदक - जयपुर

♦ **कंपाउंड महिला व्यक्तिगत:** स्वर्ण पदक-प्रिया गुर्जर (धौलपुर)

1. **जयवीर सिंह:** राष्ट्रीय पैरा ट्रायथलॉन जयपुर के डॉ. जयवीर सिंह ने पुणे के श्री शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित पहली नेशनल पैरा ट्रायथलॉन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर भारत के **पहले राष्ट्रीय पैरा ट्रायथलॉन चैंपियन बने।** ट्रायथलॉन में तैराकी, साइक्लिंग और दौड़ तीनों शामिल होते हैं।
2. राजस्थान की **हर्षिता जाखड़** ने इतिहास रचते हुए **टूर डी फ्रांस फेम्स** में भाग लेने वाली पहली भारतीय महिला बनने का गौरव हासिल किया। उन्होंने **यूसीआई वर्ल्ड साइक्लिंग टैलेंट प्रोग्राम** के तहत स्विट्जरलैंड के **एगल (Aigle)** में दूसरे चरण के औपचारिक शुभारंभ में हिस्सा लिया।
3. राजस्थान के **चूरू** की **पारुल चौधरी** ने भुवनेश्वर में आयोजित **ऑल इंडिया जूनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट** में अंडर-19 बालिका एकल का खिताब जीता। फाइनल में उन्होंने तमिलनाडु की **दीक्षा एस.आर.** को 20-18, 15-7 से हराकर **''मिस्र में होने वाली BWF विश्व जूनियर चैंपियनशिप''** के लिए क्वालीफाई किया।
4. राजस्थान के **धौलपुर** की **वान्या बोहरा** का देहरादून में आयोजित एशियन आइस स्केटिंग चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में चयन हुआ है।

5. **धौलपुर** ने उदयपुर को **सडन-डेथ पेनल्टी शूटआउट** में हराकर पहली बार **राजस्थान जूनियर बालिका फुटबॉल चैंपियनशिप''** का खिताब जीता।

6. **लक्ष्य फौजदार (जयपुर)** ने काठमांडू, नेपाल में आयोजित **2वीं इंटरनेशनल ओपन कराटे चैंपियनशिप 2026** में 32 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।

7. **दर्श प्रीति (जयपुर)** ने काठमांडू, नेपाल में आयोजित **दक्षिण एशियाई कराटे चैंपियनशिप** में अंडर-18 (18 किग्रा) कुमिते वर्ग में रजत पदक जीता।

8. बीकानेर ने कोटा को **4-1** से हराकर नागौर में आयोजित **राजस्थान राज्य जूनियर बालक फुटबॉल चैंपियनशिप** का खिताब जीता।

9. वॉरेन अकादमी स्कूल की कृति शर्मा ने **सीबीएसई ताइक्वांडो बेस्ट जोन चैंपियनशिप** में प्लस 68 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता।

10. **राजस्थान स्पोर्ट्स काउंसिल:** राज्य ताइक्वांडो हाल ही में हुई सीनियर, जूनियर और सब-जूनियर राज्य स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में राजस्थान स्पोर्ट्स काउंसिल (RSSC) के खिलाड़ियों ने 16 स्वर्ण, 4 रजत और 6 कांस्य सहित कुल 26 पदक जीते।

11. **जयपुर के खिलाड़ी प्रज्ञान, हावी, हार्दिक, चेरीशा** और **लक्ष्य** ने दक्षिण एशियाई कराटे काठमांडू (नेपाल) में आयोजित द्वितीय दक्षिण एशियाई ओपन कराटे चैंपियनशिप-2026 में स्वर्ण पदक जीता।

12. जयपुर के **भरत सिंह** को भारतीय अंडर-17 वॉलीबॉल टीम का सहायक कोच नियुक्त किया गया। राजस्थान के **आशीष चौहान** भी टीम में शामिल हैं।

# सुरभि मिश्रा एशियन गेम्स में राजस्थान की एकमात्र कोच

## 768 सदस्यीय भारतीय दल में 503 खिलाड़ी

**जयपुर** | गुलाबी नगर की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं कोच सुरभि मिश्रा को जापान के आइची-नागोया में होने वाले 20वें एशियन गेम्स के लिए भारतीय स्क्वैश टीम का कोच नियुक्त किया गया है। वह भारतीय दल के कोचिंग स्टाफ में राजस्थान की एकमात्र सदस्य हैं। खेल मंत्रालय ने 768 सदस्यीय भारतीय दल को मंजूरी दी है, जिसमें 503 खिलाड़ी शामिल हैं। इनमें 269 पुरुष और 234 महिला खिलाड़ी हैं, जो 36 खेलों में हिस्सा लेंगे। दल में 246 कोच, सपोर्ट, मेडिकल स्टाफ और टीम अधिकारी हैं। स्क्वैश टीम में चार पुरुष और चार महिला खिलाड़ी शामिल हैं। सुरभि 2023 हांगझोऊ एशियन गेम्स में भी भारतीय टीम की कोच रही थीं, जहां भारत ने दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीते थे। सुरभि ने कहा कि भारतीय खिलाड़ियों के हालिया प्रदर्शन को देखते हुए इस बार स्क्वैश में भारत के पदकों में और इजाफा होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि एशियन गेम्स 2028 के लास एंजिल्स ओलंपिक की क्वालीफाइंग इवेंट भी है।



# 06 महत्त्वपूर्ण–दिवस

| दिन | कार्यक्रम का नाम | थीम/विवरण |
|---|---|---|
| 1 से 7 अगस्त | **विश्व स्तनपान सप्ताह 2026** | जीवन की सर्वोत्तम संभव शुरुआत हेतु स्तनपानः स्तनपान के महत्व का प्रचार |
| 2 अगस्त | **राष्ट्रीय सरसों दिवस** | (अगस्त के पहले शनिवार को मनाया जाता है) |
| 3 अगस्त | **16वाँ भारतीय अंगदान दिवस** | |
| 4 अगस्त | **अंतर्राष्ट्रीय क्लाउडेड लेपर्ड दिवस** | **IUCN स्टेटसः** संकटग्रस्त **(Vu)** । <br>• यह मेघालय का राजकीय पशु है। |
| 7 अगस्त | **राष्ट्रीय हथकरघा दिवस** | यह 1905 में शुरू हुए स्वदेशी आंदोलन की याद दिलाता है। |
| 9 अगस्त | इंडियन कॉस्ट अकाउंट्स सर्विस **(ICoAS) दिवस 2026** | **थीमः** 'आत्मनिर्भर भारत के लिए लागत अनुकूलन (cost optimization) में ICoAS अधिकारियों की भूमिका। <br>इंडियन कॉस्ट अकाउंट्स सर्विस (ICoAS)–वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग के तहत एक ग्रुप 'A' केंद्रीय सिविल सेवा। |
| 10 अगस्त | **विश्व शेर दिवस** | |
| 12 अगस्त | **विश्व हाथी दिवस** | राष्ट्रीय समारोह–विशाखापत्तनम |
| 12 अगस्त | **अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस** | 'विभिन्न संदर्भ, समान आकांक्षाएँ' |
| 14 अगस्त | **विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस** | |
| 20 अगस्त | **सद्भावना दिवस** | पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में। |
| 21 अगस्त | **विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस** | |
| 27 अगस्त | **राष्ट्रीय खेल दिवस** | |
| 23 अगस्त | **तीसरा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस (NSPD)** | **थीमः विकसित भारत की ओरः** नवाचार, सहयोग और वैश्विक अंतरिक्ष नेतृत्व की आकांक्षा <br>उद्घाटन कार्यक्रम **अहमदाबाद** में आयोजित किया गया। |
| 23–27 अगस्त | **विश्व जल सप्ताह 2026** <br>**स्थानः** स्टॉकहोम, स्वीडन में और ऑनलाइन मनाया गया। | **थीमः** '''"लोगों और प्रगति के लिए जल"'' <br>**आयोजकः** स्टॉकहोम इंटरनेशनल वाटर इंस्टीट्यूट (SIWI) <br>**भारत की प्रतिनिधिः** रोहिणी आर. भाजीभकरे (संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास मंत्रालय) |

# 07 महत्त्वपूर्ण–पुस्तकें

❑ ***ललित कला अकादमी के 72वें स्थापना दिवस पर दो प्रकाशन (पुस्तक/मोनोग्राफ) जारी किए गए:***

1. चित्रकार कनु देसाई
2. कलागुरु रविशंकर रावल

♦ **लेखकः** श्री कनैयालाल फकीरचंद पटेल (कनु पटेल)

❑ ***द ट्रायम्फ ऑफ द इंडियन रिपब्लिकः माई लाइफ, माई स्ट्रगल्स***

♦ यह रामनाथ कोविंद की आधिकारिक आत्मकथा है।

❑ ***बिलॉन्गिंगः ए जर्नी ऑफ लव***

♦ यह सोनिया गांधी के संस्मरण हैं।

❑ ***जनप्रिय नेता वेंकैया नायडूः उदयगिरि से उपराष्ट्रपति तक***

♦ यह पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू की हिंदी भाषा में जीवनी'' है।

❑ **कहो कालिदास**

♦ **लेखकः** श्री युगुल जोशी।

**समसामयिक घटनाएँ एवं मुद्दे (राजस्थान के विशेष संदर्भ में)**

- महत्वपूर्ण व्यक्तित्व, स्थान और प्रासंगिक समकालीन मुद्दे
- कल्याण और विकास से संबंधित नई योजनाएँ, कार्यक्रम और पहल
- प्रमुख आर्थिक और राजनीतिक घटनाक्रम
- खेल और क्रीड़ा से संबंधित महत्वपूर्ण घटनाएँ एवं उपलब्धियाँ
- प्रमुख पुरस्कार, प्रकाशन और प्रतिष्ठित लेखक
- राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय) अधिनियम, 2022

# राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय) अधिनियम, 2022

**The Rajasthan Public Examination (Measures for Prevention of Unfair Means in Recruitment) Act, 2022**

**"भारत गणराज्य के तिहत्तरवें वर्ष में राजस्थान राज्य विधान-मंडल निम्नलिखित अधिनियम बनाता है।"**

- **अधिनियम संख्या:** वर्ष 2022 की अधिनियम संख्या-06
- **राज्यपाल की अनुमति:** 05 अप्रैल, 2022
- **राजस्थान राजपत्र में अधिसूचित:** 06 अप्रैल, 2022
- **संपूर्ण राज्य में प्रवृत्त: 12 अप्रैल, 2022** (राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना जारी)
- **विधिक संरचना:** इस अधिनियम में कुल **20 धाराएं** एवं **02 अनुसूचियां** शामिल है।

❖ **धारा-1: संक्षिप्त नाम, प्रसार और प्रारंभ-**

- **नाम:** राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय) अधिनियम, 2022
- **प्रसार:** संपूर्ण राजस्थान। ऐसी तारीख से प्रवृत्त होगा जो राज्य सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, नियत करे।

❖ **धारा-2: महत्वपूर्ण परिभाषाएं-**

a) **'सार्वजनिक परीक्षा का संचालन'** वाक्यांश के अंतर्गत प्रश्नपत्रों, उत्तर पत्रकों, OMR शीट और परिणाम पत्रकों की निम्नलिखित प्रक्रियाएं सम्मिलित- तैयारी, मुद्रण, पर्यवेक्षण, कोडिंग प्रक्रिया, भंडारण, परिवहन, वितरण और संग्रहण, मूल्यांकन तथा परिणाम की घोषणा इत्यादि।

b) **परीक्षा प्राधिकारी: अनुसूची-1** में विनिर्दिष्ट **'परीक्षा प्राधिकारी'** सम्मिलित है।

e) **सार्वजनिक परीक्षा: अनुसूची-2** में विनिर्दिष्ट **'सार्वजनिक परीक्षा'** सम्मिलित है।

| क्र.सं. | अनुसूची-1 : धारा 2(b) (परीक्षा प्राधिकारी) | अनुसूची-2 : धारा 2(e) (सार्वजनिक परीक्षा) |
|---|---|---|
| 1. | राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) | राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा संचालित कोई परीक्षा। |
| 2. | राजस्थान उच्च न्यायालय। | राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा संचालित कोई परीक्षा। |
| 3. | राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (RSSB) | राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा संचालित कोई परीक्षा। |
| 4. | राज्य सरकार द्वारा नियुक्त या गठित कोई अन्य प्राधिकारी या अभिकरण या भर्ती समिति। | राज्य सरकार द्वारा नियुक्त या गठित किसी अन्य प्राधिकारी या अभिकरण या भर्ती समिति द्वारा संचालित कोई परीक्षा। |
| 5. | राज्य द्वारा वित्तपोषित विश्वविद्यालय। | राज्य द्वारा वित्तपोषित विश्वविद्यालयों द्वारा संचालित कोई भर्ती परीक्षा। |
| 6. | राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड। | राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित कोई भर्ती परीक्षा। |
| 7. | राजस्थान पुलिस भर्ती और पदोन्नति बोर्ड, जयपुर | राजस्थान पुलिस भर्ती और पदोन्नति बोर्ड, जयपुर द्वारा संचालित कोई परीक्षा। |
| 8. | राज्य सरकार के स्वामित्वाधीन पब्लिक सेक्टर उपक्रम। | राज्य सरकार के स्वामित्वाधीन पब्लिक सेक्टर उपक्रम द्वारा संचालित कोई परीक्षा। |
| 9. | कोई सोसाइटी, निगम, स्थानीय निकाय और राज्य सरकार के पूर्णतः या भागतः स्वामित्वाधीन समस्त पब्लिक सेक्टर उपक्रम। | किन्हीं सोसाइटियों, निगमों, स्थानीय निकायों और राज्य सरकार के पूर्णतः या भागतः स्वामित्वाधीन समस्त पब्लिक सेक्टर उपक्रमों द्वारा संचालित कोई अन्य परीक्षा। |
| 10. | राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित कोई अन्य प्राधिकारी। | राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित या राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किसी अभिकरण द्वारा संचालित कोई अन्य परीक्षा। |

**(c) परीक्षा केंद्र:** सार्वजनिक परीक्षा आयोजित कराने के लिए नियत संस्था और उसका संपूर्ण परिसर सम्मिलित है।

**(d) परीक्षार्थी:** 'ऐसा व्यक्ति' जिसे सार्वजनिक परीक्षा में उपस्थित होने के लिए संबंधित प्राधिकारी द्वारा अनुमति प्रदान की गई है। इसमें अधिकृत श्रुतलेखक (**authorized scribe**) भी सम्मिलित है।

**(e) सार्वजनिक परीक्षा:** स्वायत्त निकायों, प्राधिकारियों, बोर्डों या निगमों सहित 'राज्य सरकार के अधीन किसी पद' पर भर्ती के प्रयोजन के लिए अनुसूची-2 में यथा विनिर्दिष्ट परीक्षा।

**(f) अनुचित साधन:**'अनुचित साधन' की परिभाषा एवं उससे संबंधित प्रावधान निम्नांकित सारणी में समझाए गए है।

✓ **स्पष्टीकरण- किसी व्यक्ति में परीक्षार्थी भी सम्मिलित.........**

**(g)** इसमें प्रयुक्त किये गये और परिभाषित नहीं किये गये किन्तु भारतीय दण्ड संहिता, 1860 (1860 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 45) में परिभाषित किये गये शब्दों और अभिव्यक्तियों के वही अर्थ होंगे जो उन्हें क्रमशः उस संहिता में समनुदेशित किये गये है।"

| **धारा 2f (i): 'परीक्षार्थी' के संबंध में अनुचित साधन** | **धारा 2f (ii): 'किसी व्यक्ति' के संबंध में अनुचित साधन** |
|---|---|
| • सार्वजनिक परीक्षा में 'किसी व्यक्ति' या 'समूह' से लिखित या रिकॉर्ड की हुई या प्रतिलिपि या मुद्रित सामग्री के माध्यम से सहायता लेना।<br>**अथवा**<br>• अप्राधिकृत इलेक्ट्रॉनिक या यांत्रिक उपकरण उपयोग करना। | • प्रश्न पत्र को लीक करना या लीक करने का प्रयास करना। प्रश्नपत्र को अप्राधिकृत रीति से उपाप्त (Procure) करना या उपाप्त करने का प्रयास करना।<br>• अप्राधिकृत रीति से प्रश्नपत्र हल करना या इसका प्रयास करना या हल करने में सहायता मांगना।<br>• परीक्षार्थी की अप्राधिकृत रीति से प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष सहायता करना।<br>**नोट:- 'किसी व्यक्ति' में 'परीक्षार्थी' भी शामिल है।** |
| **धारा 2f (i) के अधीन दोषसिद्ध होने पर दंड -** | **धारा 2f (ii) के अधीन दोषसिद्ध होने पर दंड -** |
| ❖ **धारा 10 (1) के अनुसार 'परीक्षार्थी'**<br>▪ कारावास: **03 वर्ष तक।**<br>▪ जुर्माना: **न्यूनतम एक लाख रुपये।**<br>▪ जुर्माना नहीं भरने पर: **9 माह तक का कारावास।** | ❖ **धारा 10 (2) के अनुसार 'कोई व्यक्ति'**<br>▪ कारावास- Min = 10 वर्ष तक।<br>Max.= आजीवन तक।<br>▪ जुर्माना: Min = 10 लाख तक।<br>Max.= ₹ 10 करोड़ ₹ तक।<br>▪ जुर्माना नहीं भरने पर: **2 वर्ष तक का कारावास।** |
| ❖ **धारा-11: 2 वर्ष तक की अवधि के लिए सार्वजनिक परीक्षा देने से** विवर्जित (debar) **किया जाएगा।** | ❖ **धारा 12:** इस अधिनियम के अधीन किए अपराध से हासिल संपत्ति (चल/अचल) की कुर्की और अधिहरण किया जा सकेगा।<br>❖ **धारा 13:** अपराध का दोषी पाए जाने पर परीक्षा से संबंधित समस्त लागत और व्यय का भुगतान संबंधित व्यक्ति या संस्था या प्रबंध तंत्र द्वारा ही किया जाएगा। |

Springboard

❖ <u>धारा-3:</u> **अनुचित साधनों के उपयोग का प्रतिबंध –**

- कोई भी व्यक्ति किसी भी सार्वजनिक परीक्षा में 'अनुचित साधनों' का प्रयोग नहीं करेगा।

❖ <u>धारा-4:</u> **प्रश्न पत्र का कब्जा और प्रकटीकरण –**

- सार्वजनिक परीक्षा के संचालन के लिए प्रश्नपत्रों को खोलने तथा वितरण करने के लिए 'प्राधिकृत कोई व्यक्ति' नियत समय से पूर्व निम्नलिखित नहीं करेगा–

  **(a)** प्रश्नपत्र या उसके किसी भाग को प्रकट करना (Leak) या उपात्त (Procure) करना या कब्जे में लेना या हल करना या कॉपी करना या उक्त के लिए प्रयास करना।

  **(b)** किसी व्यक्ति या परीक्षार्थी को प्रश्नपत्र से संबंधित गोपनीय सूचना देना।

❖ <u>धारा-5:</u> **परीक्षा कार्य से न्यस्त या उसमें लगे हुए व्यक्ति द्वारा प्रकटन की रोकथाम–**

- सार्वजनिक परीक्षा से संबंधित कार्यों में लगा हुआ कोई भी व्यक्ति गोपनीय जानकारी अन्य व्यक्ति को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रकट नहीं करेगा।

❖ <u>धारा-6:</u> **प्रश्नपत्र या आंसर शीट या OMR शीट का किसी भी रूप में अप्राधिकृत कब्जा या प्रकटीकरण–**

- ऐसा कोई भी व्यक्ति, जो सार्वजनिक परीक्षा के संबंध में विधिपूर्वक प्राधिकृत नहीं है ,या अनुज्ञा (Permitted) प्राप्त नहीं है, तो वह प्रश्नपत्रों के वितरण के लिए नियत समय से पूर्व–

  (a) पेपर या आंसर शीट या OMR शीट को उपात्त (Procure) या कब्जे में नहीं लेगा अथवा ऐसा प्रयास नहीं करेगा।

  (b) प्रश्नपत्र के संबद्ध या प्राप्त या संबंधित होने के बारे में जानकारी होने की न तो सूचना देगा न सूचना देने का प्रस्ताव देगा।

❖ <u>धारा-7:</u> **परीक्षा केंद्र में प्रवेश का निषेध–**

- कोई भी व्यक्ति जो 'सार्वजनिक परीक्षा कार्य में न्यस्त नहीं है' या 'सार्वजनिक परीक्षा संचालन' में लगा हुआ नहीं अथवा परीक्षार्थी नहीं है तो वह परीक्षा केन्द्र के परिसर में प्रवेश नहीं करेगा।

❖ <u>धारा-8:</u> **'परीक्षा केंद्र' से भिन्न कोई स्थान सार्वजनिक परीक्षा के लिए उपयोग में नहीं लिया जाएगा।**

❖ <u>धारा-9:</u> **प्रबंधतंत्र, संस्था या अन्य द्वारा अपराध–**

**(1)** प्रत्येक व्यक्ति जो अपराध कारित किये जाने के समय, प्रबंधतंत्र या संस्था या सीमित दायित्व भागीदारी या अन्य के कारबार का प्रभारी था, या प्रबंधतंत्र या संस्था या सीमित दायित्व भागीदारी या अन्य के कारबार के संचालन के लिए प्रबंधतंत्र या संस्था या सीमित दायित्व भागीदारी या अन्य के प्रति उत्तरदायी था, साथ ही साथ प्रबंधतंत्र या संस्था या सीमित दायित्व भागीदारी या अन्य भी अपराध के दोषी समझे जायेंगे और स्वयं के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने के दायी होंगे और तदनुसार दण्डित किये जायेंगे- परन्तु कोई भी बात ऐसे व्यक्ति को इस अधिनियम में किसी **<u>दण्ड के लिए दायी नहीं बनायेगी</u>**

- यदि वह यह साबित कर देता है, कि अपराध उसकी जानकारी के बिना कारित किया गया था।
- अपराध को कारित होने से रोकने के लिए सम्यक् तत्परता बरती थी।

**(2) उप-धारा (1) में अंतर्विष्ट यह साबित हो जाता है,** कि अपराध प्रबंधतंत्र या संस्था या सीमित दायित्व भागीदारी या अन्य के किसी निदेशक, भागीदार, प्रबंधक, सचिव या अन्य अधिकारी की सहमति या मौनानुकूलता या उनकी किसी उपेक्षा के फलस्वरूप कारित किया गया है, तो ऐसा निदेशक, भागीदार, प्रबंधक, सचिव या अन्य अधिकारी अपराध के दोषी समझे जायेंगे और स्वयं के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने के दायी होंगे और तदनुसार दण्डित किये जायेंगे।

❖ **<u>धारा-10:</u> शास्तियाँ-**

**(1) 'परीक्षार्थी' - यदि अधि. की धारा 2f (i) के अधीन अनुचित साधनों में लिप्त पाया जाता है तो-**

- कारावास: 03 वर्ष तक।
- जुर्माना: न्यूनतम एक लाख रु. (अधिक भी हो सकता है।)
- जुर्माना संदाय करने में व्यतिक्रम करने पर कारावास: 09 माह तक।

**(2) 'परीक्षार्थी को शामिल करते हुए कोई भी व्यक्ति' - धारा 2f (ii) के अधीन अनुचित साधनों में लिप्त है, या लिप्त होने का प्रयत्न करता है, या इस अधिनियम के अधीन अन्य उपबंधों का उल्लंघन करता है तो-**

- **[<u>कारावास</u>]– न्यूनतम 10 वर्ष की अवधि जो आजीवन कारावास तक हो सकेगी।**
- जुर्माना– न्यूनतम **10 लाख रुपये** से अधिकतम **10 करोड़ रुपये** तक।
- जुर्माना संदाय करने में व्यतिक्रम करने पर कारावास– 2 वर्ष तक की अवधि।
- **परन्तु न्यायालय पर्याप्त या विशेष कारणों से [दस वर्ष] से कम अवधि के कारावास से भी दंडित कर सकेगा।**

**नोट:- राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय) संशोधन अधिनियम, 2023 के माध्यम से दिनांक 8 अगस्त, 2023 से तुरंत प्रभाव से लागू किए गए। उससे पूर्व प्रावधान निम्नांकित थे–**

**<u>2022 के राजस्थान अधिनियम सं. 6 की धारा 10 का संशोधन.-</u>** राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय) अधिनियम, 2022 (2022 का अधिनियम सं. 6) की धारा 10 की उप-धारा (2) में,-

(i) विद्यमान अभिव्यक्ति "जिसकी अवधि पांच वर्ष से कम की नहीं होगी किन्तु जो दस वर्ष के कारावास तक की हो सकेगी", के स्थान पर अभिव्यक्ति "<u>जिसकी अवधि दस वर्ष से कम की नहीं होगी किन्तु जो आजीवन कारावास तक की हो सकेगी</u>", प्रतिस्थापित की जायेगी; और

(ii) परंतुक में, विद्यमान अभिव्यक्ति "पांच वर्ष" के स्थान पर अभिव्यक्ति "<u>दस वर्ष</u>" प्रतिस्थापित की जायेगी।

❖ **<u>धारा-11:</u> दोषसिद्धि पर विवर्जन:** परीक्षार्थी के **दोष सिद्ध पाए जाने पर 02 वर्ष की कालावधि के लिए सार्वजनिक परीक्षा देने से विवर्जित (<u>debar</u>)** किया जाएगा।

❖ **<u>धारा-12:</u> संपत्ति की कुर्की और अधिहरण -**

**(1)** कोई भी व्यक्ति अधिनियम के अधीन अपराधों से प्राप्त आगम (चल/अचल संपत्ति) नहीं रखेगा।

**(2)** अन्वेषण करने वाले अधिकारी को विश्वास हो जाए तो राज्य सरकार से लिखित पूर्वानुमोदन से ऐसी चल/अचल संपत्ति के अभिग्रहण (Seizing) या कुर्की का आदेश कर सकेगा। जहां ऐसी संपत्ति का अभिग्रहण करना व्यवहार्य न हो, वहां ऐसी संपत्ति की कुर्की का आदेश यह निर्देश देते हुए करेगा कि अभिहित न्यायालय या, यथास्थिति, ऐसा आदेश करने वाले अधिकारी की पूर्व अनुज्ञा के बिना, ऐसी संपत्ति को अंतरित नहीं किया जायेगा या उसके संबंध में अन्यथा कोई कार्यवाही नहीं की जायेगी और ऐसे आदेश की एक प्रति संबंधित व्यक्ति पर तामील की जायेगी।

**(3)** अन्वेषण अधिकारी अभिग्रहण या कुर्की के **<u>48 घंटों के भीतर अभिहित न्यायालय</u>** को सूचना देगा।

**(4)** अभिहित न्यायालय ऐसे आदेश को पुष्ट (Confirm) या प्रतिसंहरण (Revoke) कर सकेगा। (परन्तु न्यायालय इससे पूर्व उस व्यक्ति को जिसकी संपत्ति कुर्क की जा रही है, तो अभ्यावेदन (Representation) का अवसर ज़रूर देगा।

**(5)** यदि अभियुक्त दोष सिद्ध ठहरा दिया जाए तो अभिहित न्यायालय ऐसी संपत्ति को (चल/अचल) राज्य सरकार में अधिहृत (Confiscated) करने का आदेश दे सकेगा।

✓ **स्पष्टीकरण–** 'इस अधिनियम के अधीन किसी अपराध के आगम' में समस्त ऐसी संपत्तियां सम्मिलित है, जो इस अधिनियम के अधीन अपराध से व्युत्पन्न हुई हो, नकदी भी इसमें शामिल है, चाहे किसी भी अन्य व्यक्ति के नाम या कब्जे में भी क्यों न हो।

❖ **<u>धारा-13:</u> समस्त लागत और व्यय का संदाय करने का प्रबंधतंत्र इत्यादि का दायित्व-**

- प्रबंधतंत्र या संस्था या सीमित दायित्व भागीदारी या अन्य व्यक्ति अधिनियम की **<u>धारा 10(2) के अधीन</u>** दोषी पाया जाता है, तो **<u>परीक्षा की समस्त लागत और व्यय भुगतान करने का दायी होगा</u>** तथा सदैव के लिए प्रतिबंधित किया जाएगा।

❖ **<u>धारा-14:</u>** अधिनियम में विनिर्दिष्ट समस्त अपराध **<u>संज्ञेय, अजमानतीय तथा अशमनीय</u>** होंगे।

❖ **<u>धारा-15:</u>** ऐसे अपराधों का अन्वेषण **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक** से नीचे की रैंक का अधिकारी नहीं करेगा।

❖ **<u>धारा-16:</u> अभिहित न्यायालयों द्वारा विचारणीय मामले -**

- दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 2) या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, इस अधिनियम के अधीन विनिर्दिष्ट अपराधों का विचारण, इस अधिनियम के अधीन अभिहित न्यायालयों द्वारा ही किया जायेगा।

❖ **<u>धारा-17:</u> अभिहित न्यायालयों को नियुक्त करने की शक्ति –**

- राज्य सरकार, राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति के परामर्श से, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, उतने सेशन न्यायालय अभिहित कर सकेगी, जितने वह इस अधिनियम के अधीन दंडनीय अपराधों के विचारण के लिए आवश्यक समझे।

❖ **<u>धारा-18:</u> अधिनियम का किसी भी अन्य विधि के अल्पीकरण में न होना –**

- तत्समय प्रवृत्त किसी भी अन्य विधि के उपबंधों के अतिरिक्त होंगे न कि उसके अल्पीकरण में।

❖ **<u>धारा-19:</u> कठिनाइयों का निराकरण करने की शक्ति -**

**(1)** यदि अधिनियम को प्रभावी करने में कोई कठिनाई उत्पन्न हो तो राज्य सरकार, राजपत्र में आदेश प्रकाशित कर कठिनाइयों का निराकरण कर सकेगी। परन्तु ऐसा आदेश अधिनियम के प्रारंभ (12.4.2022) से दो वर्ष की समाप्ति के पश्चात् नहीं किया जाएगा।

**(2)** ऐसा आदेश यथाशीघ्र राज्य विधानमंडल के समक्ष रखा जाएगा।

❖ **<u>धारा-20:</u> नियम बनाने की शक्ति –**

(1) राज्य सरकार इस अधिनियम के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए नियम बना सकेगी।

(2) इस धारा के अधीन बनाये गये समस्त नियम, उनके इस प्रकार बनाये जाने के पश्चात्, यथाशक्य शीघ्र, राज्य विधान-मण्डल के सदन के समक्ष, जब वह सत्र में हो, **14 <u>दिवस से अन्यून की कालावधि के लिए,</u>** जो एक सत्र में या दो उत्तरोत्तर सत्रों में समाविष्ट हो सकेगी, रखे जायेंगे और यदि, उन सत्रों की, जिनमें वे इस प्रकार रखे जाते है।

---